वर्ष 69 अंक 297 पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 25 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> प्रेम वह है जब चाहा जाने (पसंद किए जाने) की चाहत आप पर इस कदर हावी हो जाती है कि आपको लगता है कि आप इससे मर भी सकते हैं।
> – हेनरी डी टूलूज-लॉट्रेक

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति कार्यालय से मिली जानकारी में बताया गया है कि पीएम की सलाह पर मंत्री परिषद से रवनीत सिंह का इस्तीफा स्वीकार किया गया है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि वह पंजाब के विधानसभा चुनाव में उतर सकते हैं। पार्टी उन्हें इलेक्शन में अहम भूमिका दे सकती है। इसके अलावा वह खुद भी किसी अहम सीट से उतर सकते हैं। लंबे समय से इसकी चर्चा थी कि रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्रीय मंत्री की जिम्मेदारी से हटाकर पंजाब भेजने पर विचार चल रहा है।

### छात्र आंदोलन में विदेशी फंडिंग का दावा गलत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन ने देश-दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। लोगों के कई तरीके के दावे किए जा रहे थे कि छात्रों के रूप में बैठे इन प्रदर्शनकारियों को विदेशों से भी फंडिंग आ रही है। इस मामले में मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जंतर-मंतर पर जारी प्रोटेस्ट में किसी विदेशी फंडिंग की जानकारी सामने नहीं आई है। साथ ही उनसे इस प्रोटेस्ट को लेकर पाकिस्तानी हैंडल्स की तरफ से फैलाई जा रही मिस इन्फॉर्मेशन को लेकर जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने इसके बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मेरे पास अभी इस मामले में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है कि पाकिस्तान की तरफ से किस तरीके का कंटेंट आ रहा है। एजेंसियां इस पर नजर रखे हुए हैं।'


## नीट पेपरलीक: गतिरोध खत्म करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ी मोदी सरकार

# सीजेपी का दावा -सरकार ने दो मांगें मानीं धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर फैसला आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद से सड़क तक की गति को अवरुद्ध करने वाली जो मांग प्रचंडता के साथ गूंज रही है वह है धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को भी इस मसले पर चुप्पी साधे रखी। हालांकि गुरुवार की तुलना में अपने रुख में नरमी दिखाते हुए केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने न सिर्फ कॉकरोच जनता पाटी (सीजेपी) के प्रवक्ताओं-सौरभ दास और आशुतोष रांका से बात की बल्कि उनकी मांग के अनुसार न्यूट्रल जगह, कांस्टिट्यूशन क्लब में, बात की।

सीजेपी के दावे के अनुसार सरकार ने नीट पेपरलीक के कारण आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजनों को मुआवजा देने तथा 20 जुलाई के आंदोलन में भाग लेने वाले कुछ प्रदर्शनकारियों पर दर्ज मामले खत्म करने संबंधी मांगें मान ली हैं। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर जवाब देने के लिए सरकार ने शनिवार तक का समय मांगा है। जबकि बैठक से निकलते समय जेपी नड्डा ने सिर्फ इतना कहा कि 'हम लोग आंदोलनकारियों के विषयों पर चर्चा करने के लिए यहां आए थे, उनकी बातें हमने सुनीं। उनकी तीन मांगे थीं, हमने उनसे कहा है कि कल (शनिवार) दोपहर बाद फिर आपसे मिलेंगे और चर्चा करेंगे।' दूसरी तरफ, संसद के मानसून सत्र के पांचवें दिन भी पेपर लीक का मुद्दा दोनों सदनों पर हावी रहा। सरकार चर्चा और कड़े कानून की बात करती रही, जबकि विपक्ष शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और प्रधानमंत्री के बयान की मांग पर कायम रहा। सदन के भीतर बहस शुरू होने से पहले ही हंगामा इतना बढ़ गया कि दोनों सदनों में चर्चा नहीं हो सकी।

**नीट पेपर लीक: देश भर ...: पेज-11 पर**



**केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कॉस्टिट्यूशन क्लब में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।**

### एनटीए के 47 अफसरों को बर्खास्त व 16 प्रोफेशनल्स को नियुक्त करने की खबर

इधर एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिए जाने की खबर दी है। बर्खास्त अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा। एक दिन पहले सरकार ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के दो सचिवों को बदला था। अधिकारियों के अनुसार, आउटसोर्सिंग व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा और संस्था में तकनीकी सुधार लागू किए जाएंगे ताकि परीक्षाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जा सके। इसके अलावा ऐसा टेस्टिंग सिस्टम तैयार किया जा सके, जिसमें पेपर लीक की गुंजाइश न हो। एनटीए ने भर्ती के लिए यूपीएससी के जरिए विज्ञापन भी जारी किया है। यूपीएससी के प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए नए लोगों को भर्ती किया जाएगा। एनटीए ने 4 वरिष्ठ पेशेवर (जनरल मैनेजर) पदों के लिए सीधा विज्ञापन जारी किया है। प्रतिभा सेतु पोर्टल के माध्यम से 16 यंग प्रोफेशनल्स नियुक्त किए जाएंगे। पेपर लीक मामले में एनटीए की तरफ से अधिकारियों को हटाने की यह कार्रवाई पीएम मोदी के वीडियो मैसेज के 20 घंटे के अंदर की गई। दरअसल पीएम ने गुरुवार की रात 12 बजे के आसपास ढाई मिनट का वीडियो संदेश जारी किया था।

### पेपरलीक संशोधन बिल को कैबिनेट की मंजूरी

इस बीच कुछ न्यूज वेबसाइटों ने सूत्रों के हवाले से खबर चलाई कि मोदी कैबिनेट ने पेपर लीक संशोधन बिल को मंजूरी दे दी है। इस बिल में पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ 10 वर्ष की सजा और 10 करोड़ के जुर्माने का प्रावधान होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि यह बिल अब सोमवार को ही संसद में पेश किया जाएगा।

लेकिन जब केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने आए तब उन्होंने पेपर लीक संशोधन बिल पर कोई जवाब नहीं दिया। वैष्णव ने मीडिया के सवालों पर हर बार केवल एक शब्द कहा- नेक्स्ट। हालांकि, उन्होंने मजाक में एक रिपोर्टर से कहा- आज कोई पेपर लीक नहीं हो रहा।

## सरकार के हर कदम की निगरानी करेंगे: सुको

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को नीट परीक्षा में पेपर लीक मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह पेपर लीक रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर बारीकी से नजर रखेगा। कोर्ट ने साफ कहा कि सालों से अस्थायी व्यवस्थाओं के सहारे काम करने से दिक्कतें पैदा हुई हैं। अब परीक्षा की पक्की और व्यवस्थित प्रक्रिया बनाई जाए। नीट-यूजी री-टेस्ट के पेपर पहुंचाने में एयरफोर्स की मदद ली गई थी, लेकिन ऐसे कदम अस्थायी हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच शुक्रवार को इस मामले से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें 'फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) की याचिका भी शामिल है। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि सरकार यह बताए कि परीक्षा में पारदर्शिता लाने, राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें लागू करने और आईआईटी मॉडल अपनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकार जल्द विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करेगी। छात्रों का भविष्य खतरे में नहीं डाला जा सकता। हम राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों से आगे बढ़कर काम कर रहे हैं। सरकार उम्मीद से कहीं ज्यादा प्रयास कर रही है।

**नीट के लिए अब पक्की प्रक्रिया बनाएं, एयरफोर्स की तैनाती स्थायी इलाज नहीं**

### मीडिया रिपोर्टिंग पर सीजेआई नाराज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को उन मीडिया रिपोर्टों को 'लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग' बताया, जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस ज्यादती से जुड़े मामले की सुनवाई से इनकार कर दिया था। सीजेआई ने साफ किया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में कोई रिट याचिका दाखिल ही नहीं हुई थी। सीजेआई ने यह टिप्पणी खुली अदालत में की, जब सीनियर एडवोकेट शोएब आलम ने एक अन्य मामले की लिस्टिंग का जिक्र किया।

## मणिपुर हिंसा पर कोर्ट सख्त

### आदेश: नई स्टेटस रिपोर्ट फाइल करो

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मणिपुर हिंसा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अब तक की गईं सभी जांचों की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही आपराधिक मामलों की रोज सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने 2023 में मणिपुर में हुई जातीय हिंसा से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रतिदिन सुनवाई के लिए विशेष अदालतें गठित करने का शुक्रवार को सुझाव दिया। साथ ही, उसने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को चार्जशीट की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। सीजेआई के नेतृत्व वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान इस तथ्य का संज्ञान लिया कि कई पीड़ितों और उनके परिजनों को सीबीआई और राज्य के एसआईटी द्वारा दाखिल आरोप पत्रों की प्रतियां अब तक नहीं मिली हैं।



### भोजशाला विवाद, फिर सुको पहुंचा मुस्लिम पक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भोजशाला मामले को लेकर चले आ रहे विवाद के बीच मुस्लिम समुदाय एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश सरकार धार में विवादित भोजशाला परिसर के पास जुमे की नमाज अदा करने के लिए कोई आस-पास की जगह उपलब्ध कराने में नाकाम रही है। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि वैकल्पिक नमाज स्थल कोर्ट के पहले के निर्देशों के मुताबिक आवंटित नहीं किया जा रहा है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मुस्लिम पक्ष ने कहा कि नमाज के लिए आस-पास कोई जगह नहीं दी गई है और पहले ही दो शुक्रवार की नमाज छूट चुकी है।




# कैग की रिपोर्ट: प्रदेश में बढ़े मानसिक रोगी, विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ नहीं

## 90 फीसदी मरीजों को नहीं मिल पाता उपचार, बजट की 89 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसिक रोगियों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य महकमा गंभीर नहीं है। आलम यह है कि चिकित्सकों की कमी की वजह से 90 फीसदी रोगियों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में मरीजों को अपने उपचार के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कैग की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय औसत की तुलना में मध्यप्रदेश में तकरीबन 10.70 प्रतिशत ज्यादा मनोरोगी हैं। विधानसभा के पटल पर रखी गई कैग की रिपोर्ट ने मनोरोगियों के उपचार को लेकर चौकाने वाला खुलासा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) 2015-16 के अनुसार राज्य की लगभग 1.01 करोड़ (13.90 प्रतिशत) आबादी मानसिक बीमारियों से प्रभावित थी, जो राष्ट्रीय औसत से 10.70 प्रतिशत अधिक थी। जिस पर केन्द्र और राज्य स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य नीति तैयार करने को कहा गया। इसके उपरांत प्रदेश में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण (एसएमएचए) का वर्ष 2020 में गठन किया गया। इसके लिए प्रदेश के वित्त विभाग ने जनवरी 2021 को राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण कोष बनाया एवं वर्ष 2023-24 के दौरान इसके लिए 2.40 करोड़ का बजट भी जारी कर दिया। हैरानी वाली बात यह सामने आई है कि वर्ष 2023-24 के दौरान जारी हुए बजट में से 46 से 89 प्रतिशत राशि का उपयोग ही नहीं किया गया। बजट खर्च करने की स्थिति इससे पहले के वर्षों में ऐसी ही रही। 2020-21 एवं 2021-22 के दौरान इस मद में जारी की गई राशि में से कोई व्यय ही नहीं किया गया, जबकि वर्ष 2022-23 में भी कोष का मानसिक रोगियों के बेहतर उपचार के लिए खर्च में पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया।



### राज्य में प्रति लाख आबादी पर केवल 0.05 मनोचिकित्सक

कैग ने 2021-22 से 2023-24 की अवधि के आधार पर अपनी रिपोर्ट पेश की है, जिसमें कहा गया है कि मानसिक रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय(डीएमई), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के अभिलेखों का परीक्षण किया गया। इसमें मानसिक रोगियों के उपचार तो लेकर कोई ठोस और बेहतर परिणाम सामने नहीं आए हैं। बताया गया है कि मानसिक रोगियों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी काफी कमी है। राज्य में प्रति लाख आबादी पर केवल 0.05 मनोचिकित्सक थे, जो प्रति लाख एक मनोचिकित्सक की न्यूनतम आवश्यकता से बहुत कम है।

### नहीं होती स्वास्थ्य समीक्षा

कैग की रिपोर्ट में मानसिक देखभाल अधिनियम 2017 (एमएचएक्ट) के अनुसार राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के जरिए मानसिक रोगियों की उपचार से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए जिलों में एमएचआरबी का गठन किया जाए, लेकिन चार वर्षों में पीड़ितों की शिकायतों का निवारण भी नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि शासन ने इस बात को स्वीकार भी किया है कि जिलों में एमएमआरबी का गठन समय पर नहीं हो सका है, अलबत्ता गठन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### बजट मिला, लेकिन नहीं कराए गए सेमिनार

रिपोर्ट में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता को लेकर सेमिनार के आयोजन के निर्देश प्रदेश के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व सिविल सर्जनों दिए गए। इसमें मेंटल हेल्थ एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए स्कूल, कॉलेजों, जेलों, पुलिस विभाग, वृद्धाश्रमों आदि में सेवा करने वाले कर्मियों एवं व्यक्तियों को लक्षित करने की दिशा में कदम उठाए जाने का लक्ष्य रखा गया था और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को बजट का आवंटन भी किया गया, लेकिन परीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जिलों में या तो मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सेमिनारों का आयोजन नहीं किया गया।

**एनएचएम की रिपोर्ट भी डरावनी:** इसी तरह अगर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की रिपोर्ट पर नजर डाली जाए, तो मध्यप्रदेश की 13.9 फीसदी आबादी मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं। यह संख्या करीब 1 करोड़ 12 लाख लोगों की बताई गई है। इनमें से 12 लाख लोग सिजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि लगभग 1 करोड़ लोग डिप्रेशन, तनाव और नींद न आने जैसी समस्याओं से परेशान हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर शाह से मिलीं सांसद



**विसं, भोपाल।** राज्यसभा सांसद माया नरोलिया ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात कर उनसे मध्यप्रदेश के पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी इस संदर्भ में पत्र लिखा है। सांसद ने गृहमंत्री को मुलाकात के दौरान भारत पेंशनर्स समाज की नर्मदापुरम शाखा द्वारा उन्हें दिए गए पत्रों के बारे में जानकारी दी और उनसे राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6)विलोपित करने,आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्या,वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में राहत,केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता,30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक वेतनवृद्धि का लाभ देने सहित पेंशनर्स की अन्य समस्याओं का निराकरण कराने का आग्रह किया। सांसद नरोलिया ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को भी इसी संदर्भ में पत्र लिखा हैं।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां समय पर पूरी करें: आयुक्त



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** लाल परेड मैदान पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर लें। इस काम में किसी भी तरह की ढलाई नहीं की जाए। बुनियादीं सुविधाओं का प्रबंध आयोजन से पहले ही करा लिया जाए। यह निर्देश संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा शुक्रवार को अधिकारियों को दिए। इस दौरान संभाग आयुक्त ने ग्राउंड का निरीक्षण किया और राच्य स्तरीय कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, ग्राउंड व्यवस्था, टेंट व लाइटिंग, सौन्दर्यीकरण, स्कूली बच्चों को लाने- लेजाने, बिठाने और उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था करने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ सेनानी 7वीं वाहिनी के हितेश चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### चुनाव लड़ चुके नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दतिया उपचुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे पास आती जा रही है, वहां के राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में दतिया जिले के उन नेताओं ने भाजपा का दामन थामा है, जो पिछले विधानसभा चुनावों सहित दूसरे चुनाव में बतौर प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा ने रणनीति के तहत उन नेताओं को दल में शामिल करना शुरू कर दिया है, जो जनाधार वाले हैं। शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष सेवड़ा से बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके लाखन सिंह यादव ने पार्टी की सदस्यता को स्वीकार कर लिया। खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान, समर्पण और संगठन की भावना पर भाजपा काम करती है। प्रत्येक कार्यकर्ता को क्षमता और योगदान के अनुरूप सम्मान एवं अवसर मिलता है। विभिन्न दलों से लोगों का भाजपा से जुड़ना इसका प्रमाण है कि जनता का विश्वास भाजपा की विकासवादी राजनीति पर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर भाजपा की नीतियों,सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यो को जनता तक पहुंचाएं।

# छात्राओं से अभद्रता ने खोल दी महिला वंदन की पोल: कांग्रेस

## ओझा बोलीं- मणिपुर, रमन्ना, पहलवानों के शोषण की दिलाई याद



**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** नीट की गड़बड़ी को लेकर जंतर-मंतर में प्रदर्शन के दौरान महिलाओं व छात्राओं से हुए दुर्व्यवहार पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा ने प्रदर्शनकारी छात्राओं से दुर्व्यवहार ने पूरे देश को शर्मसार किया है। कील लगे डंडों से छात्राओं पर हमले और बेरहमी से की गई मारपीट के दौरान छेड़छाड़, अभद्र हरकतें करने में भी कथित पुलिस कर्मी पीछे नहीं रहे। वहां के मंजर ने उन्नाव-हाथरस जैसे यौन शोषण की वीभत्सता याद दिला दी।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ओझा ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा में प्रदर्शन के चित्र और वीडियो दिखाकर यह सवाल उठाए। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं से बेहूदगी करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल सेवा से बर्खास्त कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। ओझा ने आरोप लगाया कि लाठीचार्ज से बड़ी संख्या में छात्राएं घायल हुई हैं तो अश्लील हरकतों से छात्राओं को मानसिक सदमा लगा है। पुलिस कर्मियों की अभद्रता के वीडियो पूरा देश देख रहा है। इन वीडियो में साफ दिख रहा है कि लाठीचार्ज करने आए पुलिस कर्मी नेम प्लेट हटाकर आए थे। पुलिस कर्मियों की ये हरकतें महिला सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। इसकी तत्काल निष्पक्ष और समबबद्ध जांच होना चाहिए।

### सरकार के महिलाओं से जुड़े अभियानों पर साधा निशाना

जंतर मंतर पर महिलाओं के साथ हुई हिंसा और अभद्रता को कांग्रेस ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के महिलाओं से जुड़े अभियानों पर भी तीखा हमला किया। ओझा ने कहाकि इस हिंसा ने मणिपुर, उन्नाव, हाथरस, प्रच्च्वल रमन्ना कांड, महिला पहलवानों के घिनौने यौन शोषण की याद दिला दी है। दिल्ली के खौफनाक मंजर ने साफ कर दिया है कि महिला आरक्षण लागू क्यों नहीं हुआ, देश की प्रतिष्ठित नेता को कांग्रेस की विधवा, एक अन्य नेता को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहने के पीछे क्या सोच रही है।

**शाह पर भी हमला:** कांग्रेस नेत्री ओझा ने देश और प्रदेश में बच्चियों के गायब होने, नाबालिगों से दुष्कर्म की घटनाओं के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहाकि महिला विरोधी विचारधारा के कारण ही महिलाओं पर अपराध बढ़े हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री तो भारतीय सेना की शान सौफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। इससे भाजपा की कथनी और करनी में अंतर साफ समझा जा सकता है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री ने दिए निर्देश

# काम में कसावट लाने अफसरों को मैदान में उतारेगा विभाग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश का महिला एवं बाल विकास विभाग मैदानी सक्रियता को और मजबूत बनाने जल्द ही अधिकारियों के सेटअप में फेरबदल करेगा। शुक्रवार को मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रदेश में महिला सशक्तीकरण योजनाओं की गति को तेज करने के लिए विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। विभाग के अंतर्गत आने वाले द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारियों, यानी विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों के पारदर्शी और सुचारू व्यवस्थापन के लिए कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के मुताबिक विभाग के लगातार बढ़ते कार्यक्षेत्र और नवीन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए मैदानी अमले की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।



### नई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गईं

एकीकृत बाल विकास सेवा और महिला सशक्तिकरण संचालनालय के एकीकरण के बाद योजनाओं के दायरे में कोई कमी नहीं की गई है, बल्कि कई नई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। मैदानी अमले प्रभावी उपयोग राज्य सरकार की प्राथमिकता है, जिससे ज़मीनी स्तर पर पर्यवेक्षण और क्रियान्वयन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रशासनिक पुर्नव्यवास्थापन की योजना में विकासखंड महिला सशक्तिकरण अधिकारियों के पदों को संचालनालयों, महिला-बाल संरक्षण संस्थाओं, संभागीय व जिला कार्यालयों, क्षेत्रीय समन्वय कार्यालयों और प्रशिक्षण केंद्रों के सेटअप में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न आयोगों और निगमों में आवश्यकतानुसार कतिपय पदों को प्रतिनियुक्ति के लिए आरक्षित रखने की व्यवस्था भी की जा रही है।

# दिल्ली में युवाओं पर पुलिस बर्बरता के खिलाफ प्रदर्शन





**जागरण, भोपाल।** दिल्ली में युवाओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज एवं छात्राओं के साथ दरिंदगी के खिलाफ एनएसयूआई ने कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान के तहत भोपाल में बारिश में भींगते हुए विशाल तिरंगा मार्च निकाला। वहीं छात्रों ने बोर्ड आफिस चौराहे पर प्रदर्शन किया। 10 नंबर मार्केट से निकाले गए मार्च में युकां नेताओं ने युवाओं पर हो रहे अत्याचार, शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं, नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को लेकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। यह मार्च 11 नंबर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खत्म हुआ, यहां युकां कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। युकां नेताओं ने प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याएं सुनने की बजाय कील लगे डंडे बरसाकर केंद्र सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है। कांग्रेस युवाओं की समस्याओं पर लगातार संघर्ष करते रहेगी। प्रदर्शन में युकां के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. अंशुल त्रिवेदी, प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के उपाध्यक्ष राहुल झांसला, अंकित दुबे आदि शामिल रहे।

# डॉ. राजोरा की मंत्रालय से विदाई, बने प्रशासन अकादमी के महानिदेशक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश राजोरा प्रदेश के अगले मुख्य सचिव के दावेदार थे, लेकिन अब उनकी मंत्रालय से ही विदाई हो गई है। राजोरा को नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी डॉ. राजेश राजोरा अब तक अपर मुख्य सचिव, नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग का दायित्व संभाल रहे थे। नई नियुक्ति के साथ उनका मंत्रालय से तबादला कर दिया गया है। डॉ. राजोरा का तबादला ऐसे समय हुआ है जब राज्य में नए मुख्य सचिव के रूप में अशोक वर्णवाल ने कार्यभार संभाला है। अशोक वर्णवाल 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जबकि डॉ. राजेश राजोरा उनसे एक बैच वरिष्ठ (1990 बैच) हैं। प्रशासनिक परंपरा के अनुसार मंत्रालय में किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को अपने से जूनियर मुख्य सचिव के अधीन पदस्थ नहीं किया जाता। इसी परंपरा के तहत डॉ. राजेश राजोरा को मंत्रालय से बाहर स्थानांतरित करते हुए नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण की प्रमुख संस्था है। महानिदेशक के रूप में डॉ. राजोरा प्रशासनिक प्रशिक्षण, क्षमता विकास और सुशासन से जुड़े कार्यक्रमों की जिम्मेदारी संभालेंगे।



**17 महिला कलेक्टर थीं, अब संख्या घटकर 15:** प्रदेश के 55 जिलों में एक माह पहले तक 17 महिला कलेक्टर पदस्थ थीं। अब यह संख्या घटकर 15 रह गई है। खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल इसी माह दो साल की स्टडी लीव पर चली गई हैं, इसलिए वहां नए कलेक्टर की पोस्टिंग की गई है। वहीं मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग और आगर मालवा कलेक्टर प्रीति यादव से कलेक्टरी लेकर उन्हें भोपाल पदस्थ किया गया है। दूसरी ओर रतलाम कलेक्टर मिशा सिंह को शहडोल का कलेक्टर बनाया गया है, जिससे महिला कलेक्टरों की संख्या में एक पद की भरपाई हुई।

### वर्णवाल ने अपने विभाग सुखवीर सिंह को सौंपे

शुक्रवार को सीएम अशोक वर्णवाल ने अपने पास के विभाग पीडब्ल्यूडी संभाल रहे प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह को सौंपने का आदेश जारी करा दिया। गौरतलब है कि आने वाले कुछ महीनों में कई आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। इनमें से कई प्रमुख विभागों को संभाल रहे हैं। अगले माह यानि कि 31 अगस्त को पशुपालन विभाग संभाल रहे प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव सेवानिवृत्त हो जाएंगे। कृषि कल्याण वर्ष के दौरान यह विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकताओं में है। जहां ऐसे अधिकारी को पदस्थ किया जा सकता है,जो सीएम की मंशानुरुप परिणाम दे सके। चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार 30 सितम्बर को,लोकायुक्त सचिव अरुणा गुप्ता और केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर बतौर सचिव इंटर स्टेट काउंसिल अपनी सेवाएं दे रहे आशीष श्रीवास्तव भी इसी साल 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो जाएंगे। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो नए सीएस जल्द ही संभावित फेरबदल को लेकर मुख्यमंत्री से मंत्रणा कर सकते है। इसमें सबसे पहले उन विभागों पर ध्यान दिया जाएगा,जिनकी कमान अतिरिक्त प्रभार के तौर पर अधिकारी संभाले हुए हैं, जिससे उन पर काम का बोझ ज्यादा है। सीएस ऐसे विभागों को अधिकारियों को सौंपकर उन्हें दूसरी जिम्मेदारियों से मुक्त करेंगे। इस फेरबदल में यह भी ध्यान दिया जाएगा कि उन अधिकारियों को ही विभागों का मुखिया बनाया जाएगा।

### परियोजनाओं की समीक्षा के लिए स्टेट लेवल कमेटी का गठन

**विसं, भोपाल।** राज्य शासन द्वारा ओरछा हेरिटेज विजन के अनुरूप परियोजनाओं की कॉनफॉर्मिटी सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से हेरिटेज इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लानके क्रियान्वयन, वर्तमान एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता स्टेट लेवल कमेटी का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव संस्कृति, नगरीय विकास एवं आवास, प्रमुख सचिव वन, लोक निर्माण, आयुक्त, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, कलेक्टर निवाड़ी, क्षेत्रीय निदेशक (मध्य क्षेत्र), भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (आइएएस) सदस्य होंगे। सचिव पर्यटन को सदस्य-सचिव नामित किया गया है।

**आयोजन** यूपी के अफसरों ने एमपी आकर दिए टिप्स, बम डिस्पोजल स्क्वॉड, बैरीकेडिंग और एआई का होगा उपयोग

# प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सजेगा सिंहस्थ 2028

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागमों में से एक सिंहस्थ-2028 के उज्जैन में होने वाले आयोजन को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए एमपी पुलिस, प्रयागराज में तैनात रहे पुलिस और रेल अफसरों की मदद लेगी। इसके साथ ही आयोजन में सीसीटीवी, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), बम डिस्पोजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, बैरीकेडिंग और एआई की तकनीक का भी उपयोग होगा। शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय सेमिनार में इसकी तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गईं। इस आयोजन का मकसद सिंहस्थ में तैनात होने वाली पुलिस फोर्स को विशेष रूप से प्रशिक्षित करना था। इस दौरान डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान एमपी पुलिस की दक्षता और संवेदनशीलता की सबसे बड़ी परीक्षा होगी।



### दो चरणों में तैयार हुए 303 मास्टर ट्रेनर्स, अब इनके जिम्मे पूरी फोर्स की ट्रेनिंग

इस आयोजन को संभालने के लिए पीएचक्यू पिछले कई माह से जुटा है। इसके लिए दो चरणों में चलाए गए ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम के जरिए पूरे प्रदेश में 303 मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए गए हैं, जो अपने-अपने जिलों में हजारों पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। डीजीपी ने इस दौरान कहा कि हाल ही में हुई पुलिस भर्तियों से भी फोर्स की तादाद बढ़ी है, जिसे सिंहस्थ में तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में हजारों जवानों की ड्यूटी को देखते हुए पुलिस ड्यूटी पोर्टल को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिससे हजारों जवानों की ड्यूटी और तैनाती आवश्यकतानुसार लगाई जा सकेगी। इस दौरान ईओडब्ल्यू एमपी के स्पेशल डीजी उपेंद्र जैन ने सिंहस्थ में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली और वैकल्पिक संचार व्यवस्था को अनिवार्य बताया।

### सरलता ही सफलता की कुंजी

एमपी पुलिस इस आयोजन के लिए यूपी में 2025 में हुए प्रयागराज महाकुंभ-2025 के अनुभवों का सहारा ले रही है। इस सेमिनार में खास तौर से यूपी के रेलवे डीजी डी. प्रकाश और डीजी रेणुका मिश्रा को भोपाल बुलाया गया। दोनों ने प्रयागराज कुंभ के अनुभवों को साझा करते है कहा कि सरलता के जरिए किसी भी बड़े आयोजन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सीख देते हुए कहा कि सिंहस्थ के दौरान करोड़ों लोगों के आने की संभावना को देखते हुए भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, होल्डिंग एरिया, वन-वे मूवमेंट के इंतजाम से अधिक जरूरी पुलिस सर्विस, नॉट पुलिस फोर्स की अवधारणा है। अगर पुलिस आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार करेगी, तो कई मुश्किलें खुद दूर हो जाएंगी। दिनभर चले इस सेमिनार में आला पुलिस अफसरों ने उज्जैन रेंज के अफसरों, पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से भीड़ प्रबंधन, यातायात और प्रशिक्षण में नवाचारों पर मंथन किया।

# कांग्रेस का कैंडिल मार्च आज ब्लॉक तक होगा सत्याग्रह

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** नीट विवाद में छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर कांग्रेस ने देश भर में आंदोलन का ऐलान किया है। इसके तहत सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों को शनिवार को सत्याग्रह और कैंडिल मार्च का कार्यक्रम दिया है। प्रदेश कांग्रेस से लेकर जिला, ब्लॉक और फ्रंट संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कांग्रेस ने छात्रों, युवाओं, अभिभावकों और सिविल सोसायटी के लोगों को भी आंदोलन से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों को इस संबंध में सर्कुलर जारी किया। राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्देश दिया है कि जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला जाएगा। मार्च का समापन महात्मा गांधी या डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर होगा, जहां कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सत्याग्रह करेंगे। सत्याग्रह के जरिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जाएगी। हाईकमान ने अपने सर्कुलर में नीट परीक्षा की विश्वसनीयता पर खतरा बताते हुए कहा है कि यह आंदोलन केवल पार्टी कार्यकर्ताओं तक सीमित न रहे, बल्कि इसे व्यापक छात्र-युवा आंदोलन का स्वरूप दिया जाए।

### भोपाल में व्यापमं चौराहे से निकलेगा मार्च

राजधानी में जिला कांग्रेस द्वारा शाम 6 बजे व्यापमं चौराहे से कैंडिल मार्च निकाला जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने बताया कि प्रदेश में छात्रों का सबसे ज्यादा अहित व्यापमं घोटाले ने किया है। इसलिए इसी के सामने से कैंडिल मार्च शुरू कर बोर्ड आफिस तक कार्यकर्ता जाएंगे। यहां सत्याग्रह कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग करेंगे। प्रदर्शन जिले के सभी ब्लॉक में किए जाएंगे।

वर्ष 69 ▸ अंक 297 ▸ पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 25 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मनुष्य हार के लिए नहीं बना है।
मनुष्य नष्ट तो हो सकता है, पर
पराजित नहीं हो सकता।
- अर्नेस्ट हेमिंग्व

## ऑफ बीट

### बच्चे जैसा चेहरा था, 10 लाख में लगवाई दाढ़ी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुरुष अक्सर अपने लुक्स को लेकर असमंजस में रहते हैं कि वे रुकें या क्लीन शेव रहें। एक दिलचस्प और अनोखा मामला सामने आया है, जहां वेंचर कैपिटलिज्म और प्राइवेट एरिया में 30 साल से ज्यादा उम्र के एक व्यक्ति ने खुद को बेहद गंभीर और निजी क्षेत्र में काम करने के लिए 10,000 डॉलर (करीब 9.64 लाख रुपये) खर्च कर 'बियर्ड ट्रांसप्लांट' (दाढ़ी ट्रांसप्लांट) खरीदा। 'द कट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस स्पेशलिस्ट का मानना था कि उनके 'बेबी फेस' (बच्चों जैसे चेहरे) के कारण उनकी संभावनाएं और प्रबंधन (मैनेजमेंट) उन्हें पेशेवर रूप से नौकरी से नहीं लिया गया था। 30 से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने जब प्राइवेट प्राइवेट लिमिटेड और वेंचर कैपिटल में काम करना शुरू किया, तो उन्हें पता चला कि उनकी कम उम्र की शक्ल वाला चेहरा उनके करियर में बड़ा बाधा है।

## 20 आईएएस अधिकारियों के तबादले, 5 जिलों के बदले कलेक्टर

# मंडलोई को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की कमान, खांडे बने सीएम के सचिव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 अधिकारियों के तबादले कर दिए। जिसमें 5 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा को नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है।

सीएम के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के साथ उद्योग और एमएसएमई की कमान भी सौंपी गई है। कमिश्नर सुदाम खांडे की राजधानी में वापसी हुई है। उन्हें सीएम का सचिव बनाया गया है, जबकि भास्कर लक्ष्कार इंदौर संभाग के आयुक्त नियुक्त किए गए। सामान्य प्रशासन विभाग में बतौर उपसचिव रहे अजय कटेसरिया को रतलाम का कलेक्टर बनाया गया है। कुमार पुरुषोत्तम को मंडी बोर्ड के साथ-साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में उपसचिव बनाया गया है। इसी तरह उद्योग विभाग का जिम्मा संभाल रहे राघवेंद्र सिंह को वन विभाग का दायित्व दिया गया है तो वहीं मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अधिकारियों में शामिल संदीप यादव अब जल संसाधन विभाग का जिम्मा संभालेंगे। अभी तक यह विभाग अपर मुख्य सचिव राजौरा देख रहे थे।



नीरज मंडलोई | सुदाम खांडे | राघवेंद्र सिंह | कुमार पुरुषोत्तम | राजेश राजौरा

| | अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | के. सी. गुप्ता | अपर मुख्य सचिव, कुटीर | अपर मुख्य सचिव, उद्यानिकी* |
| 2 | सचिन सिन्हा | महानिदेशक, प्रशासन अकादमी | अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी |
| 3 | राघवेंद्र सिंह | प्रमुख सचिव, उद्योग | प्रमुख सचिव, वन |
| 4 | संदीप यादव | प्रमुख सचिव, वन | प्रमुख सचिव जल संसाधन |
| 5 | जॉन किंग्स्ली | सचिव, उद्यानिकी | सचिव, उद्योग |
| 6 | डॉ. सुदाम खाडे | आयुक्त, इंदौर संभाग | सचिव, मुख्यमंत्री |
| 7 | भास्कर लक्षकार | आयुक्त, खाद्य | आयुक्त, इंदौर संभाग |
| 8 | अजय कटेसरिया | अपर सचिव, सामान्य प्रशासन | कलेक्टर, रतलाम |
| 9 | कुमार पुरुषोत्तम | प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड | अपर सचिव, मुख्यमंत्री |
| 10 | रत्नाकर झा | अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग | कलेक्टर, अनूपपुर |
| 11 | केदार सिंह | कलेक्टर, शहडोल | अपर सचिव, लोक निर्माण |
| 12 | हर्षल पंचोली | कलेक्टर, अनूपपुर | कार्यपालन संचालक एप्को |
| 13 | अदिति गर्ग | कलेक्टर, मंदसौर | ओएसडी खाद्य विभाग |
| 14 | प्रीति यादव | कलेक्टर, आगरा मालवा | कार्यकारी संचालक, औद्योगिक विकास निगम |
| 15 | मिशा सिंह | कलेक्टर, रतलाम | कलेक्टर, शहडोल |
| 16 | गुरु प्रसाद | उप सचिव, मुख्यमंत्री | कलेक्टर, खरगोन |
| 17 | दिव्यांक सिंह | अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन | कलेक्टर, मंदसौर |
| 18 | डॉ. शेर सिंह मीना | आयुक्त, नगर निगम सतना | कलेक्टर, आगरा मालवा |
| 19 | सिद्धार्थ जैन | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर | उप सचिव, मुख्यमंत्री |
| 20 | हिमांशु प्रजापति | कार्यकारी संचालक, औद्योगिक विकास निगम | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर |

**ये कलेक्टर बदले**
शहडोल कलेक्टर केदार सिंह के स्थान पर मिशा सिंह को पदस्थ किया गया है। उन्हें रतलाम से शहडोल भेजा गया है। इसी तरह हर्षल पंचोली कलेक्टर अनूपपुर को कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर अपर आयुक्त उज्जैन रत्नाकर झा को अनूपपुर का कलेक्टर बनाया।

# नीट पेपर लीक पर एमपी में चार फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित

## सीएम ने किया था ऐलान, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**विशेष संवाददाता, भोपाल/जबलपुर।** परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, प्रतिरूपण, अनुचित साधनों के उपयोग और अन्य परीक्षा संबंधी अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए मध्यप्रदेश में चार विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर दिया गया है। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने चारों विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय के गठन का आदेश शुक्रवार रात जारी कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोपहर को ही पन्ना में परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए सख्त व्यवस्था का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की पहल पर भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशों को विशेष न्यायालय का दायित्व सौंपा गया है। ये न्यायालय अधिनियम, 2024 के साथ भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दर्ज संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था लोक परीक्षाएं (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत लागू की है। इसके तहत चार्जशीट दाखिल होने की तिथि से तीन माह के भीतर विचारण पूरा कर निर्णय सुनाने का हरसंभव प्रयास किया जाए। इससे परीक्षाओं में गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई हो सकेगी।



पन्ना में मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

### युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार दोपहर पन्ना के होमगार्ड मैदान आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हम चाहते हैं कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिलें। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या अगले दो सालों में 52 हो जाएंगी। इसी तरह वर्तमान में प्रदेश में 5.500 स्नातक(यूजी) मेडिकल सीटों को बढ़ाकर 10,000 करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दिशा में हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। पन्ना में भी अगले साल मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 35 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 210 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने पन्ना के बृहस्पति कुंड पर 8 करोड़ लागत से सौंदर्यीकरण के अंतर्गत निर्मित ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंट सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। यह कांच के फ्लोर वाला व्यू प्वाइंट पर्यटन को बढ़ाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति



मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्पीकर हाफिज उद्दीन अहमद ने स्वीकार कर लिया है। चूंकि राष्ट्रपति का पद खाली है, इसलिए संविधान के अनुसार, नए राष्ट्रपति के पद संभालने तक स्पीकर राष्ट्रपति का काम करेंगे। स्पीकर ने कहा कि वह बहुत बीमार हैं। उन्होंने इसलिए इस्तीफा दिया, क्योंकि कई बीमारियों के फैलने की वजह से वह शारीरिक और मानसिक रूप से राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद का काम करने में असमर्थ हैं। बांग्लादेश के आउटलेट प्रथम आलो के अनुसारसंविधान के आर्टिकल 50 (3) के अनुसार, राष्ट्रपति स्पीकर को भेजे गए अपने साइन किए पत्र के ज़रिए इस्तीफा दे सकते हैं और आर्टिकल 54 में कहा गया है कि अगर राष्ट्रपति का पद खाली है या अगर वह गैरहाजिरी, बीमारी या किसी और वजह से अपना काम नहीं कर पा रहे हैं, तो स्पीकर तब तक राष्ट्रपति का काम करेंगे जब तक नया राष्ट्रपति नहीं चुना जाता।

## हिमाचल के लाहौल स्पीति में भूस्खलन के कारण भीषण हादसा

# पहाड़ से सीधे टाटा सूमो पर गिरी बड़ी चट्टान, 13 लोगों की मौत, दो घायल

**कुल्लू, जेएनएन।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति में शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की जान चली गई। यह हादसा उदयपुर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब एक टाटा सूमो वाहन बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की मुख्य सड़क पर कूनाला-राहौली के पास पहाड़ी से अचानक गिरी भारी चट्टान की चपेट में आ गया। जिसके चलते वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि पहाड़ी धंसने की वजह से चट्टान का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। जो टाटा सूमो वाहन (एचपी-01एम-2210) इस हादसे की चपेट में आया वह कुल्लू से पांगी जा रहा था और उसका इस्तेमाल एक टैक्सी के रूप में हो रहा था।



### चंबा जिले के रहने वाले थे सभी मृतक

उधर लाहौल स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हैं और उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हादसा चंबा जिले के पांगी और लाहौल स्पीति जिले के सीमावर्ती इलाके में हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल की पुलिस चौकी तिंदी और उदयपुर थाना पुलिस मौके पर मौजूद है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# कोर्ट की कार्यवाही पोस्ट व शेयर करने पर लगी रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व अनुमति कोर्ट की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया है कि इस आदेश का न्यूज रिपोर्टिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने पीआईएल पर अंतरिम आदेश पारित किया। कोर्ट ने पत्रकार हर्षिता ग्रोवर की तरफ से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते यह अंतरिम आदेश पारित किया है। सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, संशोधित करना, प्रसारित करना, उससे कमाई करना, पोस्ट, रीपोस्ट या अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा।



**कहा- 24×7 एंटरटेनमेंट चैनल नहीं कोर्ट**

# उप्रः पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हादसे में इंदौर के दो युवकों की मौत

**सहारनपुर, जेएनएन।** यूपी के सहारनपुर स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक से विस्फोट हो गया। पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट से काम करने वाले मजदूरों के चीथड़े उड़ गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि उसकी आवाज करीब तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और गुजर रहे वाहन तक हिल गए। हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि ठेकेदार समेत दो मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। आशंका है कि वे मलबे में दबे हो सकते हैं। गंगोह-बिड़ौली मार्ग पर गांव कुंडाबसी के पास स्थित पटाखा निर्माण इकाई में शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। 20 मजदूर काम में लगे थे। हादसे में 23 वर्षीय दीपराज और 25 वर्षीय संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों इंदौर जिले के रहने वाले थे।



### धमाके से उड़ीं दीवारें और टीनशेड

साथ काम कर रहे मजदूरों के मुताबिक आकाश और राहुल भी विस्फोट वाले हिस्से में मौजूद थे। देर शाम तक उनका पता नहीं चल सका। उनके मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। विस्फोट इस कदर तेज था कि फैक्ट्री की दीवारें और टीनशेड पूरी तरह उड़ गए। मलबा और शवों के अवशेष दूर तक बिखर गए। पुलिस और राहत दल ने घंटों तक मौके पर खोजबीन कर शवों के अवशेष एकत्र किए।

## 'शिक्षकों की एसआईआर में ड्यूटी क्यों लगाई'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के लिए स्कूल शिक्षकों की तैनाती पर चुनाव आयोग (ईसीआई) से कड़े सवाल किए। अदालत ने कहा, 'क्या आर्टिकल 324 की आड़ में आप अपनी मर्जी से कुछ भी करते हैं?' बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि आखिर किस कानूनी अधिकार के तहत स्कूल शिक्षकों को एसआईआर ड्यूटी के लिए लगाया जा रहा है। भले ही आयोग इन कर्मचारियों को 'वॉलंटियर' कहता हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि उनके पास यह ड्यूटी स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। कोर्ट ने सुझाव दिया कि यदि यह वास्तव में स्वैच्छिक है तो आयोग हलफनामे में इसका जिक्र करे।

**शोध** हार्ट अटैक के मरीजों में ज्यादा मिले माइक्रोप्लास्टिक के कण

# दिल के लिए खतरा बन रहा माइक्रोप्लास्टिक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** माइक्रोप्लास्टिक अब हार्ट को भी नुकसान कर रहा है। इटली में हुई एक नई रिसर्च में यह दावा किया गया है। रिसर्च में पाया गया कि हार्ट अटैक से जूझ रहे मरीजों के खून में माइक्रोप्लास्टिक और नैनो प्लास्टिक के कण मिले हैं। सामान्य लोगों की तुलना में हार्ट अटैक के मरीजों में माइक्रोप्लास्टिक के कण ज्यादा मिले हैं। यह हार्ट अटैक आने का भी एक कारण हो सकते हैं। इस रिसर्च को जर्नल यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ कैंपेनिया लुइगी वानविटेली के शोधकर्ताओं ने 61 मरीजों के ब्लड सैंपल लिए थे। इन 61 मरीजों के ब्लड सैंपलों से पता चला कि गंभीर हार्ट अटैक वाले 84 प्रतिशत मरीजों के खून में माइक्रोप्लास्टिक या नैनोप्लास्टिक थे। जिन लोगों को पहले से ही कोई हार्ट की बीमारी थी उनमें 40 फीसदी मरीजों में ये कण मिले थे। रिसर्च में यह भी पता चला कि जिन मरीजों के खून में प्लास्टिक मिला, उनमें 97 प्रतिशत मामलों में पॉलीएथिलीन पाया गया था।



### सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का बनता है कारण

यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित इस रिसर्च में बताया गया है कि माइक्रोप्लास्टिक शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का कारण बनता है। यह दोनों चीजें हार्ट अटैक के खतरे को और बढ़ा देती हैं। हालांकि, इस अध्ययन से यह साबित नहीं होता कि माइक्रोप्लास्टिक सीधे हार्ट अटैक का कारण बनते हैं। लेकिन यह जरूर पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक से हार्ट अटैक आने का रिस्क बढ़ रहा है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

अमेरिका की प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डाइटिशियन मिशेल राउथेनस्टीन ने कहा कि यह रिसर्च माइक्रोप्लास्टिक और हार्ट डिजीज के बीच के संबंध का पता लगाने के लिए की गई थी। इसमें पता चला कि दिन के मरीजों के ब्लड सैंपल में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद है। इससे यह पता चलता है कि ये हार्ट तक को नुकसान कर रहे हैं। हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि केवल माइक्रोप्लास्टिक ही हार्ट अटैक की वजह हैं, लेकिन इसको अब अलर्ट रहने की जरूरत है।

### माइक्रोप्लास्टिक क्या होते हैं

पैकेज्ड फूड, हवा में मौजूद धूल, सिंथेटिक कपड़ों से निकलने वाले रेशों में पाए जाते हैं। सांस के जरिए ये शरीर में पहुंच जाते हैं। बीते कुछ सालों में कई स्टडी हुई भी हैं जिनमें यह पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक इंसानों के खून और लंग्स में भी मिले हैं। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि इनसे पूरी तरह बचाव संभव नहीं मानते, लेकिन एक्सपोजर कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि किसी भी रूप में प्लास्टिक का कम से कम यूज करें।

www.pmfby.gov.in
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
UIN:IRDAN126RP0001V01201617
खरीफ-2026
फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ
CROP INSURANCE MONTH 1st-31st July, 2026 PMFBY
भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित
खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर/ तुअर, ज्वार, कोदो-कुटकी, मूंगफली, तिल, कपास, मूंग एवं उडद

वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :
° सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल pmfby.gov.in द्वारा ही स्वीकृत होगी।
° प्रीमियम राशि केवल NCIP-Portal के भुगतान गेटवे Pay-Gov. द्वारा ही भेजी जाए।
° सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है।
व्हॉटस्अप पर हमसे जुड़े
पीएमएफबीवाई चैट बॉट 7065514447
किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 2%
बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/07/2026

आवश्यक प्रपत्र :
आधार कार्ड
बैंक पासबुक की छायाप्रति
भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)
फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का स्वघोषणा पत्र
बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
ग्राहक सेवा केन्द्र/ कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज
शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी की वेबसाइट https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।
HO/26-27/1A/11
AIC
एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय : जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011, फोन : 0755 - 2676695, ई-मेल : ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123 आई.आर.डी.ए. पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd
कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447
बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।
Website : www.aicofindia.com
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मना आयकर दिवस, इस साल टारगेट पूरा करने की तैयारी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को अरेरा हिल्स स्थित नवीन आयकर भवन में 167वां आयकर दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान एमपी और सीजी की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (पीसीसीआईटी) मोना मोहन्ती ने कहा कि टैक्स देना केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के विकास में अहम योगदान है। इस दौरान आयकर आयुक्त राम कुमार यादव ने पिछले साल के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि इस साल आयकर विभाग एमपी में 35 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने पर फोकस कर रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल भी एमपी ने 33 हजार करोड़ का रेवेन्यू जुटाया था, जो टारगेट का 97 प्रतिशत था। आयोजन के दौरान विभाग में पदस्थ कयाकिंग की इंटरनेशनल प्लेयर शिखा चौहान और शूटिंग के खिलाड़ी शिवराज सांखला को भी सम्मानित किया गया। आयकर दिवस के मौके पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 में पोस्टर निर्माण और भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी इस दौरान पुरस्कार और प्रमाण-पत्र बांटे गए।

### लायंस क्लब भोपाल ग्लोरियस ने पौधरोपण अभियान आयोजित किया



भोपाल। लायंस क्लब भोपाल ग्लोरियस ने 2026-27 की प्रथम सेवा गतिविधि के अंतर्गत ग्राम रातीबड़, भोपाल में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के माध्यम से हरित वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश मालवीय ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### पुलिस ने 2.11 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** कटारा हिल्स पुलिस ने एक आरोपी को स्मैक पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 2.11 ग्राम स्मैक पाउडर जब्त की है। जिसकी कीमत 25 हजार है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि मदनी नगर झुग्गी बस्ती में एक युवक अवैध स्मैक की बेचने के लिए खड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने गुरुवार देर रात घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिसकी पहचान दिनेश मेहरा पिता मुरारीलाल निवासी मदनी नगर रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.11 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म, लिव-इन पार्टनर पर केस

**जागरण, भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में एक महिला ने लिव-इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करने की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय पीडि़ता थाना क्षेत्र इलाके में रहती है। उसकी पहचान कालीखेड़ी निवासी रंजीत से हुई थी। दोनों के बीच हुई बातचीत जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। 7 जुलाई को वे दोनों लिव-इन में साथ रहने लगे। इस दौरान आरोपी ने शादी का झांसा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। हाल ही में जब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया। परेशान होकर पीडि़ता ने छोला मंदिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेंटेनेंस के कारण शहर में आज सात घंटे तक की बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के कई इलाकों में शनिवार को खंभों की शिफ्टिंग व नए खंभे लगाए जाने के काम के चलते बिजली आपूर्ति 7 घंटे तक के लिए बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज मेट्रो निर्माण कार्य के चलते बिजली के खंभों की शिफ्टिंग व अन्य कारणों से फिरदौस नगर, शीतल नगर, निशातपुरा, श्री नगर, शारदा नगर, नारियल खेड़ा, गौतम नगर, पीजीबीटी कॉलेज रोड और संत कंवर राम कॉलोनी में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। वहीं हनुमान मंदिर टीला जमालपुरा, गणगौर की बावड़ी, काजी कैंप, बैरसिया रोड, बाफना कॉलोनी, ग्रीन पार्क कॉलोनी व आसपास सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। पोल लगाने के काम के चलते हिनौतिया, सुहागपुर, पिपलिया केशो, गुराड़ी घाट, रतनपुर सड़क, नरेला हनुमंत, ऑस्ट्रिया कॉलोनी, सेज ग्रीन व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### चार डेयरियों से लिए दूध व डेयरी प्रोडक्ट के 11 नमूने, होगी जांच

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर भर में दूध व दूध से बने पदार्थों में मिलावट रोकने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के पॉश इलाकों में स्थित दूध व डेयरी उत्पादों की दुकानों का औचक निरीक्षण कर दूध व डेयरी प्रोडक्ट के नमूने इकट्ठा किए गए। इस दौरान अमले ने शहर के एमपी नगर, न्यू मार्केट और कोलार क्षेत्र की चार बड़ी दुकानों पर पहुंचकर दूध, दही, पनीर, मावा और घी के कुल 11 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला में भेजे। जांच के दौरान टीम ने एमपी नगर स्थित पंजाब डेयरी, न्यू मार्केट स्थित पंजाब डेयरी की ब्रांच, कोलार रोड की गुड मॉर्निंग एंटरप्राइजेज और साईनाथ नगर की जय श्री कृष्णा दुग्ध डेयरी से सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

# जिला अभिभाषक संघ के शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष व मुख्य चुनाव अधिकारी में कहासुनी

**जागरण, भोपाल।** भोपाल जिला अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शनिवार को स्वागत-सम्मान कार्यक्रम के क्रम को लेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र रावत और मुख्य चुनाव अधिकारी बासु वासवानी के बीच कई बार कहासुनी हुई। विवाद के बीच अध्यक्ष कुछ समय के लिए कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए। समर्थकों के वापस बुलाने के बाद नारेबाजी शुरू हुई, जिससे नाराज होकर तदर्थ समिति के सदस्य और मुख्य चुनाव अधिकारी भी मंच से नीचे उतर गए। बाद में अध्यक्ष ने स्वयं मंच का संचालन संभाला। करीब 3:30 बजे शुरू हुए समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत और चुनाव अधिकारियों के सम्मान को लेकर अध्यक्ष ने पहले नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय कराने की बात कही। इसी दौरान सचिव मुकेश नागपुरे भी नाराज होकर कुछ समय के लिए कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए। बाद में सह सचिव बारिज गुप्ता ने मंच संचालन संभालते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का परिचय कराया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगाए। बाद में सचिव मुकेश नागपुरे को बुलाया गया और अध्यक्ष देवेंद्र रावत ने संबोधन किया।





### महिला अधिवक्ताओं को सम्मान और सुरक्षा देना प्राथमिकता

अध्यक्ष ने महिला अधिवक्ताओं के लिए काम करने, अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता देने, क्षेत्रवार समितियां गठित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे नए अधिवक्ताओं की मदद की बात कही। उन्होंने न्यायालय परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और उसमें अधिवक्ताओं के लिए बैठने की व्यवस्था कराने को प्राथमिकता बताया। साथ ही पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल में निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त चंदे और उसके उपयोग को लेकर श्वेत पत्र जारी करने तथा वित्तीय अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव, प्रधान कुटुंब न्यायाधीश वंदना जैन सहित अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की ओर से चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी निभाने वाले भोपाल के तीन न्यायाधीशों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के बाद अधिवक्ताओं के लिए स्नेह भोज आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव भी कुछ समय के लिए व्यक्तिगत कार्य से जाने के बाद लौटे और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के साथ भोजन किया। उन्होंने बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य बनाए रखने की बात कही।

### जिला अभिभाषक संघ की निधि में 19.57 लाख की बढ़ोतरी का दावा

**भोपाल।** जिला अभिभाषक संघ, भोपाल की तदर्थ समिति ने शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए संघ की निधि में बढ़ोतरी और अधिवक्ता हित में किए गए कार्यों का विवरण जारी किया है। समिति के सदस्य शिव पूजन सिंह की ओर से जारी संक्षिप्त लेख के अनुसार, मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के चलते तदर्थ समिति ने 12 मई 2026 को कार्यभार संभाला था। उस समय संघ के कुल फंड की स्थिति 4 करोड़ 30 लाख 93 हजार 713 रुपये थी, जो 23 जुलाई 2026 तक बढ़कर 4 करोड़ 50 लाख 51 हजार 117 रुपये हो गई। समिति के अनुसार इस अवधि में फंड में 19 लाख 57 हजार 404 रुपये की बढ़ोतरी हुई। तदर्थ समिति ने बताया कि 22 लाख रुपये की एफडी बनाई जा चुकी है, जबकि शेष राशि बैंक खातों में सुरक्षित है। इसके अलावा मेडिकल एवं मृत्यु दावों के तहत कुल 5 लाख 61 हजार रुपये का भुगतान भी किया गया है। समिति ने दावा किया कि कार्यभार संभालने के बाद चुनाव संपन्न कराने के साथ-साथ बार कार्यालय में अन्य आवश्यक कार्य भी पूरे कराए गए। समिति के अनुसार सभी कार्य निष्पक्षता, मेहनत, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किए गए तथा इन कार्यों में तदर्थ समिति के सभी सदस्यों का सहयोग और सहभागिता रही। समिति ने कार्यकाल के दौरान सहयोग देने वाले सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 13 माह से गोदाम में बंद अवैध यूरिया के कारण हो रहा प्रदूषण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जगदीशपुर में यूरिया भंडारण के लिए गोदाम किराए पर देना मालिक को भारी पड़ गया। दरअसल जगदीशपुर के सैनी चौराहे पर रहने वाले मिथुन सैनी ने दिसंबर 2024 में अनुबंध कर घर से लगे गोदाम को जगदीश कुमार बसंतानी को किराए पर दिया था। 1320 वर्गफीट के गोदाम के लिए 15 हजार रुपए प्रतिमाह किराया तय कर काम शुरू किया गया था। बंसतानी ने सैनी को बताया कि वे वाहनों में डाले जाने वाले यूरिया का कारोबार करते हैं और यह यूरिया टाटा व महिंद्रा सहित अन्य वाहनों में डाला जाता है। बसंतानी ने बिना किसी वैध अनुमति के यूरिया का भंडारण शुरू कर दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई कर गोदाम को सील कर दिया और आरोपी फरार हो गया था। जिसके चलते गोदाम पिछले 13 महीने से सील पड़ा हुआ है और इससे यूरिया रिस कर आसपास के लोगों के घरों के साथ गोदाम मालिक के मकान और बाहर भी फैल रहा है। जिसकी तेज बदबू और जहरीले यूरिया से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। मामले की शिकायत कई बार पुलिस को करने के बाद भी न तो गोदाम को खाली कराया जा रहा है और न ही जहरीले यूरिया का निस्तारण कराया जा रहा है।

रन फॉर लाइफ मैराथन के चलते बदली ट्रैफिक व्यवस्था

# चार घंटे का ट्रैफिक डायवर्जन कल, भारी वाहनों की नो-एंट्री

**जागरण, भोपाल।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत रविवार को टी.टी. नगर स्टेडियम से रन फॉर लाइफ मैराथन का आयोजन किया गया है। जिसके चलते सुबह 5 से 9 बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों, लोक परिवहन और अनुमति प्राप्त वाहनों को छोड़कर अन्य बड़े वाहनों की नो-एंट्री रहेगी। ट्रैफिकपुलिस के अनुसार 10, 5 और 2 किलोमीटर की मैराथन टी.टी. नगर स्टेडियम से शुरू होकर रोशनपुरा, बाणगंगा, पॉलिटेक्निक, किलोल पार्क, रेतघाट त्रिराहा और बरखेड़ा पंप हाउस, कोहेफिजा चौराहा से जुड़े मार्गों से होकर निकलेगी। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों का जुटना सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

**इन मार्गों पर रहेगा डायवर्जन:** मैराथन के दौरान भारत माता चौराहा से जवाहर चौक, भारत माता से स्मार्ट रोड, प्लेव्यू प्लाजा से अटल पथ, पॉलिटेक्निक चौराहा से वीआईपी रोड, रेतघाट और लालघाटी की ओर यातायात परिवर्तित रहेगा।




### एयरपोर्ट और बाहर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

यातायात पुलिस ने नए शहर से एयरपोर्ट जाने वाले वाहन चालकों को 1250 चौराहा, बीएमएच रोड, कंट्रोल रूम तिराहा, लिली टॉकीज, तलैया, बुधवारा, मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट, कलेक्ट्रेट और लालघाटी मार्ग से आ-जा सकेंगे। वहीं सीहोर और विदिशा जाने वाले वाहन मातामंदिर, मैनिट, नेहरू नगर, भदभदा, नीलबड़ और खजूरी सड़क मार्ग से आ-जा सकेंगे। पुलिस ने लोगों से निर्धारित मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की है।

# नई हुजूर तहसील में चलता रहा रिकॉर्ड दुरुस्ती का काम, दूसरी मंजिल पर बैठेंगे आरआई व पटवारी

## एसडीएम, तहसीलदार न्यायालय सहित रिकॉर्ड रूम में शिफ्टिंग का काम बाकी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सिंगारचोली रेलवे ओवर ब्रिज के पास बनकर तैयार हुए तहसील हुजूर के नए कार्यालय में शुक्रवार को रिकॉर्ड रूम, एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय में रिकॉर्ड दुरुस्ती के साथ बिजली का काम चलता रहा। 8 करोड़ 38 लाख की लागत से तैयार हुए इस भवन में अब एसडीएम हुजूर, तहसीलदार हुजूर और नायाब तहसीलदार हुजूर के कार्यालय संचालित होंगे। संभाग आयुक्त कार्यालय के पास संचालित होने वाले सभी दफ्तरों को अब इस दफ्तर में शिफ्ट कर दिया है। जिसके भूतल पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार के कार्यालय व न्यायालय बनाए गए हैं। रिकॉर्ड रूम, निर्वाचन शाखा, आवक जावक, ई-गवर्नेंस के कार्यालय भी भूतल पर ही संचालित होंगे। जबकि प्रथम तल पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) हुजूर का कार्यालय व न्यायालय संचालित होगा। दूसरे तल पर राजस्व निरीक्षक (आरआई) और पटवारियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। हुजूर तहसील के तहत आने वाले इलाकों के सभी राजस्व कार्य अब



इसी नवीन कार्यालय में होगा। दूसरे तल पर बने आरआई व पटवारी के सभी कक्षों में शुक्रवार तक फर्नीचर सहित रिकॉर्ड व अन्य काम नहीं हो सके। सोमवार तक यहां पर सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे, जिसके बाद लोगों को पुराने कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं शुक्रवार को रिकॉर्ड रूम और तहसीलदार न्यायालय में रिकॉर्ड दुरुस्त करने का काम होता रहा। इसके अलावा बिजली के स्विच व लाइटिंग सहित अन्य कामकाज को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि सोमवार से यहां सारा कामकाज शुरू किया जा सके।

### पार्किंग के लिए भी नहीं होना होगा परेशान

नई तहसील में लोगों को पार्किंग के लिए भी परेशान नहीं होना होगा। यहां दोपहिया व चार पहिया की पार्किंग के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। एक बार में 200 से ज्यादा दो पहिया और 10 से ज्यादा चार पहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। हालांकि अधिवक्ताओं सहित फोटो कॉपी व टाइपिंग की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते कुछ समय तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

> नए तहसील कार्यालय का भवन तैयार होने के बाद यहां अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सोमवार से कामकाज शुरू हो जाएगा।
> **विनोद सोनकिया**, एसडीएम हुजूर

‘गुरु स्मरण नादोत्सव-2026’ सात राज्यों और अमेरिका तक जुड़ी संगीत साधना

# रविंद्र भवन में एक मंच, सौ तबले की थाप...

**जागरण, भोपाल।** भारतीय शास्त्रीय संगीत और गुरु-शिष्य परंपरा का अद्भुत संगम रविवार को रविन्द्र भवन में आयोजित ‘गुरु स्मरण नादोत्सव-2026’ में देखने को मिला। ताल अकादमी ऑफ तबला एवं ताल साधना सामाजिक सांस्कृतिक समिति के संयुक्त आयोजन में मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु और अमेरिका से जुड़े 100 शिष्यों ने पहली बार एक साथ सामूहिक तबला वादन कर नया इतिहास रच दिया। पांच वर्ष के नन्हे विद्यार्थियों से लेकर 60 वर्ष तक के साधकों ने एक ही मंच पर ताल की ऐसी संगति प्रस्तुत की कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में उप सचिव संस्कृति विभाग राजेश गुप्ता, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।




### 100 तबलों की एक सी थाप

कार्यक्रम में गुरु मनोज पाटीदार के निर्देशन में ‘ताल अंकुर’, ‘ताल सुरभि’ और ‘ताल प्रभा’ शीर्षक से सामूहिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने उठान, पेशकार, कायदे, रेले, परन और चक्करदार तिहाइयों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। हारमोनियम पर मुनि मालवीय और वायलिन पर ऋषभ मलिक की लहरा संगत ने प्रस्तुति को और सजीव बना दिया। सबसे कम आयु के प्रतिभागी शिवांग सोलंकी और अद्वैत एन. वशिष्ठ रहे। ऑनलाइन और ऑफलाइन सहभागिता ने यह संदेश दिया कि संगीत की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। नादोत्सव का दूसरा प्रमुख आकर्षण पुणे के प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक विशाल मोघे का गायन रहा। सारंग फगरे (तानपुरा), मुनि मालवीय (हारमोनियम) और मनोज पाटीदार (तबला) की संगत ने प्रस्तुति को यादगार बना दिया। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प भी दोहराया।

प्रेम, स्मृति और युद्ध की त्रासदी की कहानी

# सिने’ क्लासिक में फ्रांसीसी फिल्म ‘हिरोशिमा मोन अमूर’ फिल्म का प्रदर्शन



**जागरण, भोपाल।** अलायन्स फ्रांसेज दे भोपाल और सिने’ क्लासिक के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सिनेमा की चर्चित फ्रांसीसी फिल्म ‘हिरोशिमा मोन अमूर’ (1959) का प्रदर्शन किया गया। प्रख्यात निर्देशक एलेन रेनै और लेखिका मार्गरीत दुरास की यह कालजयी कृति फिल्म प्रेमियों, विद्यार्थियों, कलाकारों और शिक्षकों के लिए यादगार सिनेमाई अनुभव साबित हुई। प्रदर्शन के बाद आयोजित चर्चा में विशेषज्ञों और दर्शकों ने फ्रांसीसी न्यू वेव आंदोलन, सिनेमा की बदलती भाषा और फिल्म की कलात्मक शैली पर विचार साझा किए। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य भोपाल के दर्शकों को विश्व सिनेमा की श्रेष्ठ कृतियों से जोड़ना और गंभीर सिनेमाई संवाद को बढ़ावा देना है।

### प्रेम, स्मृति और युद्ध की त्रासदी की मार्मिक कहानी

फिल्म की कहानी युद्ध के बाद के हिरोशिमा में एक फ्रांसीसी अभिनेत्री और एक जापानी वास्तुकार के बीच विकसित होने वाले अल्पकालिक लेकिन गहरे भावनात्मक रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। यह संबंध केवल प्रेम कथा नहीं, बल्कि युद्ध की विभीषिका, बिछड़ने की पीड़ा और स्मृतियों के बोझ को भी सामने लाता है। फिल्म अपनी गैर-रैखिक कथा शैली, काव्यात्मक दृश्यांकन और संवेदनशील प्रस्तुति के माध्यम से यह सवाल उठाती है कि क्या इंसान कभी अपने अतीत से पूरी तरह मुक्त हो सकता है। दर्शकों ने इसे मनोरंजन से आगे बढ़कर आत्ममंथन और इतिहास को नए नजरिये से समझने वाली प्रभावशाली सिनेमाई कृति बताया।


**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड**
(CIN No. U75110MP2015SGC034139)
(म.प्र शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग) परियोजना प्रबंधन इकाई
अमरकंटक भवन इंदिरा प्रेस कॉम्पलेक्स एम.पी. नगर जोन -1 , भोपाल- 462011
फोन : 91+755-2763060, 61, 62, फैक्स नं. : 91+755-2763868
ई-मेल : mpusipbpl@gmail.com
क्र. MPUDC/UDHD/2026/8812 भोपाल, दिनांक : 24.07.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड द्वारा निम्न कार्यों की ऑनलाइन निविदाएं वेबसाइट www.mptenders.gov.in/nicgep/app MPUDC-MDB tenders पर आमंत्रित की जाती हैं:-

| स. क्र. | विवरण | निविदा प्रारंभ तिथि | निविदा समाप्ति तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद अकोडा जिला - भिण्ड, मध्यप्रदेश में जलप्रदाय व्यवस्था का उन्नयन का शेष कार्य। एमपीयूएसआईपी पैकेज 4J-(1) (द्वितीय आमंत्रण) | 28.07.2026 | 29.08.2026 |
| 2. | नगर परिषद चांद, जिला छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश में जलप्रदाय व्यवस्था का उन्नयन का शेष कार्य। एमपीयूएसआईपी पैकेज 5C-(1) | 28.07.2026 | 29.08.2026 |
| 3. | नगर परिषद अठाना, जिला नीमच, मध्यप्रदेश में जलप्रदाय व्यवस्था का उन्नयन का शेष कार्य। एमपीयूएसआईपी पैकेज 3F(1) | 28.07.2026 | 29.08.2026 |

2. इच्छुक निविदाकारों द्वारा अन्य आवश्यक जानकारी एवं विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in/nicgep/app MPUDC-MDB tenders पर देखा जा सकता हैं। उपरोक्त पैकेजों की निविदा आमंत्रण सूचना को म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की वेबसाइट www.mpudc.co.in तथा म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग की वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है। 3. निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जायेगा तथा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
म.प्र. माध्यम/127170/2026 उप परियोजना संचालक (तक.)

**M.P.MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
OFFICE OF THE CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)
NISHTHA PARISAR, BIJLINAGAR, GOVINDPURA, BHOPAL-462023
Phone : 0755-2588291, E-mail : sepurchasebr@gmail.com
NIT No.: CGM/BR/02/Pur/3858 Bhopal, Dated : 24.07.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invites bids from eligible bidders for following Work :-

| TS No. | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | EMD (Rs.) | Date of Opening of Bids online |
|---|---|---|---|---|---|
| CGM/BR/ TS-168 | Rate Contract for Supply of 33 KV & 11 KV Vacuum Interrupter | 73.71 Lakh | 5000/-+ GST @ 18 % Extra | 1.47 Lakh | 14.08.2026 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/127177/2026 CHIEF GENERAL MANAGER BHOPAL REGION

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijalee Nagar, Govindpura, Bhopal-23
Phone No. : 0755-2602033-36, Fax : 2589821, 2586636
Ref. : MD/MK/04/Abgd.NIT/1456 Date : 24.07.2026

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Bhopal, invites online bids through e-tendering :

| Tender specification Number | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Fee including GST @ 18% (In Rs.) | Pre-bid Meeting | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| MD/MK/ 04/1316 | Procurement of Smart Phone for Newly Created FOC's under MPMKVVCL, Bhopal | 7.43 | 1180.00 | 03.08.2026 at 03:30 PM | 14.08.2026 at 03:30 PM |

Other details are available on Company website https://portal.mpcz.in & “https://mptenders.gov.in”
M.P. Madhyam/127168/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)

•11• राज्य •31• संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित www.dainikjagranmpcg.com


## नगर में आज

**कराओके म्यूजिकल नाईट**
- **स्थान:** अध्ययन भवन, शिवाजी नगर
- **समय:** शाम 7 बजे से

**प्रणाम पावस गीत गोष्ठी**
- **स्थान:** दुष्यंत संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 3:00 बजे से

**मासिक गोष्ठी/ कविता पाठ**
- **स्थान:** एम-25 निराला नगर
- **समय:** शाम 5:00 बजे

**सदा**
- **स्थान:** बैठक द आर्ट हाउस
- **समय:** सबुह 11:00 से 4:00 बजे

**विमर्श**
- **स्थान:** हिंदी भवन
- **समय:** दोपहर 3:00 बजे से

**कजरी-झूला गायन महोत्सव**
- **स्थान:** भारत भवन
- **समय:** शाम 7 बजे से

# निशातपुरा आरओबी का 40 फीसदी काम ही पूरा, बढ़ी डेडलाइन

## यात्रियों के लिए स्टेशन कल होगा शुरू, ब्रिज के लिए करना होगा इंतजार, निर्माण कार्य पर 90 करोड़ की राशि हो रही खर्च

**नगर संवाददाता, भोपाल।** निशातपुरा रेलवे स्टेशन रविवार को शुरू होने जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किए गए इस स्टेशन के लिए मौजूदा पहुंच मार्ग बहुत कठिन है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने करीब दो साल पहले निशातपुरा रेलवे ओवर ब्रिज का प्रस्ताव तैयार किया था। जिस पर रेलवे की मुहर लगने के बाद काम शुरू किया गया। अब तक इस आरओबी का सिर्फ 40 फीसदी काम ही पूरा हो सका है। शेष 60 फीसदी काम को पूरा करने के लिए रेलवे के सिविल डिपार्टमेंट ने मार्च 2027 की डेडलाइन तय कर दी है। हालांकि जब काम शुरू हुआ था, तब इसे नवंबर 2026 में पूरा करने की घोषणा की गई थी। लेकिन यह प्रोजेक्ट अपने समय से पिछड़ चुका है।

इस ब्रिज के लिए बजट राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया है। लेकिन निर्माण एजेंसी रेलवे है। ब्रिज की डिजाइन पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन ने मिलकर बनाई है। जिसे रेलवे के हवाले किया गया है। जानकारी अनुसार इस ब्रिज को बनवाने में क्षेत्रीय विधायक और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग का अहम योगदान है। उन्होंने ही सबसे पहले इस ब्रिज के निर्माण की मांग उठाई थी।




### छह रेलवे टैक को पार करने वाला पहला ब्रिज

राजधानी में इस समय कई आरओबी मौजूद हैं। लेकिन ऐसा ब्रिज कोई भी नहीं है, जिसके नीचे से रेलवे की एक साथ छह या सात ट्रेक गुजर रहे हों। निशातपुरा रेलवे ओवर ब्रिज की डिजाइन इस तरह तैयार की गई है कि इसके नीचे रेलवे के छह ट्रैक गुजरेंगे। जानकारी अनुसार देश का पहला रेलवे ओवर ब्रिज होगा, जिस पर भारी वाहनों की आवाजाही भी संभव होगी। इससे शहर की 15 लाख आबादी को फायदा मिलेगा और करीब 5 किमी का चक्कर बचेगा। इस ब्रिज की लंबाई 610 मीटर और चौड़ाई 7.5 मीटर रहेगी। राच्य सरकार के इस प्रोजेक्ट को रेलवे पूरा करेगा। इसके लिए रेलवे को 72 करोड़ रुपए दिए गए हैं। बाकी राशि भी जारी की जाएगी। कुल बजट करीब 90 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

### दोनों तरफ के यात्रियों को गुजरना होगा अंडरपास से

जब तक आरओबी नहीं बन जाता जब तक निशातपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए यात्रियों को सकरे मार्ग का इस्तेमाल करना होगा। यहां का जो पहुंच मार्ग है, वह भानपुर और छोला क्षेत्र से होकर गुजरता है। सिर्फ करोंद क्षेत्र के लोग सीधे तौर पर आ सकते हैं। शेष भोपाल की जनता को निशातपुरा स्टेशन पहुंचने के लिए छोला और भानपुर रेल की पटरियों के नीचे बने अंडर पास से होकर गुजरना होगा। वाहनों का थोड़ा भी दबाव बढ़ने पर यहां जाम की स्थिति बन जाती है। इससे कई बार यात्रियों की ट्रेन छूटने जैसी समस्याएं सामने आएंगी।

### कनेक्टिविटी के लिए सबसे बेहतर विकल्प

यह ब्रिज भोपाल के दो हिस्सों को जोड़ने के लिए सबसे बेहतर विकल्प बनने जा रहा है। वर्तमान में भोपाल के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से छोला की ओर जाने के लिए छोटी गाड़ियों को पुलिया से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं बड़ी गाड़ियों को भारत टॉकीज ब्रिज से होकर लगभग 5 किमी लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इस आरओबी के निर्माण से यह 5 किमी का चक्कर नहीं लगाना होगा। साथ ही ट्रैफिक की समस्या से भी क्षेत्रवासियों को निजात मिलेगी।

### अंडरपास की चौड़ाई बेहद कम

शहर में जहां कहीं भी रेलवे लाइन के नीचे अंडर पास है, वहां की चौड़ाई ठीक ठाक है, लेकिन कोच फैक्ट्री वाले रास्ते पर बने दोनों अंडरपास की चौड़ाई बहुत कम है। यहां से एक साथ दो ऑटो नहीं गुजर सकते। यदि आमने सामने से ऑटो आ जाएं, तो अंडरपास में जाम लगना शुरू हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंदिर ले जाने के बहाने टीचर से किया दुष्कर्म

**जागरण, भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र में एक शासकीय स्कूल की टीचर से सहकर्मी ने रेप किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 47 वर्षीय पीड़िता और आरोपी एक ही सरकारी स्कूल में काम करते हैं। आरोपी ऋषि दयाल गजभिये स्कूल में अकाउंटेंट है और वह पहले से शादीशुदा है। उसकी 22 साल की बेटी भी है। 17 दिसंबर 2025 में आरोपी उसे मंदिर ले जाने के बहाने अपने ट्रांसपोर्ट नगर घर ले गया, जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जान से मारने की धमकी देकर करीब छह महीने तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने जानकारी पति को दी। इसके बाद थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### मिक्सर मशीन पलटने से मजदूर की मौत

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में कंक्रीट मिक्सर मशीन पलटने से 19 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना उसके गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर किलाल गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। 19 वर्षीय राहुल कुशवाह बसई गांव में रहता था। वह निर्माण कार्य में छत की ढलाई का काम करता था। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे वह काम पर जाने के लिए घर से निकला था। राहुल कंक्रीट मिक्सर मशीन पर बैठा हुआ था। रास्ते में अचानक मशीन का एक टायर निकल गया, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और मशीन पलट गई। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत बैरसिया अस्पताल पहुंचाया, जहां शुरुआती इलाज के बाद हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### दीवार फांदकर शिव मंदिर की दानपेटी ले गए चोर

**जागरण, भोपाल।** मिसरोद में चोरों ने शिव मंदिर से दानपेटी चोरी कर ली। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। नारायण सिंह मालवीय (38) श्रीकृष्णपुरम कॉलोनी में रहते हैं। फार्चून कस्तूरी सोसायटी में सुपरवाइजर है। उनकी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में स्टील की दानपेटी रखी हुई थी। बुधवार सुबह मंदिर के पुजारी अमित शर्मा पहुंचे तो दानपेटी रखी थी। इसके बाद शाम करीब साढ़े 7 बजे पुजारी ने उन्हें फोन कर बताया कि मंदिर से दानपेटी चोरी हो गई है। इसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई, जिसमें एक युवक मंदिर से दानपेटी उठाकर दीवार फांदते हुए ले जाता दिखाई दिया। वहीं, उसका एक साथी मंदिर के बाहर खड़ा नजर आया।

# मरघट की जमीन पर कब्जा कर बनाया शॉपिंग कॉम्पलेक्स, प्रशासन ने ढहाया

## ग्राम मुंडला की अवैध कालोनी पर भी कार्रवाई, 1.21 एकड़ जमीन पर 4 पार्टनर काट रहे थे अवैध कालोनी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर की अवैध कालोनियों और शासकीय भूमि पर कई दिनों से बंद कार्रवाई शुक्रवार से फिर से शुरू हो गई। तहसील हुजूर के अंतर्गत नीलबड़ इलाके में शासकीय जमीन पर कब्जा कर बनाए गए 20 दुकानों के शॉपिंग कॉम्पलेक्स को ढहाने की कार्रवाई की गई। यह कॉम्पलेक्स मरघट की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया गया था। इसके अलावा तहसील हुजूर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुंडला की 1.21 एकड़ जमीन पर चार पार्टनर मिलकर अवैध कालोनी काट रहे थे, जिसे प्रशासन ने कार्रवाई कर जमींदोज कर दिया। जानकारी के अनुसार यह कालोनी सीधे कृषि भूमि पर काटी जा रही थी। जमीन का डायवर्जन कराए बगैर और अन्य अनुमतियों के बिना ही प्लॉट बेचे जाने की तैयारी थी, जिसके चलते भविष्य में खरीदारों को बिजली, स्ट्रीट लाइट, सीवेज और ड्रेनेज नेटवर्क की समस्या आती। लोगों को समस्या से बचाने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई कर कालोनी की फेंसिंग, एप्रोच रोड सहित अन्य निर्माण तोड़कर काम रुकवा दिया।



> हुजूर तहसील में बने अवैध निर्माणों को चिन्हित कर जमींदोज करने का काम किया जा रहा है। नीलबड़ में अवैध शॉपिंग कॉम्पलेक्स के साथ मुंडला में अवैध कालोनी का काम रुकवाया गया। अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।
>
> **विनोद सोनकिया,** एसडीएम हुजूर

### एप्रोच रोड, फेंसिंग सहित अन्य निर्माण जमींदोज

ग्राम मुंडला में 1.21 एकड़ जमीन पर अवैध कालोनी काटे जाने की तैयारी थी। मुकेश पाटीदार की खसरा क्रमांक 233/1/1 की 0.101 हेक्टेयर जमीन, कमला देवी की खसरा क्रमांक 233/1/2 की 0.102 हेक्टेयर जमीन, रेखा सचदेव की खसरा नंबर 233/1/3 की 0.142 हेक्टेयर और अनिल पाटीदार की खसरा नंबर 233/1/4 की 0.142 हेक्टेयर जमीन जिसका कुल क्षेत्रफल 0.49 हेक्टेयर (1.21 एकड़) है। अवैध कालोनी काटी जा रही थी। यहां भी एप्रोच रोड, फेंसिंग सहित अन्य निर्माण जमींदोज कर कालोनी का काम रुकवाया गया।

### 20 दुकानें निकालकर बेचे जाने की तैयारी थी

नीलबड़ इलाके में व्हीएंडके एसोसिएट्स विजेन्द्र सिंह ठाकुर और कृष्णकांत शुक्ला द्वारा श्मशान भूमि के लिए आरक्षित 8719 वर्गफीट जमीन पर कब्जा कर अवैध शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कर लिया गया था। इस दौरान 20 दुकानें निकालकर बेचे जाने की तैयारी थी। प्रशासन ने अतिक्रमणकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद शुक्रवार को बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा पहले नोटिस जारी कर अनुमतियां मांगी गई थीं। जानकारी न मिलने के बाद कार्रवाई की गई।

**कफ सिरप केस, एसटीएफ ने मेडिकल संचालक को भेजा जेल**

# घर और दुकान से मिले थे कफ सिरप के बैच नंबर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य के नकली कफ सिरप के बड़े खुलासे के बाद स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सागर जिले से एक युवक को पुलिस रिमांड पर लेकर तीन दिनों तक पूछताछ की। रिमांड खत्म होने के बाद शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, सिटिजन जैन उर्फ मोनू मस्त को कफ सिरप गिरोह से मिले इनपुट के बाद उठाया था।



इस दौरान सागर में उसके घर की तलाशी के दौरान उसी बैच नंबर के स्टिकर मिले हैं, जिसे लगाकर भोपाल में गिरोह कफ सिरप का काला कारोबार कर रहा था। इसके अलावा मस्त के कफ सिरप केस में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से संपर्क का भी खुलासा हुआ है। एसटीएफ एसपी राजेश भदौरिया के अनुसार, एसटीएफ इस गिरोह से जुड़े सभी संदिग्धों की जांच कर रही है और आने वाले दिनों में इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य खुलासे भी हो सकते हैं।

### फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की जांच से हुआ था खुलासा

जून माह में एसटीएफ ने भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र में एक अवैध री-पैकिंग फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली और नशीले कफ सिरप के बड़े कारोबार का पर्दाफाश किया था। ये कफ सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जा रहा था और इस पूरे नेटवर्क की कड़ी सागर जिले से भी जुड़ी मिली। इस मामले में करीब एक माह पहले एसटीएफ ने सागर के पगारा रोड स्थित जैन के मेडिकल स्टोर और गोदाम पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की थी। एसटीएफ ने जब भोपाल में इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया था, तो उनके फाइनेंशियल और बैंक स्टेटमेंट की जांच के दौरान मस्त का नाम सामने आया था। इसके बाद सागर से उसे हिरासत में लेकर रिमांड पर पूछताछ की गई। मस्त को भी नशीली दवा के कारोबार से जुड़े इस मामले में अब सह आरोपी बनाया गया है।

# निशातपुरा में फिर मिला मवेशी का सिर, विहिप ने किया प्रदर्शन

## एक सप्ताह में दूसरा मामला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**जागरण, भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर मवेशी का कटा सिर मिलने से इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल के पास 80 फीट रोड स्थित एक चिकन शॉप के पास मवेशी का कटा सिर मिलने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंडी करोंद चौकी का घेराव किया और नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गौवध अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

सूचना मिलते ही निशातपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मवेशी के अवशेष जब्त कर जांच के लिए भेज दिए हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है।

### हाल ही में सामने आया था गौवंश तस्करी का मामला

गौरतलब है कि 17 जुलाई को निशातपुरा थाना क्षेत्र में डेयरी की आड़ में कथित गौवंश वध और गोमांस तस्करी का मामला सामने आया था। पुलिस ने कमल नगर क्षेत्र में कार्रवाई कर संदिग्ध मांस जब्त किया था। इसके बाद मुख्य आरोपी, उसके बेटे और दामाद सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हुए हैं। अमित मालवीय (18) ग्राम डूंगरिया में रहता था। नौ जुलाई को दोस्त अभिराज के साथ बाइक से बर्राई गांव जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे तेली वाले खेत के मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार चालक और उसका साथी भी घायल हुए थे। सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। अमित की हालत गंभीर होने पर हमीदिया रेफर किया गया, यहां गुरुवार को मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया था। अब आरोपी पर संबंधित धाराएं बढ़ाई हैं।

# स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग, एमबीबीएस छात्रों ने शुरू की हड़ताल




**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में एमबीबीएस इंटर्न्स ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर 2 बजे से चिकित्सीय कार्य का बहिष्कार शुरू कर दिया। हड़ताल का असर सरकारी मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों में दिखाई देने लगा है। ओपीडी, वार्ड और इमरजेंसी में मरीजों के प्रारंभिक परीक्षण, फाइल तैयार करने, सैंपल भेजने और अन्य नियमित कार्यों की रफ्तार प्रभावित हुई है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को अधिक इंतजार करना पड़ रहा है। इंटर्न्स का कहना है कि लंबे समय से वे स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्हें कार्य बहिष्कार का कदम उठाना पड़ा। दूसरी ओर अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टर और रेजिडेंट डॉक्टर अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन इंटर्न्स की अनुपस्थिति से रोजमर्रा के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इंटर्न्स ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। वहीं मरीजों और उनके परिजनों को उम्मीद है कि शासन और इंटर्न्स के बीच जल्द बातचीत होगी, ताकि अस्पतालों की व्यवस्था सामान्य हो सके और इलाज के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**अपराध रोकने की कवायद** — घरों से भागे लोगों को वापस पहुंचाने से लेकर पुनर्वास की भी योजना

# प्लेटफॉर्म पर घूमने वालों का डिजिटल डोजियर बना रही जीआरपी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रेलों में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए प्रदेश की शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) अब रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर घूमने वाले, रहने वाले और परेशानी पैदा करने वालों का डिजिटल डोजियर बना रही है। इसके लिए एक माह का अभियान चलाया जा रहा है। 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत अब तक 591 ऐसे लोगों की जानकारी जुटा ली है। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन पर सफाई और अपराध नियंत्रण को मजबूत बनाने के लिए उठाया गया है। इस डिजिटल डोजियर को न केवल जीआरपी के रिकॉर्ड में रखा जाएगा, बल्कि इसे पूरे प्रदेश भर के पुलिस थानों को भी भेजा जाएगा, ताकि घरों से भागकर आए लोगों को वापस उनके परिजनों को सौंपा जा सके।

**डिजिटल डोजियर के जरिए एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी:** एडीजी रेल राजाबाबू सिंह ने पिछले दिनों जीआरपी की कमान संभालने के बाद इसे प्रदेश भर के सभी जीआरपी यूनिट में शुरू करने का फैसला लिया था। डिजिटल डोजियर के जरिए रेलवे स्टेशनों, सर्कुलेटिंग एरिया जैसी जगह में ठिकाना बनाने वालों की पूरी जानकारी को कंप्यूटर और डिजिटल सिस्टम में सुरक्षित रूप से रखा जाता है। इसके तहत रेलवे प्लेटफॉर्म को ही आशियाना बनाने वाले बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की तस्वीर, नाम, उम्र, पहचान के निशान, रहने की जगह, घूमने का तरीका और पहले की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि के साथ उसकी मानसिक स्थिति का ब्यौरा लिया जाता है। इसके बाद डिजिटल डोजियर को जीआरपी के डेटाबेस में भेजा जाता है, ताकि जरूरत पड़ने पर एक क्लिक के जरिए ही किसी भी व्यक्ति के नाम, उम्र, हुलिए के जरिए उसकी जानकारी जुटाई जा सके। इसके लिए जीआरपी की टीम अब प्लेटफॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया पर गश्त के दौरान ऐसे लोगों की जानकारी जुटा रही है।



### इस कारण शुरू की योजना

जीआरपी अधिकारियों के अनुसार, रेलवे स्टेशनों पर आवारा घूमने वाले और बेघर लोग कई बार यात्री सुरक्षा के लिए खतरा बन जाते हैं। इनमें से अधिकांश चोरी, छेड़छाड़ या अन्य छोटे-?ोटे अपराधों में शामिल होते हैं। इनके प्लेटफॉर्म पर रहने से सफाई की समस्या भी बढ़ती है और अधिकांश लोग भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते हैं। इनमें से अधिकांश अपने घरों से भागकर आए होते हैं। इसका एक फायदा यह भी होगा कि ऐसे लोगों की जानकारी संबंधित पुलिस थानों तक पहुंचने पर इन्हें इनके घरों तक वापस भी पहुंचाया जा सकता है। जीआरपी को इसमें प्रारंभिक तौर पर सफलता भी मिली है और भोपाल, इटारसी, जबलपुर और इंदौर में ऐसे कई बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### मिलेगा इलाज, आश्रय स्थलों में होगी शिफ्टिंग

रेल अफसरों के मुताबिक डिजिटल डोजियर बनाने से ट्रेनों में यात्री सुरक्षा बढ़ेगी। अगर कोई व्यक्ति बार-बार परेशानी पैदा करता है, तो पुलिस उसे आसानी से पहचानकर कार्रवाई कर सकेगी। इसके अलावा पहले से संदिग्धों की जानकारी होने से छोटी घटनाओं को बड़े अपराध में बदलने से रोका जा सकेगा। इसके अलावा कई आवारा मानसिक कमजोरी, नशे की लत या बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, ऐसे लोगों को अब डोजियर की मदद से पहचानकर सरकारी योजनाओं, आश्रय स्थलों या मेडिकल मदद तक दिलाई जा सकेगी और उनके पुनर्वास के इंतजाम किए जा सकेंगे। इसका एक फायदा सफर करने वाले यात्रियों को भी मिलेगा, क्योंकि प्लेटफॉर्म साफ-सुथरा रहेगा और स्टेशन पर भीख मांगने वालों से मुसाफिरों को होने वाली परेशानी भी खत्म होगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी दोनों पुलिसकर्मी जेल भेजे गए, होगा निलंबन

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में 17 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार दोनों पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों की संबंधित यूनिट को भी घटना की सूचना भेज दी है, जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ निलंबन और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जहांगीराबाद थाना प्रभारी राजन अहिरवार ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। उनकी यूनिट को पत्र भेजा गया है, ताकि नियमानुसार निलंबन सहित अन्य विभागीय कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि 22 जुलाई की शाम धार में पदस्थ एसएएफ आरक्षक संतोष सेन ने एक परिचित महिला के माध्यम से 17 वर्षीय नाबालिग को बेटी के जन्मदिन की पार्टी में ले जाने बहाने अपना शिकार बना लिया। हैरत की बात है कि आरोपी का साथी पुलिसकर्मी अपने 3-4 साल के बेटे के साथ बाहर पहरा देता रहा। दोनों आरोपी ग्वालियर और धार में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# 'भविष्य' सुरक्षित करने निर्दोष परीक्षाएं जरूरी

*प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ छात्रों का आंदोलन अपनी जगह है और उनकी संतुष्टि के बाद ही इसका समापन होगा। फिलहाल, समय संयम और संवाद का है। अब इस आंदोलन का जो आकार हो गया है, उसमें कई सियासी कोण बन गए हैं, तो इसके पटाक्षेप में भी कुछ वक्त लग सकता है। सियासत से अलग अगर देखें, तो गुरुवार को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कड़ा रुख दिखाया है, उससे लगता है कि देश में परीक्षा-पारदर्शिता के एक नए दौर का आगाज हो सकता है। सरकार ने परीक्षा पत्र लीक के जिम्मेदार लोगों को दंडित करने के लिए त्वरित अदालतें या फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया है। वाकई, युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए परीक्षाओं को निर्दोष बनाना होगा। परीक्षाओं को दोषरहित बनाने के लिए परीक्षा तंत्र को निर्दोष बनाना होगा और इसके लिए सबसे जरूरी है, इस तंत्र में शामिल भ्रष्ट लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। जब तक कड़ी सजा नहीं मिलेगी, तब तक पेपर लीक को रोकना मुश्किल है। गुरुवार को उत्तराखंड से आई पेपर लीक की खबर चिंता जताती है।*

*देश में पेपर लीक के खिलाफ कड़े कानून की मांग हो रही है, जबकि दो साल पहले ही बने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत दोषियों को तीन से पांच वर्ष तक की कैद और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है, जबकि अगर कोई गिरोह ऐसा करे, तो सजा बढ़कर पांच से 10 वर्ष की कैद और कम से कम एक करोड़ रुपये का जुर्माना हो जाती है। इतने कड़े कानून के बाद जरूरी है कि दोषियों को मुस्तैदी से सजा दिलवाई जाए। इसमें अब पुलिस के साथ फास्ट ट्रैक कोर्ट की भी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी।*

*कुछ राज्यों ने ऐसी विशेष अदालतों को गठन किया है और जिस भी राज्य को इसकी जरूरत महसूस हो रही हो, उसे ऐसा करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही घोषणा की है कि जो लोग हमारे युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। इस घोषणा को साकार करने की जिम्मेदारी सरकार के साथ उन तमाम लोगों को निभानी पड़ेगी, जो परीक्षा तंत्र से जुड़े हुए हैं। यह छात्र आंदोलन जब समाप्त हो जाएगा, तब छात्र संगठनों को सजग रहना पड़ेगा।*

*फिलहाल चिंता के केंद्र में उन लाखों छात्रों का भविष्य है, जो प्रतियोगिता परीक्षाओं के तौर-तरीकों को लेकर अविश्वास जता रहे हैं। उनके आंदोलन के मूल में उन लाखों अभिभावकों की फिक्र है, जिनका भरोसा बार-बार पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को लेकर डगमगा रहा है। एक बात से तो इनकार नहीं किया जा सकता कि देश की कई महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में लोगों का विश्वास कम हुआ है। ऐसे में देश के नीति-नियंताओं को पारदर्शी सुधार लाकर और बेहतर जवाबदेही के माध्यम से दरके हुए विश्वास को जल्द बहाल करने की जरूरत है।*

*परीक्षा सुधार के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक बड़ा सुधार यह है कि नीट की अगली परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। कागज-कलम की भूमिका समाप्त हो जाएगी, तो लीक पर भी लगाम लगेगी। परीक्षाओं में सुई बराबर सेंध की भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। दूसरी बात, सीबीआई जांच में तेजी लानी चाहिए। साल 2024 में नीट-यूजी पेपर लीक की जांच और सुनवाई अभी तक पूरा नहीं हुआ है। 2026 में पेपर लीक के दोषियों को कम से कम समय में सजा दिलाने में सीबीआई की भूमिका होनी चाहिए। तीसरी बात, उन तमाम अच्छी सिफारिशें को लागू करने की जरूरत है, जिनसे परीक्षा-पारदर्शिता सोलह आना सुनिश्चित हो। समय आ गया है, किसी भी प्रश्न पत्र से जुड़े लोगों को परीक्षा होने तक सार्वजनिक संपर्कों से अलग रखा जाए। देश में परीक्षा तंत्र के विशेषज्ञों व ईमानदार लोगों की कमी नहीं है, बस इन्हें काम करने देना चाहिए।*

## प्रसंगवश

# भूजल संकट से निपटने करें वर्षा जल संग्रहण

*यह आंकड़ा डराने वाला है कि उत्तर भारत में भूजल का स्तर 450 घन किलोमीटर तक घट गया है। पिछले दो दशकों में आई यह गिरावट इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में खेती व जीवनयापन के लिए पानी की किल्लत हो सकती है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के 'विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर' के एक अध्ययन में बताया गया है कि दो दशक में भूजल में आयी यह कमी भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की कुल जल भंडारण मात्रा का 37 गुना है। दरअसल, भूजल में इस कमी की एक बड़ी वजह वर्ष 1951 से 2021 के बीच मानसूनी बारिश में 8.5 फीसदी की कमी आना है। इस संकट का दूसरा पहलू यह भी है कि उत्तर भारत में सर्दियों के तापमान में 0.3 सेल्सियस वृद्धि देखी गई है। इस बात की पुष्टि हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान के शोधार्थियों के एक दल ने की है। मानसून के दौरान कम बारिश होने और सर्दियों के दौरान तापमान बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में निश्चित रूप से सिंचाई के लिये पानी की मांग में वृद्धि होगी। वहीं पानी की मांग बढ़ने से भूजल पुनर्भरण में भी कमी आएगी। जिसका दबाव पहले से ही भूजल के संकट से जूझ रहे उत्तर भारत के इलाके पर पड़ेगा। हैदराबाद स्थित एनजीआरआई का अध्ययन चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जहां एक ओर मानसून के दौरान बारिश में कमी आएगी, वहीं सर्दियों में अपेक्षाकृत अधिक तापमान रहने से भूजल पुनर्भरण में छह से 12 फीसदी तक की कमी आ सकती है। संकट का एक पहलू यह भी है कि हाल के वर्षों में मिट्टी में नमी में कमी देखी गई है। जिसका निष्कर्ष यह भी है कि आने वाले वर्षों में सिंचाई के लिये पानी की मांग में वृद्धि होगी। निश्चित ही यह स्थिति हमारी खेती और खाद्य श्रृंखला की सुरक्षा के लिये चिंताजनक कही जा सकती है।*

*वहीं दूसरी ओर शोधार्थियों ने अपने अध्ययन में पाया है कि मानसून के दौरान बारिश के प्रतिशत में गिरावट तथा सर्दियों में तुलनात्मक रूप से मौसम के गर्म होने से फसलों की सिंचाई के लिये अधिक भूजल की जरूरत पड़ेगी। इसकी वजह यह भी है कि सर्दियों में तापमान अधिक होने से खेतों की मिट्टी तुलनात्मक रूप से शुष्क हो जाती है। यह कमी तभी पूरी हो सकती है जब हल्की बारिश की अवधि अधिक हो। देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि भूजल के स्तर को कैसे ऊंचा रखा जा सके। जहां एक ओर वर्षा जल संग्रहण को ग्रामीण व शहरी इलाकों में युद्धस्तर पर शुरू करने की जरूरत है, वहीं अधिक पानी वाली फसलों के चक्र में बदलाव लाने की भी आवश्यकता है। इस संकट के आलोक में खेतिहर वर्ग को मुफ्त बिजली-पानी की राजनीति पर पुनर्विचार की जरूरत भी है। भूजल की सहज व सस्ती उपलब्धता उसके अधिक उपयोग को प्रेरित करती है। कृषि वैज्ञानिकों को ऐसी फसलों के लिये अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा, जो ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के बावजूद अधिक तापमान व कम पानी में अधिक उपज दे सकें। सरकारों को यह नहीं भूलना चाहिए कि 140 करोड़ लोगों के लिये खाद्यान्न उपलब्ध कराना उनका प्राथमिक दायित्व है। खाद्यान्न के उत्पादन में कमी कालांतर महंगाई का कारण भी बनती है, जिससे जनाक्रोश में भी वृद्धि होगी। नीति-नियंताओं को गंभीरता से सोचना होगा कि पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रही खेती को कैसे लाभकारी बनाया जाए। यदि भूजल का यह संकट भविष्य में और गहराता है तो यह असंतोष का वाहक ही बनेगा। हमें बदलते मौसम के अनुकूल ही अपनी रीतियां-नीतियां बनानी होंगी। साथ ही पूरे देश में पानी के उपयोग के लिये अनुशासन की भी जरूरत होगी। अब चाहे हम नागरिक के रूप में हों, उद्योग व अन्य क्षेत्र में, पानी का किफायती उपयोग आने वाले भूजल संकट से हमारी रक्षा कर सकता है। यह एक गंभीर समस्या है और सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी इस चुनौती से मुकाबले के लिये जरूरी होगी।*



## आज का मुद्दा

# छात्रों को कक्षाओं में रहना सिखाएं, सड़कों पर नहीं

● किरण बेदी ●

सुलभ संस्थान, उत्तरदायी नेतृत्व और प्रारंभिक संवाद विरोध प्रदर्शनों को हिंसक टकराव में बदलने से रोक सकते हैं। हाल की घटनाओं ने दो समानांतर कथाओं को उजागर किया है। एक ओर टेलीविज़न चैनल घायल पुलिस कर्मियों को दिखा रहे हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर घायल छात्रों और युवा आंदोलनकारियों की तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं। प्रसारण के प्रत्येक माध्यम ने टकराव के केवल एक पक्ष को पकड़ा है। दरअसल बड़ी कहानी कहीं और है। असली समस्या जवाबदेही है। जब सिस्टम विफल हो जाता है तब पुलिस और छात्र एक दूसरे के सामने आ जाते हैं। छात्रों की शिकायतें अनसुनी रह गई, संचार टूट गया और संस्थाओं ने विश्वास पैदा करना बंद कर दिया है। इसके बाद पुलिस को ऐसी स्थिति को संभालने के लिए बुलाया जाता है, जो कभी भी उन तक नहीं पहुंचनी चाहिए थी। इसलिए, सवाल केवल यह नहीं है कि कौन घायल हुआ? अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है- टकराव को रोकने के लिए क्या किया जा सकता था?

प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान की जिम्मेदारी है शिक्षित करना और मार्गदर्शन करना। प्रत्येक सार्वजनिक संस्थान सुनने, जवाब देने और हल करने के लिए है। जब ये जिम्मेदारियां कमजोर हो जाती हैं, तो निराशा सड़कों पर फैल जाती है। छात्र कक्षाओं से इसलिए नहीं निकलते क्योंकि उन्हें विरोध करना अच्छा लगता है। वे सड़कों पर तब आते हैं जब उन्हें लगता है कि संस्थानों के दरवाजे उनके लिए बंद हो गए हैं। सुधार वहीं से शुरू होना चाहिए।



> "छात्र कक्षाओं से इसलिए नहीं निकलते क्योंकि उन्हें विरोध करना अच्छा लगता है। वे सड़कों पर तब आते हैं जब उन्हें लगता है कि संस्थानों के दरवाजे उनके लिए बंद हो गए हैं। सुधार वहीं से शुरू होना चाहिए।

### सबसे पहले संस्था में हो सुनवाई

प्रत्येक कुलपति, प्राचार्य, निदेशक और डीन को प्रत्येक कार्य दिवस में छात्रों के लिए विशेष रूप से एक निश्चित घंटा आरक्षित करना चाहिए। कोई नियुक्ति नहीं। कोई प्रोटोकॉल नहीं। सिर्फ़ खुली पहुंच। उनकी बात सुने जाने का एक अवसर अक्सर कुंठा को उत्तेजना में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त होता है। प्रत्येक नौकरशाह (निर्वाचित प्रतिनिधि) को व्यवस्थित रूप से छात्रों की बात सुनने और जवाब देने के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

### पारदर्शी शिकायत निवारण केंद्र स्थापित हो

प्रत्येक शिकायत जो शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय, छात्रावास-संबंधी या अनुशासनात्मक हो, को डिजिटल रूप से पंजीकृत, स्वीकार किया जाना चाहिए। ट्रैक किया जाना चाहिए और स्पष्ट रूप से परिभाषित समय सीमा के भीतर हल किया जाना चाहिए। छात्रों को पता होना चाहिए कि कौन जिम्मेदार है, क्या कार्रवाई की गई है, और वे कब तक निर्णय की उम्मीद कर सकते हैं। चुप रहने से ज़्यादा विश्वास को कोई चीज नष्ट नहीं करती।

### निरंतर संवाद बनाए रखें

संचार शुरू करने के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू होने का इंतजार नहीं होना चाहिए। जहां उचित हो छात्र प्रतिनिधियों, संकाय सलाहकारों, छात्रावास समितियों और माता-पिता के साथ नियमित बैठकें संस्थागत शासन का हिस्सा बननी चाहिए। याद रखें विश्वास निरंतर जुड़ाव से बढ़ता है, आपातकालीन बातचीत से नहीं।

**परामर्श को मजबूत करें :** कई परिसर तनाव न केवल नीतिगत असहमति में निहित हैं, बल्कि तनाव, चिंता, वित्तीय दबाव, शैक्षणिक अनिश्चितता और अनसुने होने की भावना में भी निहित हैं। प्रत्येक छात्र को एक संरक्षक और पेशेवर परामर्श सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

### अशांति के प्रति क्रमिक और मानवीय प्रतिक्रिया हो

लोकतांत्रिक समाजों को जुड़ाव की एक स्तरित प्रणाली विकसित करनी चाहिए। हर विरोध के लिए पुलिस की प्रतिक्रिया की आवश्यकता नहीं होती है। पहली प्रतिक्रिया हमेशा संवाद होनी चाहिए। यदि तनाव बढ़ता है, तो प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड्स को पहले सार्वजनिक-व्यवस्था इंटरफेस के रूप में कार्य करना चाहिए। उनकी भूमिका संचार, मध्यस्थता, आश्वासन और तनाव कम करना होनी चाहिए - टकराव नहीं। वे छात्रों और पुलिस के बीच स्थित तनाव को कम कर सकते हैं और शांतिपूर्ण समाधान के लिए जगह बना सकते हैं। दंगा पुलिस को केवल तभी तैनात किया जाना चाहिए जब जीवन, सार्वजनिक सुरक्षा या संपत्ति के लिए वास्तविक खतरा हो, ।

### पुलिस अंतिम उपाय बने

भारत में पहले से ही देश भर में नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड संगठन हैं। भीड़ मनोविज्ञान, मध्यस्थता और संघर्ष कम करने में विशेष प्रशिक्षण के साथ, ये बल संस्थानों और कानून प्रवर्तन के बीच एक प्रभावी सेतु बन सकते हैं। इस तरह का दृष्टिकोण छात्रों की रक्षा करता है, चोटों को कम करता है, पुलिस कर्मियों की सुरक्षा करता है और जनता के इस विश्वास को मजबूत करता है कि सरकार बल का सहारा लेने से पहले संघर्ष को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कमजोरी का संकेत नहीं है। यह परिपक्व शासन का प्रतीक है। शासन का उद्देश्य भीड़ को नियंत्रित करना नहीं है। यह टकराव को रोकने के लिए है। किसी शैक्षणिक संस्थान का पैमाना यह नहीं होना चाहिए कि वह कितनी कुशलता से विरोध प्रदर्शनों को फैलाता है, बल्कि यह है कि वह उन्हें कितने प्रभावी ढंग से रोकता है। इसी तरह, पुलिसिंग का पैमाना यह नहीं है कि कितनी बार बल का प्रयोग किया जाता है, बल्कि यह है कि यह कितनी बार आवश्यक हो जाता है।

### निष्पक्षता प्रदर्शित करें संस्थान

माता-पिता शैक्षिक संस्थानों को अपने बच्चों की शिक्षा से अधिक सुरक्षा, गरिमा, चरित्र और भविष्य सौंपते हैं। छात्र पाठ्यपुस्तकों की तुलना में संस्थानों से कहीं अधिक सीखते हैं। यदि संस्थान निष्पक्षता प्रदर्शित करते हैं, तो छात्र न्याय सीखते हैं। यदि संस्थाएं पारदर्शिता का अभ्यास करती हैं, तो छात्र ईमानदारी को महत्व देते हैं। यदि संस्थान सुलभ बने रहते हैं, तो छात्रों का लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विश्वास विकसित होता है। भारत के परिसर टकराव के बार-बार होने वाले अखाड़े नहीं, बल्कि सीखने, नवाचार, बहस और राष्ट्र निर्माण के केंद्र होने चाहिए।




### अपने दरवाजे खुले रखें संस्थान

जब संस्थान हर दिन अपने दरवाजे खुले रखते हैं, तो छात्रों के पास सड़कों पर उतरने का कोई कारण नहीं होगा। और जब संवाद पहली प्रतिक्रिया बनी रहती है, तो दंगा पुलिस को शायद ही कभी अंतिम बनने की आवश्यकता होगी। सभी स्थिति और शक्ति में सुनने वाले पोस्ट होने चाहिए और प्रतिक्रिया और पाठ्यक्रम सुधार के लिए सुलभ बने रहने चाहिए। यह व्यवधान और विस्थापन की रोकथाम के लिए प्रामाणिक तरीका है। समावेशी विकास के लिए शांति और सद्भाव की आवश्यकता होती है। इसके लिए सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रश्न है। सुनने और प्रतिक्रिया देने की संस्कृति को अपनाने का प्रश्न है। आज युवाओं को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, क्योंकि उनका भविष्य दांव पर है।

## चर्चा में चेहरा

# गीतांजलि जे अंगमो



> "सोनम वांगचुक की पत्नी, एजुकेटर, सोशल एंटरप्रेन्योर और कराटे में ब्लैक बेल्टधारी गीतांजलि इन दिनों अपने पति के अनशन को आगे ले जाने और आंदोलन में सक्रिय रहने के कारण चर्चा में हैं।

# कराटे में ब्लैक बेल्ट और बैले डांस में पारंगत

● गीतांजलि जे अंगमो ●

दिल्ली में जारी छात्र आंदोलन में गीतांजलि अंगमो भी प्रमुख रूप से चर्चा में है। उनके पति, सोनम वांगचुक, जंतर-मंतर पर अनशन के बाद हॉस्पिटल में भर्ती हैं, अनशन खत्म करने के बाद उनके स्वास्थ्य की देखभाल जारी है। अंगमो, एक सोशल एंटरप्रेन्योर और एजुकेशनिस्ट हैं, जिन्होंने लद्दाख में हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स को को-फाउंड किया था। वह अब एजुकेशनल रिफॉर्म के लिए वांगचुक की लीगल और पॉलिटिकल लड़ाई को लीड कर रही हैं। अंगमो के पास कराटे में ब्लैक बेल्ट भी है और उन्होंने बैले में ट्रेनिंग ली है।

सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी, गीतांजलि जे अंगमो, एजुकेशन सिस्टम में ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी की मांग को लेकर उनके प्रोटेस्ट का सबसे बड़ा चेहरा बनकर सामने आई हैं। वांगचुक नीट पेपर लीक को लेकर एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर तीन हफ्ते से अनिश्चित समय के लिए भूख हड़ताल पर थे और इस सब के दौरान, उनकी पत्नी मज़बूती से उनके साथ खड़ी रहीं।

### शिक्षाविद और उद्यमी

गीतांजलि जे एंगमो एक सोशल एंटरप्रेन्योर और एजुकेशनिस्ट हैं, जो हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ़ अल्टरनेटिव्स, (हिआल) लद्दाख की फाउंडिंग सीईओ और डीन के तौर पर जानी जाती हैं। यह रोल वह 2017 से निभा रही हैं। खबर है कि उन्होंने अपने पति, एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के साथ मिलकर इस इंस्टीट्यूट को शुरू किया था, जो सस्टेनेबल एजुकेशन और पहाड़ी समुदायों के लिए प्रैक्टिकल सॉल्यूशन पर फोकस करता है। उनका करियर कंसल्टिंग, हेल्थकेयर और एजुकेशन में फैला हुआ है।

हिआल से पहले, एंगमो ने रिन्यूएबल एनर्जी, हेल्थकेयर, एजुकेशन और बिज़नेस कंसल्टिंग में काम किया। उन्होंने अपना करियर डेलॉइट से शुरू किया, बाद में विंडफोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज और पुशन प्रोजेक्ट्स में डायरेक्टर के तौर पर काम किया, एयूएम हॉस्पिटल्स की चेयरपर्सन रहीं और चेन्नई में लिस्टर टेक्नोलॉजीज़ के यूरोपियन ऑपरेशन्स और हाई स्कूल को हेड किया। उनके लिंक्डइन प्रोफ़ाइल के मुताबिक, एंगमो ने 2025 में श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस से एजुकेशन में डॉक्टरेट की डिग्री पूरी की। उनके पास ज़ेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर से एमबीए और बालासोर में फकीर मोहन यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री भी है।


### कराटे और नृत्य में ट्रेंड

उनके पास कराटे में ब्लैक बेल्ट है और उन्होंने बैले डांसर के तौर पर ट्रेनिंग ली है। अपने प्रोफेशनल रोल के अलावा, अंगमो ओडिसी और रशियन बैले में भी ट्रेंड हैं और उनके पास कराटे में ब्लैक बेल्ट है। वह वेदांत और भगवद गीता भी पढ़ाती हैं और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके काम के लिए भारत सरकार ने वुमन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया है। वह अब सोनम वांगचुक की कानूनी और राजनीतिक लड़ाई को लीड कर रही हैं।



## टेक अपडेट

# पासवर्ड भूल गए?सेल्फी लेकर रिकवर करें




> "क्या आप भी अपना गूगल पासवर्ड भूल जाते हैं और फोन न होने पर अकाउंट रिकवर नहीं कर पाते? गूगल ने सेल्फी वीडियो नाम का एक नया फीचर लॉन्च किया है। इसके जरिए अब आप सिर्फ अपने चेहरे का एक छोटा-सा वीडियो रिकॉर्ड करके अपना लॉक हुआ अकाउंट मिनटों में वापस पा सकते हैं।

आज के समय में, कई सारे पासवर्ड याद रखना एक बड़ा चैलेंज है। कई बार हम अकाउंट से लॉग-आउट हो जाते हैं लेकिन पासवर्ड सेव न होने के कारण लॉगइन करना मुश्किल हो जाता है। यूज़र्स की इसी परेशानी को दूर करने के लिए, गूगल ने अकाउंट रिकवरी का एक बेहद आधुनिक और सुरक्षित तरीका पेश किया है। इसे सेल्फी वीडियो का नाम दिया गया है। एक इंटरनेट यूजर के तौर पर आपको यह जानना चाहिए कि यह तकनीक कैसे आपके डिजिटल जीवन को आसान और सुरक्षित बना सकती है। आइए इस नए फीचर की हर बारीकी को समझते हैं।

### कैसे काम करता है सेल्फी वीडियो फीचर?

यह फीचर आपको किसी आपात स्थिति से पहले ही तैयारी करने का मौका देता है। आप अपने फोन या कंप्यूटर से एडवांस में एक छोटा सा सेल्फी वीडियो सेट कर सकते हैं। सेटअप के दौरान, गूगल आपको स्क्रीन पर कुछ निर्देश देता है, जिसके तहत आपको अपना सिर अलग-अलग दिशाओं में घुमाना होता है। इससे गूगल का सिस्टम आपके चेहरे के हर एंगल को बारीकी से कैप्चर कर लेता है।

भविष्य में अगर आप कभी अपना अकाउंट एक्सेस नहीं कर पाते हैं, तो रिकवरी प्रोसेस के दौरान आपको बस एक नया सेल्फी वीडियो बनाना होगा। सिस्टम तुरंत आपके नए वीडियो का मिलान पहले से सेव किए गए वीडियो से करेगा और आपकी पहचान कन्फर्म होते ही अकाउंट का ताला खुल जाएगा। कंपनी के मुताबिक, यह सुविधा पास की , रिकवरी कॉन्टैक्ट्स और बैकअप कोड्स जैसे पहले से मौजूद सुरक्षा विकल्पों के साथ मिलकर काम करेगी।

### प्राइवेसी और डीपफेक से बचाव के पुख्ता इंतजाम

एआई के इस दौर में नकली वीडियो और तस्वीरों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में गूगल ने इस सिस्टम को धोखेबाजों से बचाने के लिए मल्टीपल सिक्योरिटी चेक्स लगाए हैं। कोई भी आपकी स्थिर फोटो या एआई-जनरेटेड वीडियो से इस सिस्टम को चकमा नहीं दे सकता, क्योंकि यह लाइव हेड मूवमेंट (चेहरे की वास्तविक गतिविधि) और संदिग्ध साइन-इन को पकड़ने वाले एडवांस सिक्योरिटी सिस्टम पर काम करता है।

**डिलीट कर सकते हैं डेटा :** गूगल ने साफ किया है कि लोगों की निजता सर्वोपरि है। ये वीडियो पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड फॉर्म में गूगल के सर्वर्स पर रखे जाएंगे। इन्हें सिर्फ यूजर की स्पष्ट सहमति के बाद ही सेव किया जाएगा। आप अपनी गूगल अकाउंट सेटिंग्स में जाकर जब चाहें, इस वीडियो को डिलीट कर सकते हैं। इन वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ अकाउंट रिकवरी के लिए होगा। हालांकि, अगर यूज़र खुद गूगल की फेशियल रिकग्निशन तकनीक को बेहतर बनाने के लिए इसे इस्तेमाल करने की अनुमति देता है, तभी इसका कोई अन्य इस्तेमाल संभव है।

क्या यह सुविधा सभी के लिए है? गूगल ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल कुछ चुनिंदा अकाउंट्स को इस फीचर से बाहर रखा गया है। यह सुविधा गूगल वर्कस्पेस, अकाउंट्स, बच्चों के अकाउंट्स और एडवांस्ड प्रोटेक्शन प्रोग्राम में शामिल यूज़र्स को नहीं मिलेगी।

# रथ की रस्सी पकड़ने की मची होड़, नगर में गूंजे जगन्नाथ के जयकारे

## भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। रथ यात्रा फाटक रोड स्थित कालका मंदिर से शाम करीब 5.15 बजे शुरू हुई। निर्धारित समय से यह लगभग सवा दो घंटे देरी से प्रारंभ हुई। फूलों से सजे एक आकर्षक वाहन को रथ का स्वरूप दिया गया था। उसी पर भगवान श्री जगन्नाथ विराजमान थे। जैसे ही रथ आगे बढ़ा, पूरा क्षेत्र जयघोष से गूंज उठा। रथ यात्रा का आयोजन श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, महाराज विक्रमादित्य शोधपीठ और अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। संत हिरदाराम नगर में इस्कॉन का केंद्र भी संचालित है। धार्मिक मान्यता है कि जो श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण रहा कि रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। रस्सी पकड़ने के लिए लंबी कतारें लगीं। कई लोगों को काफी देर बाद अपनी बारी मिली। यात्रा के आगे श्रद्धालु हाथों में झाड़ू लेकर मार्ग की सफाई करते हुए चल रहे थे। यह सेवा और स्वच्छता का संदेश भी दे रहे थे। पूरे रास्ते जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे। भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कालका चौक पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, माधवदास पारदासानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, किशोर साधवानी और सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी ने रथ यात्रा का स्वागत किया। बर्तन बाजार पहुंचने पर बर्तन व्यापारी संघ की ओर से समाजसेवी वासुदेव मूलचंदानी, जवाहर मूलचंदानी, नारायणदास तोलानी और अन्य व्यापारियों ने भगवान जगन्नाथ की आरती उतारी। पुष्पवर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इसके बाद रथ झूलेलाल मंडलम पहुंचा। यहां भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान झूलेलाल, संत हिरदाराम और शहीद हेमू कालानी की प्रतिमाओं के समक्ष विशेष पूजा की गई। मंदिर प्रभारी राजकुमार पारदासानी और अन्य सेवाधारी रामकुमार पारदासानी और अन्य सेवाधारियों ने रथ यात्रा का स्वागत किया।





कपड़ा बाजार में भी श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, उपाध्यक्ष मनोहर वीधानी और महासचिव दिनेश वीधानी सहित व्यापारियों ने फूल-मालाओं से भगवान का अभिनंदन किया। इस दौरान संस्कार संस्था के सचिव बसंत चेलानी, नंदकुमार पंजवानी, मंघाराम मेघवानी, नरेंद्र लालवानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, कांग्रेस पार्षद अशोक मारन, चंद्रप्रकाश इसरानी, हीरो इसरानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दादलानी, मनीष बागवानी, शेट्टी चंदनानी, कमल वीधानी, महेश खटवानी, किशन अच्छानी, इंद्र भोजवानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

**इन्होंने किया नेतृत्व**

उपनगर में स्वामी मृदनदास महाराज इसके प्रमुख एवं स्कान के संचालक हैं, जबकि राजधानी भोपाल से इस्कान के प्रभारी महाप्रभु रसानंद महाराज अपनी पूरी टीम के साथ इसमें शामिल हुए तथा जगन्नाथ यात्रा का नेतृत्व किया। प्रथम पूजा में भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त तथा श्रीमद भागवत कथा का ज्ञान घर घर बांटने वाले संत नरेश पारदासानी एवं उनकी धर्मपत्नी दीपा पारदासानी सहित अन्य परिवार भी शामिल जिसके बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। जहां से रथ यात्रा निकली, उसके समीप ही प्रथम तल पर संत नरेश पारदासानी के निवास पर भगवान श्रीकृष्ण का आकर्षक मंदिर है। जहां भी इस उपलक्ष्य में विशेष पूजा पाठ हुआ और विश्व शांति, मानव कल्याण की प्रार्थना की गई भोपाल इंदौर राजमार्ग से विभिन्न मार्गों की परिक्रमा कर श्री जगन्नाथ यात्रा के रथ को खींचने के लिए चूंकि सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के इसमें शामिल हुए। अनेक महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए थे जबकि इस्कान संस्थान के सेवाधारियों ने धोती एवं कुर्ता धारण कर रखा था।

## घुमंतू सर्वे और जल गंगा अभियान की हुई समीक्षा

**ओबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला रायसेन की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी द्वारा जनपद पंचायत ओबेदुल्लागंज स्थित जन अभियान परिषद कार्यालय में स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स एवं परामर्शदाताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के प्रवेश अभियान, घुमंतू सर्वे, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्षा जल संरक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने सभी नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर्स से सीएमसीएलडीपी में अधिकाधिक विद्यार्थियों के प्रवेश सुनिश्चित करने, घुमंतू सर्वे को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान जिला समन्वयक के आगमन पर ब्लॉक की नवांकुर संस्थाओं, मेंटर्स, ब्लॉक समन्वयक एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों-कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामूहिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## चार साल में किए 10 करोड़ के विकास कार्य: हिंगोरानी

### 32 लाख से सड़क निर्माण का भूमि पूजन आज

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर क्षेत्र में एमआईसी सदस्य एवं पार्षद राजेश हिंगोरानी ने 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पंजाब नेशनल बैंक रोड के सीमेंट कंक्रीट निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में करीब 10 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए हैं और आगामी एक वर्ष में दो करोड़ रुपये के अतिरिक्त विकास कार्य कराए जाएंगे। राजेश



हिंगोरानी ने बताया कि करीब 1.50 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत तीन प्रमुख सीमेंट कंक्रीट सड़कों में डॉ. सुरेश भंभानी क्लीनिक रोड और निरंकारी मंडल रोड का निर्माण अंतिम चरण में है। वहीं शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा के हाथों 32 लाख रुपये की लागत से सीआरपी क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के सीमेंट कंक्रीट निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी कराया जाएगा। स्टेशन रोड के निर्माण की फाइल भी तैयार हो चुकी है और राशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीसाबंदी एवं टाउन एंड कंट्री प्लान के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर बिहारीलाल लोकवाणी मौजूद रहे। लोकवाणी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को केवल अपने वार्ड या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी कार्य करना चाहिए।

## अस्पताल में अटैचमेंट और पदस्थापना पर उठे सवाल

**नजीराबाद।** बैरसिया सिविल अस्पताल कर्मचारियों की अटैचमेंट और पदस्थापना को लेकर विवादों में है। ग्रामीणों ने आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से मनमाने तरीके से कर्मचारियों के तबादले और पुनः पदस्थापना की जा रही है। बैरसिया की बीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। रुनाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स रेखा कुशवाह का कथित रूप से 5 हजार रिश्वत लेने का वीडियो सामने आने के बाद उन्हें रुनाहा से हटाकर बैरसिया स्थित मौलाना आजाद संजीवनी क्लिनिक में अटैच किया गया था। बाद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा के निर्देश पर जांच कराई गई। आरोप है कि जांच में संबंधित स्टाफ नर्स दोषी पाए जाने के बावजूद कठोर विभागीय कार्रवाई नहीं की गई और कुछ समय बाद उन्हें फिर से रुनाहा में पदस्थ कर दिया गया। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों में रुनाहा, नज़ीराबाद, गुनगा और सोहाया सहित कई केंद्रों में स्टाफ नर्सों की बार-बार अटैचमेंट और पुनः पदस्थापना के आदेश जारी किए गए।

## महानगर बैंक पहुंचे आरबीआई के डायरेक्टर मराठे



### अध्यक्ष सुशील वासवानी ने किया स्वागत

**संत हिरदाराम नगर।** सहकारिता क्षेत्र की अग्रणी बैंक महानगर नागरिक सहकारी बैंक में आरबीआई के डायरेक्टर सतीष मराठे पहुंचे। मुम्बई, जनता नागरिक सहकारी बैंक, पुणे के अध्यक्ष अभय माटे एवं प्रदेश के सहकार भारती के प्रदेष महामंत्री राकेश चैहान भी उनके साथ थे। इस मौके पर महानगर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बैंक की अब तक की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि बैंक रिजर्व बैंक आफ इंडिया के उन सभी नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए ग्राहकों को वे सुविधाएं प्रदान करती हैं, जिनके वे हकदार हैं। सुशील वासवानी ने उपलब्ध अंश पूंजी एवं आय व्यय की जानकारी भी प्रदान की। सतीश मराठे ने बैंकी सेवाओं एवं ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह का काम हर सहकारिता क्षेत्र की बैंक को करना चाहिए। इस मौके पर बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी, समाज सेवी नरेन्द्र लालवानी, बसंत चेलानी एवं बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**शेयर गुमे**

मैं दादाजी मारोती सेलोटे आत्मज स्व. श्री मारो[ती] शिवराम सेलोटे आयु वयस्क निवासी-बी-92, साग[र] रॉयल होम्स होशंगाबाद रोड भोपाल म.प्र. 46201[...] शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं। मेरे भारतीय स्टे[ट] बैंक के शेयर सर्टिफिकेट गुम गये हैं जिसका शे[यर] सर्टिफिकेट नं 2709743, 270974[4], 2709745 एवं लेजर फोलियो क्रमांक SE[...] 887229, शेयर सर्टिफिकेट नं. 53, क्रमांक [...] 473190034 to 473190086 है। मेरे द्वा[रा] शेयर्स के गुम होने के संबंध में यह शपथ पत्र था[ना] मिसरोद में दिया जा चुका है। उपरोक्त वर्णि[त] शेयर्स किसी को भी मिलते है तो इसक[ी] जानकारी थाना मिसरोद में दे दी जाये। मेरे द्वा[रा] गुम हुये उल्लेखित शेयर्स का कहीं भी उपयो[ग] व दुरुपयोग नहीं किया गया है ना ही मेरे द्वा[रा] शेयर्स को कहीं भी गिरवी व बंधक इत्यादि रख[ा] नहीं गया है भविष्य मे शेयर्स के सम्बंध में किस[ी] प्रकार की कोई शिकायत या कोई विवाद हो[ता] है तो उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मे[रे] द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी पूर्णत: सत्य ए[वं] सही है अगर कोई कथन असत्य पाया जाता तो इसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती आभा गणेशकुमार गुप्ता, पत्नी श्री गणेशकुमार गुप्ता, निवासी प्लॉट क्रमांक-1, ब्लॉक क्रमांक-1, ब्रैडीज फ्लेंट्स, सोराब भरुचा रोड, स्ट्रेन्ड पेट्रोल पम्प जवल कुलाबा, मुंबई, महाराष्ट्र 400005 की स्वामित्व एवं आधिपत्याधीन निम्नलिखित अचल संपत्ति क्रय करने हेतु विधिवत विक्रय अनुबंध निष्पादित किया गया है तथा उक्त अनुबंध के अनुपालन में बयाना/अग्रिम विक्रय प्रतिफल का भुगतान भी किया जा चुका है। संपत्ति का विवरण :- एक किता भूमि, जो कि -खसरा क्रमांक 931, रकबा 2.8000 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 930, रकबा 0.2500 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 929, रकबा 0.2700 हेक्टेयर, स्थित ग्राम खौरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), खसरा क्रमांक 79/1, रकबा 0.2020 हेक्टेयर, स्थित ग्राम बकानिया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), जिसकी चतुर्सीमाएं निम्नानुसार हैं:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-खसरा क्रमांक 910, उत्तर में-खसरा क्रमांक 928, दक्षिण में-खसरा क्रमांक 79/2, अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति अथवा प्रस्तावित विक्रय संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था अथवा अन्य किसी पक्ष का किसी भी प्रकार का स्वामित्व, अधिकार, हित, कब्जा, दावा, बंधक, भार, ऋणाधिकार, अनुबंध, न्यायालयीन वाद, स्थगन आदेश, कुर्की, निषेधाज्ञा, उत्तराधिकार संबंधी दावा अथवा किसी अन्य प्रकार की कोई वैधानिक आपत्ति हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने समस्त मूल अथवा विधिवत प्रमाणित अभिलेखों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि उक्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति अथवा प्रस्तावित विक्रय संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य पक्ष का कोई अधिकार, हित, दावा, भार, बंधक अथवा आपत्ति शेष नहीं है तथा मेरे पक्षकार विधि अनुसार शेष विक्रय प्रतिफल का भुगतान कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराने के लिए स्वतंत्र होंगे। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के दावा, आपत्ति, प्रतिवाद अथवा विवाद के लिए अधोहस्ताक्षरी अथवा मेरे पक्षकार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

संचय नेमा अधिवक्ता
कार्या.- प्रथम तल, हैप्पी टावर, यूनियन बैंक के सामने पीरगेट, भोपाल (म.प्र.) मो.नं. 9810981991

**SUDOKU 53**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 5 | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 3 |
| 1 | | | 4 | 5 | | | | 2 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | 7 | | 8 | | 2 | | 9 | |
| | | | | 4 | 7 | | | |
| 7 | | | | 8 | 1 | | | 6 |
| 8 | | | 2 | | | | | 1 |
| | | 3 | 9 | 6 | 5 | | | |

**SOLUTIONS 52**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज कुछ नया सोचने और उसे करने का जुनून रहेगा। काम का बोझ जरूर बढ़ेगा। प्रॉपर्टी से जुड़े फैसले भी आपके पक्ष में जा सकते हैं। जीवनसाथी का साथ मिलेगा

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए राहत और खुशियों की सौगात लेकर आया है। राजनीति से जुड़े लोगों को पहचान और सम्मान मिल सकता है।

**मिथुन :** आज किस्मत आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। घर के अधूरे कामों को नजर अंदाज करना परेशानी बन सकती है।

**कर्क :** आज आप ऊर्जा से भरपूर नजर आएंगे। बिजनेस में आपकी सोच आपको आगे बढ़ाएगी और नया काम शुरू करने का साहस भी आएगा। अनावश्यक विवादों में न पड़ें।

**सिंह :** आज बिजनेस में आपकी योजनाएं आपको शानदार लाभ दिला सकती हैं। घर में किसी मेहमान के आने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आपकी व्यस्तता भी बढ़ेगी।

**कन्या :** आज निवेश से जुड़े फैसले आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। काम के सिलसिले में यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**तुला :** आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी और व्यापार में नई साझेदारी का रास्ता खुल सकता है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए दरवाजे खुलेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन सफलता और संतोष से भरा रहेगा। उन्नति की राह पर आप तेजी से आगे बढ़ेंगे और धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। सेहत भी आज आपका साथ देगी।

**धनु :** आज काम के क्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार में रिश्तों की मिठास बढ़ेगी।

**मकर :** आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। बिजनेस में बदलाव करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है।

**कुंभ :** आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपको अपने भावनाओं पर काबू रखना होगा। किस्मत आपका साथ देगी।

**मीन :** आज सेहत आपका पूरा साथ देगी और पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। हालांकि कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे।

**आज का पंचांग :** 25 जुलाई शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। हरिशयनी एकादशी, चातुर्मास व्रत प्रारंभ 7 भद्रा : प्रातः 11:35 पर समाप्त 7 विक्रम संवत 2083 शके 1948 दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की एकादशी 11 घंटे 35 मिनट तक तत्पश्चात द्वादशी ज्येष्ठा नक्षत्र 29 घंटे 34 मिनट तक, ब्रह्म योग 29 घंटे 09 मिनट तक, तत्पश्चात ऐंद्र योग, वृश्चिक में चंद्रमा।

**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**तेहिसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल**
परिशिष्ट B संख्यांक 13
नोटिस प्रकाशन हेतु (उत्तराधिकार)
एमजेसी एसयूसी/104/2023
कृष्ण पाल सिंह बनाम सर्वसाधारण
Next Date : 11-08-2026

प्रेषिती–
प्रस्ताविक पक्षकार सुकन्यावर्धन' को पता:- निवासी -2 बीडीए कॉलोनी, नेवरी मंदिर रोड हुजूर भोपाल को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण पाल सिंह पता म.नं.-2 बीडीए कॉलोनी, टी.बी.हॉस्पीटल के पीछे, नेवरी मंदिर रोड ईदगाह हिल्स भोपाल म.प्र. ने मृतक स्व. श्री सतपाल सिंह की ऋण एवं प्रतिभूति राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11-08-2026 को नियत है। आपको यदि उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11-08-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे । सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 14-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
राहुल सिंह यादव
तेहिसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड

टिप्पणी :
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**जाहिर सूचना**
**भूखण्ड क्रमांक 108-ए स्थित ग्राम रोलूखेड़ी, तहसील हुजूर जिला, भोपाल के संबंध में।**

मेरे पक्षकार ने श्रीमती गायत्री मिश्रा पत्नी श्री सौरभ तिवारी निवासी मकान नम्बर 306, जे-4, कैनाल किनशिप, आकृति ग्रीन्स, सलैया, तहसील हुजूर जिला भोपाल, मध्यप्रदेश के मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य के दो किता आवासीय व्यपवर्तित भूखाण्ड/जिसका खासरा क्रमांक 64/1/2(एस) कुल रकबा 1.0117 हेक्टेर में से रकबा 4513.5 वर्गफिट अर्थात 400.8 वर्गमीटर एवं खासरा क्रमांक 65 (एस) कुल रकबा 1.4700 हेक्टेयर में से रकबा 1199 वर्गफिट अर्थात 111.43 वर्गमीटर भूमि इस प्रकार कुल भूमि क्षेत्रफल 5512.5 वर्गफिट अर्थात 512.31 वर्गमीटर है जिसका भूखाण्ड क्रमांक 108-ए है जो कि ग्राम रोलूखेड़ी (मुख्य मार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नम्बर 33, राजस्व निरीक्षक मण्डल 03, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुजूर जिला भोपाल में नगर निगम की सीमाओं से बाहर स्थित है व उक्त सम्पत्ति की चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है-पूरब में-भूखाण्डक्रमांक 125, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में -भूखाण्डक्रमांक 108, दक्षिण में-भूखाण्डक्रमांक 107, को क्रय करने का अनुबंध करते हुए बयाना राशि अदा कर दी गई है व उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो या सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा, झगड़ा, मांग, मतालबा या कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो, तो विज्ञप्ति दिनांक से 07 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप में सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र निष्पादन हेतु स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय- मोहम्मद अनस अहमद सिद्दीकी (अधिवक्ता)
कार्यालय-फ्लेट नम्बर 2, प्रथमतल, दीपनिशा इनक्लेव, डी-110, फिरदौस नगर, बैरसिया रोड, भोपाल, मो.-9981802782

**जाहिर सूचना**
**भूखण्ड क्रमांक 108 स्थित ग्राम रोलूखेड़ी, तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में।**

मेरे पक्षकार ने श्री सौरभ तिवारी आत्मज श्री एस.पी.तिवारी निवासी बाणसागर कॉलोनी, रीवा सामान, तहसील हुजूर जिला रीवा, मध्यप्रदेश हाल निवासी मकान नम्बर 306, जे-4, कैनाल किनशिप, आकृति ग्रीन्स, सलैया, तहसील हुजूर जिला भोपाल, मध्यप्रदेश के मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य के दो किता आवासीय व्यपवर्तित भूखाण्ड/जिसका खासरा क्रमांक 64/1/2 (एस) कुल रकबा 1.0117 हेक्टेर में से रकबा 5512.5 वर्गफिट अर्थात 512.31 वर्गमीटर है जिसका भूखाण्ड क्रमांक 108 है जो कि ग्राम रोलूखेड़ी (मुख्य मार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नम्बर 33, राजस्व निरीक्षक मण्डल 03, विकास खाण्ड फन्दा, तहसील हुजूर जिला भोपाल में नगर निगम की सीमाओं से बाहर स्थित है व उक्त सम्पत्ति की चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है-पूरब में-भूखाण्ड क्रमांक 125, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखाण्डक्रमांक 109, दक्षिण में-भूखाण्ड क्रमांक108-ए, को क्रय करने का अनुबंध करते हुए बयाना राशि अदा कर दी गई है व उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो या सम्पत्ति पर किसी प्रकार का दावा, झगड़ा, मांग, मतालबा या कोई अन्य विलेख निष्पादित किया गया हो, तो विज्ञप्ति दिनांक से 07 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित रूप में सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र निष्पादन हेतु स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय- मोहम्मद अनस अहमद सिद्दीकी (अधिवक्ता)
कार्यालय-फ्लेट नम्बर 2, प्रथमतल, दीपनिशा इनक्लेव, डी-110, फिरदौस नगर, बैरसिया रोड, भोपाल, मो.-9981802782

**-: जाहिर सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री वाहिद अली, आत्मज श्री आशिक अली, आयु-वयस्क, निवासी-129, गली नं. 2, बैरसिया रोड़ कंजी कैंप हुजूर, भोपाल म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की दो किता कृषि भूमि जिसका खसरा क्रं. 100/4, पर रकबा 0.1750 हेक्टेयर एवं खसरा क्रं. 101/2 रकबा 0.6270 हेक्टेयर कुल रकबा 0.802 हेक्टेयर 1.98 एकड़ भूमि जिसमें से रकबा 0.405 हेक्टेयर अर्थात 1.00 एकड़ भूमि जो ग्राम सेमरा सैंयद, पटवारी हल्का नं. 29, विकास खण्ड फंदा तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है। को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने विक्रेता से विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर लिया है इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही अन्य दान, हिबा, हस्तांतरण आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त कृषि भूमि की शेष राशि व भुगतान विक्रेता को अदा कर विक्रय पंजीयन पत्र निष्पादित करवा लेगा और ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय
रिंकू मारण अधिवक्ता
कार्या./निवास-बरखेड़ी कलां भदभदा रोड, भोपाल
मो.- 9098665905, 8269608345

परिशिष्ट B- संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु । उत्तराधिकार।
एमजेसी एसयूसी/117/2026
राकेश नारायण माथुर बनाम बैंक ऑफ बड़ौदा
NEXT DATE: 17-09-2026

प्रेषिती-
सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश, नारायण माथुर पता-निवासी ए/21 आयकर कालोनी जी/3 गुलमोहर भोपाल ने मृतक स्व. श्रीमती पुष्पा माथुर की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17-09-2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17-09-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे । सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

यह आज तारीख 13-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**
(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)
प्रकरण क्रमांक-0036/अ-6/2025-26

// इश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीमती ज्योति गोयल पत्नी श्री अशोक गोयल निवासी अहमदपुरकला तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा ग्राम अहमदपुरकला तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 96/2/5/1/2, 0.2760 हे. रकबा भूमि का नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल

**-:जाहिर सूचना:-**
खसरा क्रमांक-204/1/1/1 (S), प्लाट क्रमांक-65 एवं 66, कैलाश नगर, सेमरा कलां, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 2150 वर्गफीट के अर्द्ध भाग के संबंध में)

मेरे पक्षकार अमरजीत शाह आत्मज श्री नरेश शाह निवासी-मकान नं.-2148, गली नं.-01, नई बस्ती, कोलुआ कलां, तहसील-हजूर जिला-भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन लता वर्मा पत्नि श्री के.के. वर्मा एवं श्री आर.डी. वर्मा पुत्र श्री फूलसिंह वर्मा, निवासीगण पता मकान नं. 38, वल्लभ नगर, क्र.-2, वार्ड क्र.-35, सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 2150 वर्गफीट है जिसका अर्द्ध भाग जो कि नगर निगम सीमाओं के अंदर में स्थित है जिसको मेरा पक्षकार क्रय करने जा रहा है इस बाबत् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त उक्त विक्रित प्लाट की बयाना राशि अदा की जा चुकी है तथा विक्रय अनुबंध भी निष्पादित किया जा चुका है। तथा निकट भविष्य में उक्त संपत्ति का पंजीयन कराया जाना है। अतएव उक्त संपत्ति को विकय किये जाने में जिस किसी व्यक्ति बैंक, सोसायटी संस्था सहकारी समिति, शासकीय/अशासकीय विभागों को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति से कोई संबंध रखता हो या उक्त संपत्ति पर कोई लेनदारी/देनदारी हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के उपरांत लिखित साक्ष्य एवं प्रमाण सहित प्रस्तुत करें समयावधि समाप्त होने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी यदि कोई आपत्ति या दावा करता है तो वह निराधार/शून्य मानी जावेगी।

रहीस उद्दीन एडवोकेट
सारा लॉ चेम्बर
कार्या.-ए, मयूर विहार कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल
मो. 9713877966

**-:जाहिर सूचना:-**
खसरा क्रमांक-204/1/1/1 (S), प्लाट क्रमांक-65 एवं 66, कैलाश नगर, सेमरा कलां, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 2150 वर्गफीट के अर्द्ध भाग के संबंध में)

मेरे पक्षकार मोहम्मद अनस आत्मज श्री मोहम्मद आरिफ, निवासी-मकान नं.-बी-116, बाग फरहत अफ्ज़ा, सिकंदर जहाँ मस्जिद के पास, तहसील-हजूर जिला-भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन लता वर्मा पत्नि श्री के.के. वर्मा एवं श्री आर.डी. वर्मा पुत्र श्री फूलसिंह वर्मा, निवासीगण पता मकान नं. 38, वल्लभ नगर, क्र.-2, वार्ड क्र.-35, सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 2150 वर्गफीट है जिसका अर्द्ध भाग जो कि नगर निगम सीमाओं के अंदर में स्थित है जिसको मेरा पक्षकार क्रय करने जा रहा है इस बाबत् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त उक्त विक्रित प्लाट की बयाना राशि अदा की जा चुकी है तथा विक्रय अनुबंध भी निष्पादित किया जा चुका है। तथा निकट भविष्य में उक्त संपत्ति का पंजीयन कराया जाना है। अतएव उक्त संपत्ति को विकय किये जाने में जिस किसी व्यक्ति बैंक, सोसायटी संस्था सहकारी समिति, शासकीय/अशासकीय विभागों को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति से कोई संबंध रखता हो या उक्त संपत्ति पर कोई लेनदारी/देनदारी हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के उपरांत लिखित साक्ष्य एवं प्रमाण सहित प्रस्तुत करें समयावधि समाप्त होने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेवेंगा तथा बाद में कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी यदि कोई आपत्ति या दावा करता है तो वह निराधार/शून्य मानी जावेगी।

रहीस उद्दीन एडवोकेट
सारा लॉ चेम्बर
कार्या.-ए, मयूर विहार कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल
मो. 9713877966

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई – भोपाल के अधीन आने वाले नीचे उल्लेखित टोल प्लाजाओं पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के स्वीकृति अनुसार दिनांक 26/07/2026 रात्रि 00:00 बजे से वसूल किया जावेगा जिसकी दरें निम्नानुसार होंगी–

1. मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 752सी पर शुजालपुर-आष्टा खण्ड के किमी 41.800 से किमी 82.300 तक के खण्ड के उपयोग के लिए यांत्रिक वाहनों पर उपयोगकर्ता शुल्क टोल स्थान ग्राम **पटारिया गोयल** (कि.मी. 72.600) के निकट, जिला सीहोर में निम्न दरों के अनुसार देय होगा –

(राशि ₹ में)

| वाहन की श्रेणी | एकल यात्रा के लिए शुल्क(₹) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा के लिए शुल्क (₹) (सिर्फ फास्टैग) | 50 एकल यात्रा के लिए मान्य मासिक पास शुल्क (₹) | जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए शुल्क (₹) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 40 | 55 | 1260 | 20 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 60 | 90 | 2030 | 30 |
| बस या ट्रक (दो धुरी वाले) | 130 | 190 | 4255 | 65 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 140 | 210 | 4645 | 70 |
| भारी संनिर्माण मशीनरी (भा.सं.भ.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मू.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.वा.)(चार से छः धुरी वाले) | 200 | 300 | 6675 | 100 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 245 | 365 | 8125 | 120 |

2. मध्य प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 752सी पर पचौर-शुजालपुर खण्ड के किमी 2.700 से किमी 33.000 तक के खण्ड के उपयोग के लिए यांत्रिक वाहनों पर उपयोगकर्ता शुल्क टोल स्थान ग्राम **तलेन (मिर्जापुर)** (कि.मी. 14.600) के निकट, जिला राजगढ़ में निम्न दरों के अनुसार देय होगा –

(राशि ₹ में)

| वाहन की श्रेणी | एकल यात्रा के लिए शुल्क(₹) | एक दिन के भीतर वापसी यात्रा के लिए शुल्क (₹) (सिर्फ फास्टैग) | 50 एकल यात्रा के लिए मान्य मासिक पास शुल्क (₹) | जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहनों के लिए शुल्क (₹) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 30 | 45 | 975 | 15 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 45 | 70 | 1575 | 25 |
| बस या ट्रक (दो धुरी वाले) | 100 | 150 | 3295 | 50 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 110 | 160 | 3595 | 55 |
| भारी संनिर्माण मशीनरी (भा.सं.भ.) या अर्थ मूविंग उपस्कर (अ.मू.उ.) या बहुधुरीय वाहन (ब.धु.वा.) (चार से छः धुरी वाले) | 155 | 235 | 5165 | 80 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 190 | 285 | 6290 | 95 |


3. जिस व्यक्ति का अपना यांत्रिक वाहन, गैर-वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए पंजीकृत हुआ हो और वह टोल प्लाजा से बीस किलोमीटर तक की दूरी में ही रहता हो उसके लिए वर्ष 2026-27 के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा के लिए मासिक पास की दर 360.00 रूपए (तीन सौ साठ रूपए मात्र) होगी और राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के उपबंधों के अनुसार उसमें प्रत्येक वर्ष संशोधन किया जावेगा।
4. उक्त टोल प्लाजा पर केवल फास्टैग द्वारा ही शुल्क का भुगतान किया जा सकेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 298 दिनांक 15 मई, 2020 अनुसार ऐसे यान का उपयोक्ता, जिसके यान पर फास्टैग नहीं लगा है या यान वैध क्रियाशील फास्टैग के बिना फीस प्लाजा की फास्टैग लेन में प्रवेश करता है तो नियम-4 के उप नियम (2) के अनुसार यान की उस श्रेणी के लिए लागू फीस के दोगुने फीस के बराबर फीस का भुगतान करना होगा।
5. किसी भी प्रकार की जानकारी, शिकायत अथवा सुझाव हेतु निम्नलिखित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है –

| | |
|---|---|
| परियोजना क्रियान्वयन इकाई | : भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई – भोपाल |
| पता | : मकान नं. एच.आई.जी. 5/ई-3, अरेरा कालोनी, गणेश मन्दिर के पास, पुराना हबीबगंज नाका, भोपाल (म.प्र.) 462016 |
| दूरभाष क्रमांक | : 0755-2465604/05 |
| ईमेल आई डी | : bhopal@nhai.org |

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.6 | 27.3 |
| मुंबई | 30.4 | 25.4 |
| चेन्नई | 39.4 | 21.8 |
| कोलकाता | 29.6 | 25.2 |

सूर्यास्त 7:07 PM
सूर्योदय 5:47 AM
चन्द्रोदय 3.06 PM
चन्द्रास्त 1:03 AM

## बंदी के आरोप: जेल में काम से बचाने मांगे 50 हजार

**जागरण, भिंड।** प्रदेश में भिंड जिले की गोहद उपजेल से जमानत पर बाहर आए एक बंदी ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मालनपुर थाना क्षेत्र के लटकनपुरा के रहने वाले धीर सिंह गुर्जर का आरोप है कि जेल में दाखिल होने के अगले दिन उससे शौचालय की सफाई और अन्य कामों से बचाने के नाम पर 50 हजार रुपये मांगे गए। पैसे देने से इनकार करने पर जेलर, कुछ पुलिसकर्मियों और एक अन्य बंदी की मदद से उसके साथ मारपीट की गई। उपजेल गोहद के जेलर शिवपाल सिंह ने बंदी के सभी आरोपों को खारिज किया है। मालूम हो कि धीर को मारपीट के एक मामले में सजा मिलने के बाद 21 जुलाई को गोहद उपजेल भेजा था, उसका आरोप है कि अगले ही दिन जेलर ने 50 हजार रुपए की मांग की। रुपए नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया। 23 जुलाई को जमानत मिलने और जेल से बाहर आने के बाद धीर ने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

## वैकल्पिक नमाज स्थल को लेकर नहीं बनी सहमति

**जागरण, धार।** प्रदेश के धार में भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को लेकर जुमे की नमाज के स्थान को लेकर विवाद का कोई हल नहीं निकल सका है। प्रशासन और मुस्लिम समाज के बीच बैठक के बाद भी सहमति नहीं बन सकी। वैकल्पिक नमाज स्थल के निर्धारण को लेकर मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अगले सप्ताह 29 जुलाई को सुनवाई होना है। इससे पहले जुमे की नमाज के लिए प्रशासन द्वारा तय किए गए वैकल्पिक स्थान को लेकर मुस्लिम पक्ष और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। मुस्लिम समाज ने प्रशासन द्वारा सुझाई गई जगह पर कड़ी आपत्ति जताई है। देर रात प्रशासन ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाया। काफी देर तक चली बैठक के बाद भी स्थान को लेकर कोई सहमति नहीं बन सकी। अब सारी नजरें सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर हैं। इधर शुक्रवार सुबह से ही शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। प्रशासन ने इससे पहले ही पूरी तैयारी कर ली है। जावरा और इंदौर से पुलिस की दो विशेष कंपनियां धार पहुंच चुकी हैं। नगर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 350 पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। शहर के संवेदनशील इलाकों, भोजशाला परिसर और चालीस पीर दरगाह पर पुलिस बल मौजूद है। साथ ही नगर में पुलिस के मोबाइल वाहन और दोपहिया गश्ती दल लगातार भ्रमण कर रहे हैं। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रशासन ने हमें चालीस पीर की जगह बताई थी।

### ब्यावरा में शातिर ठगों ने मारा बड़ा हाथ, पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

# पैसा डबल करने का लालच देकर गल्ला व्यापारी से दो करोड़ नकदी लेकर जालसाज रफूचक्कर

**जागरण, ब्यावरा।** कहते हैं लालच बुरी बला है। इसी बला का शिकार प्रदेश के राजगढ़ जिले में ब्यावरा के एक गल्ला व्यापारी हुए हैं। शातिर आरोपियों ने व्यापारी को पैसा डबल करने का लालच देकर योजनाबद्ध तरीके से अपने जाल में फंसाया। इसके बाद व्यापारी से 2 करोड़ की नगद राशि लेकर रफूचक्कर हो गए। वारदात के बाद व्यापारी को आरोपियों की जालसाजी समझ आई तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 9 आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सरगर्मी से आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक ब्यावरा शहर के प्रतिष्ठित गल्ला व्यापारी देवेन्द्र पिता कृपाशंकर पालीवाल से पिछले तीन माह से कुछ लोग पैसा डबल करने के नाम पर बड़ी राशि की डिमांड कर रहे थे। जालसाजों ने देवेन्द्र को कंपनी के दस्तावेजों से भरोसा दिलाते हुए बताया कि निवेश की गई राशि का लगभग दो-गुना पैसा उनके खाते में क्रेडिट होगा। खाते में डाली गई राशि के लीगल दस्तावेज भी कंपनी द्वारा प्रदाय किए जाएंगे। लंबी बातचीत के बाद आरोपियों ने देवेन्द्र पालीवाल को राशि देने के लिए राजी कर लिया और 23 जुलाई को आरोपियों ने व्यापारी से 2 करोड़ की नगद राशि प्राप्त कर ली।




### 12 घंटे बाद राशि क्रेडिट होने का दिया झांसा

आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से व्यापारी को बताया कि 12 घंटे बाद उनके द्वारा दिए गए खाते में डबल राशि क्रेडिट हो जाएगी। इसके बाद जब व्यापारी के खाते में 12 घंटे बाद राशि क्रेडिट नहीं हुई तो उसे अपने साथ हुई जालसाजी का अंदेशा हुआ। इसके बाद व्यापारी ने पूरे मामले की जानकारी सिटी थाना पुलिस को दी। इस सनसनी खेज मामले की जानकारी पुलिस कप्तान को लगी तो तत्काल पूरा महकमा हरकत में आया और आरोपियों की तलाश में जुट गया। पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ धारा 318/4, 318/5, 62/2 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपियों में शामिल एक व्यक्ति से व्यापारी की मुलाकात कुछ माह पहले एक निजी बैंक में हुई थी तब से ही वो व्यापारी को अपने जाल में फंसा ने के लिए प्रयास कर रहे थे।

**बुद्धिजीवि तबका भी हो रहा शिकार :** मालूम हो कि साइबर क्राइम जैसे मामलों को लेकर पुलिस लगातार जागरुकता के लिए विशेष अभियान विभिन्न माध्यमों से चला रही है। इस अभियान में अफसर से लेकर आरक्षक तक लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बता रहे हैं। हैरत की बाद तो ये है कि इसके बावजूद भी पढ़ा-लिखा, बुद्धिजीवि तबका इन शातिर ठगों का शिकार हो रहा है।

### 12 लाख के जेवर और नगदी के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**जागरण अशोकनगर।** प्रदेश के अशोकनगर जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश किया। मामले में तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। इनके पास से लगभग 12 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, 80 हजार नगद, घटना में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मालूम हो कि बमोरी ताल में 15 जुलाई की रात एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात की गई थी, जिसके बाद एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर शाढ़ौरा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

**कबाड़ बीनने के बहाने की थी रेकी:** पीड़िता कृष्णाबाई रघुवंशी की शिकायत पर शाढ़ौरा थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान तकनीकि साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना से पता चला कि घटना से दो-तीन दिन पहले इलाके में कबाड़ और प्लास्टिक बीनने वाले संदिग्ध देखे गए थे। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर अमन पारदी, बृजपाल पारदी उर्फ विराज लुक्का पारदी और नीरज पारदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी रामकृष्ण पारदी के साथ मिलकर चोरी की बात कबूल कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने माल बरामद किया। चौथा आरोपी गुना के माबन का रहने वाला रामकृष्ण पारदी फिलहाल फरार है।

## 14 करोड़ की ठगी की रकम से खरीदा सोने का सिक्का ज्वेलर्स का खाता फ्रीज

**जागरण, ग्वालियर।** ठगी की रकम को व्हाइट मनी में बदलने शातिर साइबर ठगों ने नया तरीका अपनाया है। एक शातिर ने सराफा बाजार स्थित गहना जेम्स एंड ज्वेलर्स से 50 ग्राम का सोने का सिक्का खरीदा। आरोपी ने इसका पेमेंट राष्ट्रीय स्तर की साइबर ठगी से हासिल रकम से ऑनलाइन कर किया। इस घटना के करीब 20 दिन बाद कारोबारी का बैंक खाता अचानक होल्ड हो गया। बैंक ने ई-मेल के जरिए बताया कि खाते में आई 5.10 लाख की राशि को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के निर्देश पर फ्रीज किया गया है। पुलिस के अनुसार 4 अप्रैल को अभिषेक परिहार नाम का युवक ने शोरूम पहुंचकर 50 ग्राम का सोने का सिक्का खरीदने का सौदा किया, उसने एडवांस के रूप में 1 लाख एनईएफटी और 10 हजार आईएमपीएस के जरिए जमा कराए। अगले दिन 5 अप्रैल को वह फिर शोरूम पहुंचा और 5 लाख और 1.41 लाख ऑनलाइन बैंक ट्रांसफर से तथा 52,900 कैश देकर पूरी राशि का भुगतान किया। इसके बाद कारोबारी ने जीएसटी का पक्का बिल जारी कर उसे 50 ग्राम का सोने का सिक्का सौंप दिया। इसके बाद ज्वैलर्स संचालक को बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस का नोटिस मिला। नोटिस में बताया कि सोने के सिक्के के भुगतान में इस्तेमाल किए गए 5.10 लाख, बेंगलुरु के एक कारोबारी से हुई 14 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का हिस्सा थे। जानकारी मिलते ही अजय मंगल कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## जल जीवन मिशन के 155 पाइप किये चोरी, दो ठेकेदार गिरफ्तार

**जागरण, रतलाम।** जिले में जल जीवन मिशन परियोजना के तहत बिछाए जाने वाले 155 लोहे के पाइप चोरी होने के मामले में बिलपांक थाना पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए राजस्थान के अलवर निवासी दो ठेकेदारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी किए गए पाइप हरियाणा के भिवानी भेजकर बेच दिए थे। पुलिस अब पाइप खरीदने वाले व्यक्ति और पूरे गिरोह की तलाश में जुटी है। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मैनेजर प्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। कंपनी ईटावा खुर्द और शिवपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। सुराना-शिवपुर रोड पर रखे 809 लोहे के पाइपों में से 14 जुलाई को 155 पाइप गायब मिले, जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 2:46 बजे हाईड्रा मशीन की मदद से पाइप दो आयशर ट्रकों में लोड करते हुए लोग दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर पुलिस सालाखेड़ी स्थित पार्किंग तक पहुंची और वहां से अलवर निवासी वसीम और उसके मामा शाहरूख को गिरफ्तार किया।

## महाकाल मंदिर में सुरक्षा कर्मी पर चाकू से हमला

**जागरण, उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार को मंदिर परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल सुरक्षाकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना ऐसे समय हुई है, जब महज तीन दिन बाद श्रावण मास की शुरुआत हो रही है और मंदिर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में मंदिर के सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हमले में घायल सुरक्षाकर्मी आकाश राठौर महाकाल मंदिर की क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का सदस्य है। शुक्रवार दोपहर वह परिसर में धनुष द्वार के समीप था, तभी उस पर हमला हुआ।

### भाजपा विधायक के बेटे से बहस के बाद कांग्रेस नेता पर हमला

## प्रभारी मंत्री काश्यप की मौजूदगी में जिपं अध्यक्ष को मारा थप्पड़

**जागरण, राजगढ़।** प्रदेश के राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में शुक्रवार को प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया की विधायक मोहन शर्मा के बेटे से मंच पर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर सोंधिया को मंच से नीचे उतारा। इसी दौरान भीड़ में मौजूद एक बुजुर्ग ने उनके गाल पर थप्पड़ मार दिया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। यह घटना बस स्टैंड स्थित सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम की है। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित कई अधिकारी मौजूद थे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा के अनुसार, शुरुआत में कांग्रेस नेताओं को कार्यक्रम में प्रवेश से रोका गया, लेकिन बाद में तहसीलदार की अनुमति के बाद उन्हें अंदर जाने दिया। कुछ देर बाद मंत्री और कलेक्टर ने चंदर सिंह सोंधिया को मंच पर बुलाया। आरोप है कि इसी दौरान विधायक के बेटे ने उन्हें वहां से हटने को कहा, जिससे दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। माहौल बिगड़ने पर पुलिस सोंधिया को सुरक्षा के बीच नरसिंहगढ़ थाने ले गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई के विरोध में घेराव किया। कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला कराने का आरोप लगाया है।



### इंदिरा सागर बांध के पास भीषण हादसा, तीर्थयात्रियों से भरी टवेरा ट्रक के नीचे घुसी

## सेल्फी के बाद आगे बढ़ा परिवार हादसे का शिकार महिला की मौत; मां-बेटे समेत चार लोग गंभीर



**जागरण, खंडवा।** इंदिरा सागर बांध के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीर्थयात्रा पर निकले उप्र के परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। बांध के पास कुछ देर रुककर फोटो और सेल्फी लेने के बाद आगे बढ़ी श्रद्धालुओं से भरी टवेरा को राखड़ (फ्लाई ऐश) से भरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लखनऊ की रहने वाली 80 वर्ष की कलावती की मौत हो गई है, जबकि गोरखपुर का रहने वाला बालक अमित गुप्ता और उसकी मां समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में मां-बेटे समेत चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को इलाज के लिए इंदौर रेफर किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टवेरा ट्रक के नीचे जा फंसी और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। कुछ घायलों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकालना पड़ा।

**ओंकारेश्वर दर्शन के बाद जा रहे थे कुबरेश्वर :** बताया गया है कि उप्र के विभिन्न शहरों से आए परिजन उज्जैन और ओंकारेश्वर में दर्शन करने के बाद सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया।

## एक्सप्रेस ट्रेन से लाखों के जेवर व मोबाइल पार

**जागरण, गुना।** दमोह से कोटा (सोगरिया) की यात्रा कर रहे एक परिवार का सिरहाने रखा लेडीज पर्स गुना स्टेशन के पास चलती ट्रेन से अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पर्स में सोने की चेन, तीन अंगूठियां, तीन महंगे मोबाइल, हाथ घड़ी और 6 हजार नगदी रखे थे। वर्तमान में सोने के बाजार भाव के हिसाब से देखे तो करीब करीब पौने तीन लाख रुपए के जेवर चोरी हो गए। कोटा जीआरपी से शून्य (0) पर दर्ज होकर आई इस एफआईआर पर जीआरपी थाना गुना ने असल अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीवा जिले के बदराव निवासी पंकज चतुर्वेदी अपनी पत्नी अपर्णा और बच्चों के साथ ट्रेन नंबर 08611 से यात्रा कर रहे थे। गत तडक़े करीब 4=15 बजे जब ट्रेन गुना रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी, तभी कोच बी-1 की सीट नंबर 7 पर सो रही पत्नी के सिर के नीचे रखा पर्स चोरी हो गया। फरियादी ने कोटा जीआरपी थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
चतुर्थ तल, नगर निगम मुख्यालय भवन, सेकण्ड स्टाप, तुलसी नगर, भोपाल-462003

NIT No. - 11/HFA/BMC/ 2026 Date - 24/07/2026

:: निविदा आमंत्रण ::
निविदा क्रमांक 2026_UAD_512927_2

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बागमुगालिया आवासीय परियोजना (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-25-6117) स्थल पर निर्मित / निर्माणाधीन एल.आई.जी. (2 बी.एच.के.) में से शेष 71 एल.आई.जी. (2 बी.एच.के.) एवं 17 एम.आई.जी. (3 बी.एच.के.) आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 28.07.2026 समय 14:30 PM से 01.09.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 03.09.2026 को समय 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।
**नोट :-** ऑनलाईन, ई - निविदा में समस्या होने पर ईमेल- bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें, अथवा मोबाइल नंबर- 9424499880 पर संपर्क करें।

जोनल अधिकारी (HFA)
नगर निगम, भोपाल
नि.क्र. 496/026/027

## छह बुलडोजरों से ढहाया 50 लाख की लागत से बना अवैध एस्ट्रो टर्फ

### टर्फ के दफ्तर में युवती से किया था रेप, भड़का जन आक्रोश

**जागरण, खरगोन।** प्रदेश के खरगोन जिले के सनावद में शुक्रवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए व्यापारी जुनैद शेख द्वारा बिना अनुमति बनाए गए एस्ट्रो टर्फ को ढहा दिया। करीब 50 लाख रुपए की लागत से बने इस अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए छह बुलडोजर तैनात किए थे। जुनेद शेख के बेटे और टर्फ संचालक माहीम शेख पर इसी एस्ट्रो टर्फ के कार्यालय में एक युवती को बहला-फुसलाकर रेप करने का मामला दर्ज हुआ था। यह कार्रवाई शहर में भड़के जनआक्रोश और स्थानीय विधायक के कड़े रुख के बाद हुई। कार्रवाई से पहले प्रजापति समाज और सकल हिंदू समाज के लोग पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एकत्र हुए। प्रजापति समाज अध्यक्ष रविन्द्र प्रजापत और बजरंग दल विभाग प्रमुख जितेंद्र राठौर ने प्रशासनिक देरी पर सवाल उठाते हुए निर्माण को तुरंत तोड़ने की मांग रखी। आक्रोश बढ़ता देख क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला मौके पर पहुंचे और नागरिकों को शांत कराया। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत बुलडोजर चलाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि नगर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो मिसाल बनेगी।



### रेप का आरोपी टर्फ संचालक जेल में

मालूम हो कि जुनेद शेख के बेटे माहीम शेख पर इसी एस्ट्रो टर्फ के कार्यालय में एक युवती को बहला-फुसलाकर रेप करने का मामला दर्ज हुआ था। इंदौर में बीकॉम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही छात्रा ने पुलिस को शिकायत में बताया सनावद के एक युवक से उसकी अच्छी दोस्ती थी। 17 जून की शाम युवक ने अपना टर्फ (खेलने का मैदान) दिखाने के बहाने सनावद के चांदनीपुरा बुलाया। जब वह वहां पहुंची तो आरोपी उसे टर्फ दिखाने के बाद गर्मी का बहाना बनाकर ऊपर बने एक कमरे में ले गया। कमरे में जाते ही आरोपी उसके नजदीक आने लगा। विरोध किया तो थप्पड़ मार दिया। शोर मचाने की कोशिश करने पर मुंह दबा दिया और दुष्कर्म किया। युवती ने परिजनों के साथ सनावद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
वीर सावरकर जोन क्रमांक 04 (मंगलवारा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र.04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यु कबाड़खाना के भूखण्ड क्र. 567, 568 एवं 569 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-567 वर्गीकृत बाजार | 20×40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |
| 2 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-568 वर्गीकृत बाजार | 20×40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |
| 3 | 4 | 17 | श्री विपेनद्र रघुवंशी आत्मज श्री रघुवीर सिंह रघुवंशी | भूखण्ड क्र.-569 वर्गीकृत बाजार | 20×40= 800 वर्गफुट | श्री अनिल अग्रवाल आत्मज श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं पंजीकृत दस्तावेज |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र. 04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

जोनल अधिकारी
जोन क्र. -04
नगर निगम भोपाल
सू.क्र.501/026/027

## बिजनेस प्लस

### आईआईएफएल गोल्ड लोन ब्रांच नेटवर्क तीन हजार के पार




**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाइनेंस के समर्पित गोल्ड लोन ब्रांच नेटवर्क ने देशभर में 3,000 शाखाओं का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी का कहना है कि इस विस्तार से छोटे कारोबारियों, किसानों, व्यापारियों, कारीगरों और स्वरोजगार करने वाले लोगों तक औपचारिक ऋण की पहुंच बढ़ेगी। गोल्ड लोन कंपनी के सुरक्षित ऋण पोर्टफोलियो का प्रमुख हिस्सा बन चुका है। ग्राहकों को तेज और आसान सेवाएं देने के लिए कंपनी डिजिटल ऑनबोर्डिंग, एआई आधारित प्रक्रियाओं और ब्रांच टेक्नोलॉजी में निवेश कर रही है। आईआईएफएल फाइनेंस के अनुसार, उसके कुल लोन बुक का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा अब सिक्योर्ड लोन पर आधारित है।

### हिंदुस्तान जिंक का पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन

**उदयपुर।** हिंदुस्तान जिंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध लाभ 145प्रतिशत बढ़कर रुपए 5,469 करोड़ और परिचालन से आय 77 प्रतिशत बढ़कर 13,747 करोड़ रही। EBITD 109 प्रतिशत बढ़कर 8,074 करोड़ पहुंच गया। कंपनी ने लगातार पांचवें वर्ष पहली तिमाही में 268 किलो टन का रिकॉर्ड खनन धातु उत्पादन किया, जबकि जस्ता उत्पादन लागत घटकर 851 डॉलर प्रति टन रही। कंपनी ने 11 रुपए प्रति शेयर अंतरिम लाभांश घोषित किया है। साथ ही सरकार को करीब 6,450 करोड़ का योगदान दिया और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाकर 22 प्रतिशत कर दिया।

## चावल घोटाला: मिलर्स संचालक और पार्टनर को किया गिरफ्तार



**जागरण, बालाघाट।** प्रदेश के बालाघाट में एथेनॉल प्लांट के नाम पर एफसीआई गोदाम से निकाला गया सरकारी फोर्टिफाइड चावल अपनी राइस मिलों में खपाने वाले दो बड़े व्यापारियों राजेश उर्फ राजू संचेती और विनोद शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि बीते एक साल के दौरान एवीजे एथेनॉल प्लांट के नाम से निकला 5,459 मीट्रिक टन सरकारी चावल इन्हीं मिलर्स के पास पहुंचा था। मामले की जांच में सामने आया है कि संचेती राइस मिल में राजेश संचेती पैसों का लेन-देन और गाड़ियों की आवाजाही संभालता था। वहीं विनोद शर्मा हर्ष राइस मिल में 20 प्रतिशत का पार्टनर है। यह मिल पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के रिश्तेदारों की साझेदारी में चलती है, जिसके अन्य साझेदारों से भी पुलिस पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा, सिवनी के नंदगोपाल राइस इंडस्ट्रीज के मालिक सोनू जैन को भी 3 जून को चावल से भरे दो ट्रकों के पकड़े जाने के बाद आरोपी बनाया है। शुक्रवार को हुई इन दो गिरफ्तारियों के बाद केस में कुल आरोपियों की संख्या 12 हो गई है।

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल**
क्रमांक 279334/एम.सी/10/2026 भोपाल, दिनांक 16/7/2026

**ई- निविदा आमंत्रण**

गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल एवं संबद्ध चिकित्सालयों के लिये वाहन किराये पर लगाने हेतु ई - निविदायें वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु कृपया www.mptenders.gov.in पर लागिन कर उक्त कार्य हेतु निर्धारित निविदा शुल्क रु. 2500/- आनलाईन जमा करें।

| निविदा का नाम | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की प्रारम्भ तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल एवं संबद्ध चिकित्सालयों हेतु वाहन किराये पर लगाने हेतु खुली निविदा | 20/07/2026 | 10/08/2026 | 11/08/2026 01.00 बजे |

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य नियम शर्तों से संबंधित जानकारी वेबसाईड www.mptenders.gov.in पर दिनांक 20/07/2026 से देखी जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की जानकारी www.gmcbhopal.net वेबसाईड पर देखी जा सकती है।

अधिष्ठाता
गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल
जी-16127/26
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

# होंडा इंडिया लांच करेगी 10 नई मोटर साइकिल्स और स्कूटर्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपने पोर्टफोलियो को एक्सपैंड कर दिया है। कंपनी ने 10 नई मोटरसाइकिल्स और स्कूटर्स को दिखाया है। ये गाड़ियां अलग-अलग सेगमेंट की हैं। इन 10 में से 7 तो बिलकुल नई बाइक्स हैं, जबकि तीन मौजूदा मॉडल्स का अपडेट हैं। ब्रांड के लेटेस्ट पोर्टफोलियो में एडवेंचर स्कूटर, क्रूजर, रोडस्टर, डुअल पर्पज मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी शामिल हैं। होंडा ने कन्फर्म किया है कि ये प्रोडक्ट्स भारत में फेज्ड मैनर (चरणबद्ध) में लॉन्च किए जाएंगे। हालांकि, कंपनी ने इनकी कीमत, लॉन्च डेट और उपलब्धता को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। कंपनी ने बताया है कि इन प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग नजदीक आने पर जानकारी शेयर की जाएगी। साथ ही ब्रांड ने लोकलाइजेशन पर फोकस किया है। इन प्रोडक्ट्स को मेड इन इंडिया के तर्ज पर लॉन्च किया जाएगा। कंपनी के लिए भारत एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट बेस बन रहा है।

**पहला ई-85 स्कूटर**



होंडा ने अपना एडवेंचर स्कूटर एडीवी160 पेश किया है। भारतीय स्कूटर बाजार में होंडा सबसे मजबूत प्लेयर्स में से एक है, लेकिन इस मजबूती की वजह सिर्फ एक मॉडल एक्टिवा है। एडीवी 160 से जुड़ने से कंपनी उन कंज्यूमर्स को खींच पाएगी, जो एक एडवेंचर स्कूटर चाहते हैं। इसमें 160 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन मिलता है। अंडर सीट 27 सीटर का स्टोरेज और 8.1 लीटर का फ्यूल टैंक मिलता है। होंडा का कहना है कि ये भारत पहला स्कूटर होगा, जो ई-85 फ्यूल सपोर्ट करेगा।

### एंट्री लेवल क्रूजर बाइक



इसके अलावा कंपनी ने होंडा सीबी 500 को पेश किया है। 501 सीसी वाली ये बाइक प्रीमियम रोडस्टर चाहने वालों के लिए होगी। साथ ही कंपनी ने होंडा रिबेल 300 को इंट्रोड्यूस किया है, जो कंपनी की एंट्री लेवल कैजुअल क्रूजर बाइक होगी। बॉबर इंस्पायर्ड डिजाइन वाली ये बाइक 286 सीसी के लिक्विड कूल्ड इंजन के साथ आती है। साथ ही कंपनी ने होंडा रिबेल 500, होंडा एक्स आर 300एल, एक्सआर 300 रैली, होंडा क्यूसी3 और सीबी 350 रेंज को पेश किया है। जहां होंडा एक्सआर 300एल एक डुअल पर्पज बाइक है, जिसे लाइटनेस और आरामदायक राइड चाहने वालों के लिए बनाया गया है। ये बाइक 293.5सीसीके एयर कूल्ड इंजन के साथ आएगी। आप इसे भारत में मिलने वाली हीरो एक्सपल्स 210 का कंपटीशन समझ सकते हैं।

**इलेक्ट्रिक स्कूटर भी किया पेश**

वहीं होंडा एक्सआर 300 रैली को एडवेंचर चाहने वालों के लिए तैयार किया गया है। इसे ट्रेल टूरिंग और मिक्स्ड टेरियन इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है। इसके साथ होंडा क्यूसी3 एक कंपनी ओरिएंटेड ईवी स्कूटर होगा, जो 3केडब्ल्यूएच की बैटरी, 151 किलोमीटर की रेंज और 32 लीटर के अंडर सीट स्टोरेज के साथ आएगा। होंडा ने बताया है कि ये स्कूटर 2 घंटे 40 मिनट में 0 से 80 फीसदी चार्ज हो सकता है। इसमें स्मार्ट की और एक 5 इंच का टीएफटी डिस्प्ले मिलेगा।

**होंडा एक्सआर 300**



---

## बाजार पर नजर

**शेयर बाजार में आज**



331 ▼ **76,059**

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,276.00 | 2.11% |
| Wipro | 177.90 | 1.32% |
| Cipla | 1,444.80 | 1.26% |
| ITC | 284.85 | 0.76% |
| HDFC Life | 556.75 | 0.74% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Bajaj Finance | 1,001.30 | -2.60% |
| Eternal | 276.55 | -2.47% |
| M&M | 3,135.10 | -2.11% |
| Shriram Finance | 992.90 | -2.02% |
| TATA Cons. Prod | 1,079.00 | -1.78% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 96.5600 |
| € यूरो | 109.97 |
| ¥ येन | 0.5899 |
| £ पौंड | 128.60 |

## रुपया 20 पैसे मजबूत होकर 96.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे मजबूत होकर 96.53 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव, एफआईआई की पूंजी निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में निरंतर नकारात्मक धारणाओं सहित विभिन्न कारणों से रुपया दबाव में रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 96.81 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.30 से 96.81 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले 20 पैसे की बढ़त के साथ 96.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को 20 पैसे की गिरावट के साथ 96.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि रुपये में और गिरावट रोकने के लिए आरबीआई के हस्तक्षेप की रिपोर्ट है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 676.24 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) 17 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 676.237 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले वाले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार में 964 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी और यह 675.157 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस तरह, लगातार दूसरे सप्ताह देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आरबीआई की वीकली स्टैटिस्टिकल सप्लीमेंट के मुताबिक, इस वर्ष की शुरुआत में वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण आई गिरावट के बाद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार मजबूत हो रहा है।

## अब हर उड़ान पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हवाई सफर को और सुरक्षित बनाने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक्शन प्लान लागू किया है। इसके तहत एयरलाइंस और एयरपोर्ट पर कड़ी नजर रखी जाएगी। औचक निरीक्षण बढ़ेंगे, नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी और हादसों व तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्टिंग पूरी तरह डिजिटल की जाएगी।

---

**ट्रेड एक्ट-1974 की धारा 301 के तहत फोर्स्ड लेबर से बने सामान का निर्यात**

# भारत पर 10 प्रतिशत आयात टैरिफ लगा भारतीय उत्पाद अमेरिका में होंगे महंगे

**60 और देशों पर भी टैरिफ लगाया**

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका ने शुक्रवार से भारत से आयात होने वाले सामान पर 10% टैरिफ लागू कर दिया है। यह कार्रवाई ट्रेड एक्ट-1974 की धारा 301 के तहत फोर्स्ड लेबर से बने सामान को लेकर की गई है। यह फैसला ऐसे दिन लागू हुआ, जब ट्रम्प प्रशासन का 15% अस्थायी ग्लोबल टैरिफ खत्म हो रहा है। पुराना टैरिफ हटते ही उसकी जगह नया स्थायी टैरिफ लागू कर दिया गया। अमेरिका ने 60 देशों पर 10% से 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इनमें 17 देशों पर 10% और 43 देशों पर 12.5% टैरिफ लगाया गया है।

**भारत, ब्रिटेन, कनाडा और पाक 10 प्रतिशत वाले समूह में :** भारत, ब्रिटेन, कनाडा, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाक और श्रीलंका को 10% वाले समूह में रखा गया है। अमेरिका के मुताबिक, इन देशों ने जबरन मजदूरी से बने सामान के आयात पर रोक लगाई है या उस दिशा में कदम उठाए हैं।




### निर्यातकों पर होगा कीमत घटाने का दबाव

भारत के किन सेक्टर्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। ऐसे में अतिरिक्त 10% टैरिफ से उन सेक्टरों पर ज्यादा असर पड़ सकता है, जिनकी अमेरिकी बाजार पर निर्भरता अधिक है। इनमें टेक्सटाइल और गारमेंट्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, लेदर उत्पाद, कृषि एवं फूड प्रोडक्ट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, केमिकल्स और कुछ मैन्युफैक्चरिंग आइटम शामिल हैं। अतिरिक्त टैरिफ लगने से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। इससे खरीदार दूसरे देशों के विकल्प तलाश सकते हैं या भारतीय निर्यातकों पर कीमत घटाने का दबाव बढ़ सकता है।

**भारत को 12.5% की जगह 10% टैरिफ क्यों मिला:** शुरुआत में भारत पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था। बाद में सरकार की ओर से श्रम मानकों और सप्लाई चेन की निगरानी से जुड़े कुछ नीतिगत सुधारों तथा अमेरिका के साथ बातचीत के बाद इसे घटाकर 10% कर दिया गया।

**अमेरिका चाहता है फोर्स्ड लेबर नियमों लागू हों:** फेडरल नोट में कहा गया है कि जून में प्रस्तावित टैरिफ घोषित होने के बाद भारत ने 14 जून को अपनी विदेशी व्यापार नीति में संशोधन किया। अमेरिका का मानना था कि भारत ने श्रमिक अधिकारों की निगरानी, नियमों के पालन और सप्लाई चेन में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं।

# मारुति सुजुकी का एसयूवी खंड में 25-30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य, नई 'ब्रेजा' से उम्मीद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की अग्रणी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में अपने एसयूवी खंड की बिक्री में 25-30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

कंपनी को नए मॉडलों की पेशकश और मजबूत मांग से यह तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी ने शुक्रवार को अपने कॉम्पैक्ट एसयूवी मॉडल 'ब्रेजा' का नया संस्करण 7.4 लाख रुपये की शुरुआती शोरूम कीमत पर पेश किया। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 20226-27 में एसयूवी बिक्री को कम-से-कम 25-30 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष करीब 5.5 लाख एसयूवी बेचने के बाद कंपनी इस साल इसे बढ़ाकर लगभग सात लाख इकाई तक ले जाने का लक्ष्य रख रही है। इसमें ब्रेजा के नए मॉडल की भूमिका महत्वपूर्ण रहने का अनुमान है।

### मारूति एसयूवी में बढ़ रही है हिस्सेदारी

कंपनी की कुल बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी भी लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 12 प्रतिशत थी, जो अब चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर करीब 30 प्रतिशत हो गई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कुल 6,82,724 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में बिकी 5,27,861 इकाइयों से अधिक है। वहीं, कंपनी के ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री बढ़कर 2,18,885 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 1,61,868 इकाई थी।



# वेलस्पन कॉर्प का शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 1,047.88 करोड़ पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वेलस्पन कॉर्प का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में करीब तीन गुना होकर 1,047.88 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। वेलस्पन कॉर्प ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 349.16 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2026-27 की जून तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 4,144.91 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 3,586.52 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रवर्तक समूह कंपनी वेलस्पन लिविंग लिमिटेड से वेलस्पन कैप्टिव पावर जनरेशन लिमिटेड में अतिरिक्त 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विपुल माथुर ने कहा, हमने नए वित्त वर्ष की शुरुआत मजबूत प्रदर्शन के साथ की है। कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक तिमाही कर पूर्व आय और मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड का कारोबार लाइन पाइप, डक्टाइल आयरन (डीआई) पाइप, स्टेनलेस स्टील बार, पाइप एवं ट्यूब तथा टीएमटी सरिया जैसे विविध क्षेत्रों में फैला हुआ है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2026-160

**कार्य का नामः-** रिपेयर ऑफ ड्रेनेज एंड क्लीनिंग ऑफ सीवर लाइन, प्लेटफार्म मन्होलेस, इंस्पेक्शन चैम्बर्स ऑफ वेरियस स्टेशन फ्रॉम गोविंदपुरी टू परौना अंडर एडीईएन/कानपुर जूरिडिक्शन फॉर 02 इयर्स पीरियड।

**अनुमानित लागत (रू.):** 9147824.85 | **अमानत राशि (रू.):** 183000.00

**निविदा बंद होने की तिथिः** 24.08.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 24 माह।

- निविदा दिनांक 24.08.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1687/26 (PH)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या: **25-MCW-AICWDAS-2026-27** धनबाद, दिनांक: 22.07.2026

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम:** ओबरा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कैमरा युक्त वैगन क्षति आकलन प्रणाली (एआई-सीडब्ल्यूडीएएस) की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग का कार्य। **2. कार्य की मात्रः** 01 नंबर। **3. संविदा की अवधिः** 12 महीना। **4. कार्य-स्थानः** धनबाद मंडल के अंतर्गत फ्रेट डिपो ओबरा। **5. अनुमानित बोली मूल्यः** मात्र 93,59,760.00 रुपये (तिरानवे लाख उनसठ हजार सात सौ साठ रुपये)। **6. निविदा दस्तावेज मूल्यः** रू.0.00 (शून्य) **7. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार):** केवल 1,87,200/- रुपये (एक लाख सतासी हजार दो सौ रुपये) **8. ई-निविदा जमा करने का तारीख तथा समयः** तारीख 29.07.2026 से 12.08.2026 को 12:00 बजे तक। **9. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समयः** 12.08.2026 को 12:30 बजे। **10. वेब साइट विवरणः** https://www.ireps.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0602/डीएचएन/सीएण्डडब्लू/टी/26-27/36

The Court Of Shri Shri Anand Kumar Tiwari, Member Motor Accident Claims, District Court Shajapur MP
Presiding Officer : श्री आनंद कुमार तिवारी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0000136/2025)

मुकेश राठौर ........................ वादी
V/s
अमन नेहरा ........................ प्रतिवादी

Process Id- 856/2026
पेशी दिनांक :- 27/08/2026

प्रेषिती -
(1) अमन नेहरा पिता राधेश्याम नेहरा आयु 25 वर्ष निवासी 22 ई नई बस्ती मुसाखेड़ी इन्दौर जिला इन्दौर म.प्र.

यह कि प्रार्थी **मुकेश राठौर** ने आपके विरूद्ध **आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम** का प्रकरण (MACC/0000136/2025) **मुकेश राठौर Vs अमन नेहरा का** संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22 July 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

(आनंद कुमार तिवारी)
मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
शाजापुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर वह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
मंडल कार्यालय, झर्रा टिकुरिवा, प्रथम तल, आस्था प्लाजा, कटनी - 483501
ईमेल : coktnsamd@pnb.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:-

**ई नीलामी दिनांक : 24.08.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 23.08.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। | | |
| **मेसर्स मंगल ट्रेडर्स - प्रो. श्री हर्षित अग्रवाल पुत्र भारत भूषण अग्रवाल श्री सुनील कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बाबूरा अग्रवाल और (2) श्रीमती रजनी अग्रवाल पत्नी श्री सुनील कुमार अग्रवाल** 1. संपत्ति का वह भाग, जिसमें राजस्व सर्वेक्षण संख्या 118/1/1/1/1/1 (एस) के अंतर्गत उत्तरी भाग (0.050 हेक्टेयर) शामिल है, जो ग्राम बिलखिरिया खुर्द, पीएचएन-रतनपुर सड़क, वार्ड नं. 84, तहसील कोलार, भोपाल (म.प्र.) में स्थित है। क्षेत्रफल 0.050 हेक्टेयर (5500 वर्ग फुट या 511.15 वर्ग मीटर) है। सीमाएँ इस प्रकार हैं: -पूर्व में -सड़क, पश्चिम में- तेज बहादुर राजपूत और बोपुड़ी सीता महालक्ष्मी भूमि, उत्तर में -तेज बहादुर राजपूत और बोपुड़ी सीता महालक्ष्मी भूमि, दक्षिण में -सर्वेक्षण संख्या 118/1/1/1/1/1 का शेष 5500 वर्ग फुटक्षेत्र, जिसके स्वामी श्री सुनील कुमार अग्रवाल पुत्र श्री बाबूरा अग्रवाल (सांकेतिक आधिपत्य) 2. संपत्ति का वह भाग जिसमें राजस्व सर्वेक्षण संख्या 118/1/1/1/1/1 (दक्षिण) के दक्षिणी भाग का क्षेत्रफल 0.050 हेक्टेयर है, जो ग्राम बिलखीरिया खुर्द, पीएचएन-रतनपुर सड़क, वार्ड नं. 84, तहसील कोलार, भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 0.051 हेक्टेयर (5500 वर्ग फुट या 511.15 वर्ग मीटर) है। सीमाएँ : पूर्व में -रास्ता, पश्चिम में -तेज बहादुर राजपूत और बोपुड़ी सीता महालक्ष्मी की भूमि, उत्तर में -सर्वेक्षण संख्या 118/1/1/1/1 का शेष भाग 5500 वर्ग फुट, दक्षिण में -पुष्पेंद्र कुमार शुक्ला की भूमि, जिसके स्वामी श्रीमती रजनी अग्रवाल पत्नी श्री सुनील कुमार अग्रवाल (सांकेतिक आधिपत्य) | (₹) 1,00,60,600.00 / (₹) 10,06,060.00 | 09-01-2026 / 20-03-2026 / ₹ 18974988.55 + देय ब्याज एवं अन्य खर्च / संपत्ति 1 एवं 2 संयुक्त रूप से बेची जावेंगी। |

**नियम एवं शर्तें :-** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 24/08/2026 को वेबसाइट** https://baanknet.com पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।

दिनांक: 23/07/2026
स्थान: कटनी

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिगरौली (म.प्र.)**
Website: www.mppwd.mp.gov.in, Email- eepwdsingrauli1@gmail.com

**निविदा आमंत्रण ई- टेन्डरिंग**
**म.प्र. शासन**

निविदा सूचना क्रमांक 10/ ई- टेन्डरिंग/2026-27 — सिंगरौली, दिनांक 17.07.2026

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स. क्र. | जिला | ऑनलाइन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिंगरौली | 2026_PWDRB_522120 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत डोड़की से नगौरा मार्ग लम्बाई 5.40 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | 166.54 | 166540 | 12500 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 2 | सिंगरौली | 2026_PWDRB_522122 | द्वितीय आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत पुरैल छांदा से देवरा रेल्वे स्टेशन मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। | 162.47 | 162470 | 12500 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 3 | सिंगरौली | 2026_PWDRB_522123 | तृतीय आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत बिन्दूल मेन रोड से बोकराखाड़ी ग्राम पंचायत बिन्दूल पुल के साथ यादव बस्ती तक मार्ग लं. 3.45 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 425.40 | 425400 | 15000 | 06 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| 4 | सिंगरौली | 2026_PWDRB_522124 | तृतीय आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत हर्दीपत्ता गोदाम से गोपद पुल गोतरा पहुंच मार्ग लं. 3.24 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 292.74 | 292740 | 15000 | 04 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय रीवा में खोली जावेगी। |
| | | | | योग- | 1047.15 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 28.07.2026 से अंतिम तिथि दिनांक 18.08.2026 सायं 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 20.08.2026 को खोली जावेगी ।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे ।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल वेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

जी-16100/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए षवित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता सं.) L9001060131416618, मैसर्स नव ज्योति पान सदन (ऋणी), श्रीमती रेखा बाई जायसवाल (सहऋणी), आयुष जायसवाल (सहऋणी) | 12 फरवरी 26 Rs. 14,52,494/- चौदह लाख बावन हजार चार सौ चौरानवे रुपए मात्र, 10 फरवरी 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 314/24, पीएच.. नं. 18, वार्ड नं. 08, शिवाजी वार्ड, श्री समर्थ नगर कॉलोनी, ग्राम खिरकिया, जिला हरदा, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट, पूर्वः प्लॉट नं. A-41, पश्चिमः प्लॉट नं. A-40 का शेष भाग, उत्तरः प्लॉट नं. A-21, दक्षिणः निस्तारी रास्ता | 22 जुलाई 26 |
| (ऋण खाता सं.) L9001060120453492, भोजराज विश्वकर्मा (ऋणी), श्रीमती पूजा विश्वकर्मा (सहऋणी), शंकर लाल (सहऋणी), लोकेन्द्र विश्वकर्मा (सहऋणी), गुलाब सिंह (गारंटर) | 11 नवम्बर 25 Rs. 2,34,927/- दो लाख चौंतीस हजार नौ सौ सत्ताईस रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 199, पीएच. नं. 21, सर्वे नं. 191, ग्राम चैनपुरा, तहसील इछावर, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट, पूर्वः रास्ता, पश्चिमः स्वयं की भूमि, उत्तरः ओमप्रकाश का मकान, दक्षिणः राजाराम की भूमि | 21 जुलाई 26 |
| (ऋण खाता सं.) L9001070125762799, बाबू अली (ऋणी), श्रीमती हसीना बी (सहऋणी), नियामत अली (सहऋणी) | 17 मार्च 26 Rs. 29,49,474/- उनतीस लाख उनचास हजार चार सौ चौहत्तर रुपए मात्र, 12 मार्च 26 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 147, पीएच. नं. 58, वार्ड नं. पुराना 14 नया 13, आवास कॉलोनी, तहसील जीरापुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, 465661, क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट, पूर्वः राजेन्द्र जी का प्लॉट, पश्चिमः बृजमोहन जी का प्लॉट, उत्तरः सार्वजनिक रोड, दक्षिणः भँवर सिंह का मकान | 23 जुलाई 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है। ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड''( एशेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक )के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 24.07.2026 स्थानः भोपाल, मध्य प्रदेश
प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# कॉमनवेल्थ गेम्सः खेलों के महाकुंभ के मंच से दिया प्लास्टिक मुक्त महासागरों का संदेश




जेएनएन, ग्लासगो

स्कॉटलैंड की विरासत को समेटे हुए संगीत और नृत्य तथा इंद्रधनुषी रंगों से सजे शानदार समारोह के साथ 23वें राष्ट्रमंडल खेलों का आगाज हो गया है, जिसमें महासागरों को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश भी दिया गया। किंग चार्ल्स तृतीय ने उस संदेश को पढ़ा, जिसे उन्होंने पिछले साल मार्च में बकिंघम पैलेस में 'किंग्स बैटन' में रखा था। यह संदेश तब से 500 दिनों की वैश्विक मशाल रिले के दौरान राष्ट्रमंडल से जुड़े सभी 74 सदस्य देशों से होकर गुजरा था। अपना संदेश देने से पहले किंग चार्ल्स तृतीय ने राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत की घोषणा की। ब्रिटिश सम्राट ने कहा कि इस बैटन में एक अतिरिक्त संदेश भी था, जिसमें महासागरों और जलमार्गों को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने के प्रयासों का आग्रह किया गया था। उन्होंने कहा कि इन खेलों की मशाल रिले ने एक और संदेश दिया है। हमारे महासागरों और जलमार्गों को नुकसान पहुंचाने वाले और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करने में मदद करना। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे ने कहा, ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के लिए नए अध्याय की शुरुआत है। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में केवल 10 खेल ही शामिल हैं। भारत इनमें से आठ खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा इसमें छह पैरा खेल भी शामिल हैं। इस कार्यक्रम के 'वर्कशॉप ऑफ द वर्ल्ड' नामक एक खंड में ऐतिहासिक वस्त्र उत्पादन से प्रेरित नृत्यकला का प्रयोग किया गया था, जिसमें ट्वीड कपड़े की हस्तशिल्प करते समय महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले लयबद्ध गेलिक (आयरलैंड और स्कॉटलैंड की प्राचीन भाषा) गीतों को शामिल किया गया था। इस क्रम में क्लाइड नदी पर जहाज निर्माण, प्रारंभिक लोकोमोटिव इंजीनियरिंग और आधुनिक हरित प्रौद्योगिकी को दर्शाने वाले औद्योगिक दृश्यों का समावेश किया गया।



मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ने भारत के ध्वजवाहक के रूप में तिरंगा थामकर नेतृत्व किया।



## पहली बार इनडोर स्टेडियम में समारोह

उद्घाटन समारोह में स्कॉटलैंड की पारंपरिक विरासत को समकालीन पॉप, रैप और इलेक्ट्रॉनिक संगीत के साथ मिश्रित किया गया। इस उद्घाटन समारोह की विशेषता यह थी कि इसे विशाल खुले स्टेडियम के बजाय 14,300 लोगों की क्षमता वाले इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। ऐसा राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पहली बार हुआ है। यही नहीं सभी 74 देश के खिलाड़ी कार्यक्रम के आखिर में नहीं बल्कि शुरुआत में ही परेड करते हुए स्टेडियम में पहुंचे। जैसे ही 74 'बैटन' को स्कॉटलैंड के मूल वनस्पतियों से सुसज्जित 200 वर्ग मीटर के एक उद्यान में लगाया गया, पाइप बैंड ने 'फ्लावर ऑफ स्कॉटलैंड' की प्रस्तुति से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पाइप बैंड ने इससे पहले खिलाड़ियों की परेड के दौरान 'इलेक्ट्रो फोल्क' जोड़ी वाल्टोस तथा स्कॉटिश कलाकारों नाथन इवांस, टॉम वॉकर और केटी टुनस्टॉल के साथ शानदार प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। अभिनेता सैम ह्यूगन ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## तैराकीः श्रीहरि सेमीफाइनल में

भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां



स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

## लॉन बॉल्सः भारत की लगातार दूसरी जीत

भारत ने लॉन बॉल्स की महिला पेयर्स स्पर्धा में दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी सिंह (स्किप) ने सेक्शन बी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की जोड़ी थाबेलो मुव्हांगो (लीड) और जैकी जैनसे वैन रेंसबर्ग (स्किप) को 2-0 से हराया। भारत ने दोनों सेट 6-4 और 7-5 से अपने नाम किए। भारत सेक्शन बी की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

## जूडोका तूलिका निलंबित, खेलों से बाहर

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता जूडोका तूलिका मान को पिछले 12 महीनों में तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहने के कारण अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है, जिससे उन्हें ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों से भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। एक जूडो कोच ने कहा, वह 12 महीनों के भीतर तीन बार रहने के स्थान की जानकारी देने में नाकाम रहीं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसलिए उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा। एक दिन पहले भारतीय जूडोका अरुण कुमार (73 किग्रा से कम वजन वर्ग में) को भी बाहर कर दिया गया, क्योंकि वह प्रतियोगिता से बाहर लिए गए डोप टेस्ट में विफल पाए गए।

## खेल एक नजर

### संयम ने विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत

**हांगझोउ, जेएनएन।** संयम ने विश्व कप में भारत का खाता खोलते हुए महिलाओं की दस मीटर दस पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता।



फाइनल में उन्होंने 243.4 अंक बनाए। क्वालिफिकेशन दौर में उनका स्कोर 579 था। उन्होंने नेशनल चयन ट्रायल में 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल दो में 243.1 स्कोर किया था। चंडीगढ़ की यह निशानेबाज जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। भारत की सुरूचि इंदर सिंह भी आठ महिलाओं के फाइनल में पहुंची और 137.6 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही। क्वालिफिकेशन में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने 582 स्कोर किया था।

### अनाहत जूनियर स्क्वाश वर्ल्ड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**ओंटारियो, जेएनएन।** भारत की उभरती खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने चार गेम तक चले मैच में जीत दर्ज करके विश्व



जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला रैंकिंग में विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की हबीबा रिज्क को 11-7, 11-5, 6-11, 11-9 से हराया। इस प्रतियोगिता में पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत इस तरह से विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लगातार दो बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की बार्ब समेह से होगा।

### अब भारत में एशेज टेस्ट करा सकता है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न, जेएनएन।** इस साल के आखिर में चेन्नई में बिग बैश लीग कराने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भविष्य में भारत में एशेज टेस्ट भी कराने की सोच रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने फिलहाल किसी योजना से इनकार किया। ऑस्ट्रेलिया दिसंबर में चेन्नई में बिग बैश लीग के पहले मैच की मेजबानी करेगा। ग्रीनबर्ग ने बीबीसी स्टम्प्ड पॉडकास्ट में कहा कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई से हमारे रिश्ते मजबूत हैं। साफ तौर पर भारत में कुछ और क्षेत्रों में और कंटेंट लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो कोई योजना नहीं है, लेकिन इस पर विचार किया जा सकता है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अभी भी काफी मजबूत है।

# जीत की राह पर लौटी टीम इंडिया, अब नजरें सीरीज पर

### भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी-20 आज शाम 4:30 बजे से, तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे

जेएनएन, हरारे

कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में अपनी पहली जीत से वापसी की राह पर अग्रसर भारत शनिवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करते हुए जिम्बाब्वे के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) से हारने के बाद तीन बार के टी-20 विश्व कप विजेता भारत ने गुरुवार को तीन मैच की सीरीज के पहले मैच में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इस सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 19 गेंदों में खेली गई 50 रन की पारी और मयंक यादव (चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जिम्बाब्वे ने हाल में अपने घरेलू मैदानों पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दो साल पहले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करते हुए अपने दूसरे ही मैच में ही शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा पहले मैच में नहीं चल पाए थे और वह उसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सूर्यवंशी ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड बनाया। इस युवा बल्लेबाज को इससे काफी राहत मिली होगी, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर उन्हें विशेष रूप से शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जा रहा था। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से ज्यादा युवा तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामूहिक प्रयास से खुश होगा।




**जिम्बाब्वेः** ब्रायन बेनेट, बेन कुरेन, डिओन मेयर्स, सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, वेस्ली मधेवेरे, ताडिवनाशे मारुमानी (विकेटकीपर), ब्रैड एवंस, वेलिंग्टन मसाकद्जा/न्यूमैन न्यामहुरी, रिचर्ड अंगारावा, ब्लेसिंग मुजाराबानी

**भारतः** अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, इशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, प्रिंस यादव, अशोक शर्मा।

### अहम आंकड़े

- टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं और यह सभी मुकाबले हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए हैं।
- श्रेयस अय्यर इस मैच में यदि टॉस जीतते हैं, तो वह बतौर कप्तान पहले सभी नौ अंतरराष्ट्रीय मैच में टॉस जीतने वाले कप्तान बन जाएंगे। इसके साथ ही वे इंग्लैंड के वैली हैमंड को पीछे छोड़ देंगे।
- कम से कम 1000 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा (188.69) का स्ट्राइक रेट सबसे ज़्यादा है।

### पिच और परिस्थितियां

पहले टी-20 में तेज गेंदबाजों को पिच से काफी मदद मिली, शुरुआत में नमी की मौजूदगी से बल्लेबाजों को थ्रू द लाइन खेलने में मुश्किल हुई। शनिवार को भी वैसी ही परिस्थितियां मिल सकती हैं। मौसम साफ रहने की उम्मीद और तापमान 20°C के आसपास रह सकता है।

### वापसी को तैयार जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे को भले ही हार मिली, लेकिन इससे उनका आत्मविश्वास नहीं हिलेगा, क्योंकि पिछले कुछ सालों में वे अपना बेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। 32 रनों पर ही चार विकेट गंवाने के बाद 125 तक पहुंचना उनके लिए सकारात्मक पहलू रहा। विकेटकीपर बल्लेबाज मारुमानी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। बेन कुरेन ने टी-20 डेब्यू पर पारी की शुरुआत की और मारुमानी का इस्तेमाल फिनिशर के रूप में किया गया। पिछले 70 टी-20 मैचों में तीन नंबर से नीचे नहीं खेलने वाले मारुमानी ने 20 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। सीरीज में बने रहने और भारत को हराने के लिए जिम्बाब्वे को बहुत कड़ी मेहनत करनी होगी।

# आनंद विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के अंतरिम अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है, क्योंकि इसके प्रमुख अर्कादी ड्वोरकोविच को यूरोपीय संघ ने प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है। यूरोपीय संघ ने यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है। रूस के मूल निवासी ड्वोरकोविच ने यूरोपीय संघ के फैसले को चुनौती देने का फैसला किया है। यूरोपीय संघ की इस कार्रवाई से उनके खाते फ्रीज हो सकते हैं और उन पर यात्रा प्रतिबंध लग सकते हैं। आनंद 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं। फिडे ने बयान में कहा कि ड्वोरकोविच के फिडे अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकारों, कर्तव्यों और विशेषाधिकारों से हटने के फैसले को फिडे परिषद स्वीकार करती है। बयान में कहा गया है, फिडे चार्टर के अनुच्छेद 19.2 के अनुसार जब तक ड्वोरकोविच पर प्रतिबंध लगा रहता है तब तक फिडे के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे।

# भारत-पाकिस्तान समेत 4 टीमें एशियन गेम्स के नॉकआउट में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका की पुरुष टीमों ने सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के नॉकआउट चरण में सीधे जगह बना ली है। वहीं अफगानिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, जापान, मलेशिया, नेपाल और ओमान पहले दौर में खेलेंगे, जहां से चार टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर शीर्ष चार टीमों से भिड़ेंगी। गुरुवार को एशियन गेम्स की पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं के लिए ड्रॉ और ग्रुप की घोषणा कर दी गई। पुरुष वर्ग में 10 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जबकि महिला वर्ग में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला प्रतियोगिता की शुरुआत सीधे क्वार्टरफाइनल से होगी। इसमें भारत का सामना जापान से, बांग्लादेश का चीन से, श्रीलंका का मलेशिया से और पाकिस्तान का थाईलैंड से मुकाबला होगा। महिला प्रतियोगिता 17 से 22 सितंबर तक खेली जाएगी। पुरुष प्रतियोगिता 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलेगी। पहले दौर में ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, जापान और नेपाल होंगे, जबकि ग्रुप-बी में हॉन्ग कॉन्ग, मलेशिया और ओमान शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जहां उनका सामना सीधे क्वालिफाई करने वाली चार टीमों से होगा। सभी मुकाबले जापान के नागोया में टी-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे। 2023 के एशियन गेम्स में भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीता था।

## शतरंज ओलंपियाडः डी गुकेश, प्रज्ञानानंदा वैशाली करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश, शानदार फॉर्म में चल रहे आर. प्रज्ञानानंदा और महिला कैंडिडेट्स विजेता आर. वैशाली की अगुआई में भारत ने 16 से 27 सितंबर तक उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले फिडे शतरंज ओलंपियाड के लिए मजबूत टीम की घोषणा की है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों वर्ग में मौजूदा चैंपियन हैं। पांच-पांच सदस्यीय दोनों टीमों ने 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग का खिताब जीता था। ओपन वर्ग की टीम में गुकेश, प्रज्ञानानंदा के अलावा अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरीन और विदित गुजराती को शामिल किया गया है। सरीन 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे। 20 साल के प्रज्ञानानंदा इस समय शानदार लय में हैं। महिला टीम में देश की शीर्ष खिलाड़ियों को जगह मिली है। टीम में कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी शामिल हैं। इसमें से हम्पी और सविता श्री 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल नहीं थे।

## आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग में खेलेंगे फरदीन खान

**भोपाल, खेप्र।** मप्र ब्लाइंड फुटबॉल टीम के कप्तान फरदीन खान द्वितीय आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग में



दिल्ली डेंजरस के लिए खेलेंगे। अहमदाबाद में 26 जुलाई तक चल रही प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की पांच टीमें और महिला वर्ग की चार टीमें भाग ले रही हैं। फरदीन मप्र के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो दूसरी बार ब्लाइंड फुटबॉल लीग में भाग लेंगे। मप्र एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप देशमुख, सचिव मोहम्मद शाहिद, तकनीकी निदेशक कपिल यादव और कोच संदीप मंडल ने फरदीन के चयन परबधाई दी।

## एशियन रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भोपाल की दावेदारी मजबूत



**भोपाल, खेप्र।** वर्ष 2027 की एशियन रोइंग चैंपियनशिप और एशियन रोइंग कप-1 की मेजबानी के लिए भोपाल की दावेदारी को मजबूत बनाने की दिशा में पहल तेज हो गई है। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के महासचिव सुभाषित मुखर्जी के नेतृत्व में फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग से मुलाकात कर इस संबंध में विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री को औपचारिक प्रस्ताव सौंपते हुए अनुरोध किया कि मध्यप्रदेश सरकार, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर एशियन रोइंग फेडरेशन के समक्ष भारत की ओर से भोपाल की मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करे। खेल मंत्री ने भरोसा दिलाया कि मेजबानी भोपाल को दिलाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी।

## दक्षिण एशियाई कराते में मप्र दीपक ने जीते दो रजत पदक



**भोपाल, खेप्र।** मप्र के दीपक रौथान ने दक्षिण एशियाई कराते चैंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए दो रजत पदक अर्जित किए। यह चैंपियनशिप बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 16 से 19 जुलाई तक आयोजित की गई। दीपक ने पहला रजत पदक व्यक्तिगत कुमिते (-67 किग्रा वर्ग) में अपने नाम किया। उन्होंने टीम कुमिते स्पर्धा में भी रजत पदक अर्जित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुसाइड नोट में युवक ने पीएम मोदी का नाम लिखा

**हैदराबाद, जेएनएन।** तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले में एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। युवक अपने घर में फंदे से लटका मिला। घटना के बाद पुलिस को एक कथित सुसाइड नोट भी मिला। इस नोट में उसने अपनी मौत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार बताया। हालांकि पुलिस ने साफ किया है कि फिलहाल नोट की सत्यता की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा दिखाई दे रहा है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक की पहचान वंशी के रूप में हुई है, जो पेशे से पेंटर था।वह राजन्ना सिरसिला जिले के राचर्ला गोल्लापल्ली गांव का रहने वाला था।



नारको-टेरर फंडिंग नेटवर्क

### हैंडलर टायर में छिपाकर करते थे ड्रग्स तस्करी

**जम्मू, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जम्मू सब-जोनल ऑफिस ने पंजाब और जम्मू-कश्मीर 'लाइन ऑफ कंट्रोल' के निकट 9 जगहों पर 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002' के तहत छापेमारी की है। यह कार्रवाई नारको-टेरर फंडिंग से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के सिलसिले में की गई है। ईडी ने ऐसे 'नारको-टेरर फंडिंग नेटवर्क' का खुलासा किया है, जो कश्मीर में 'हिजबुल मुजाहिदीन' का हैंडलर बनकर आरोपियों की मदद करता था। एक ट्रक के टायर में ड्रग्स के 30 पैकेट छिपाकर लाए जाते थे।



# ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला करने की तैयारी में अमेरिका

## मेरे कहने पर दो मिनट में इजरायल इस अभियान में हो जाएगा शामिल : ट्रंप

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि वह इस बार में जल्द फैसला लेने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 'मैं एक बड़े हमले पर विचार कर रहा हूं। ऐसा हमला जो पहले कभी नहीं हुआ।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उनके कहने पर इजरायल तुरंत इस अभियान में शामिल हो जाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान बातचीत करने को तैयार है, लेकिन अभी तक उन्हें ठीक से तकलीफ नहीं हुई है। ट्रंप ने कहा कि 'मैं फैसला लेने के करीब हूं। हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।' उन्होंने आगे कहा कि अगर वह कह दें तो इजरायल दो मिनट में इसमें शामिल हो जाएगा, लेकिन अमेरिका को किसी की मदद की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संबंधों को बहुत अच्छा बताया और कहा कि अगर वह यहां (वॉशिंगटन) होंगे, तो मैं उनसे मिलूंगा। ट्रम्प के बयान के बाद ईरान ने भी तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे तो उसे इसकी 'भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने का रास्ता बातचीत है, नए हमले नहीं।

**अमेरिका ने ईरान पर शुरू की बमबारी :** ट्रंप की धमकी के कुछ घंटे बाद अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ एक बार फिर बमबारी की, जो लगातार 13वीं रात हमला था। ये हमले दो घंटे से ज्यादा चले। ईरान की सरकारी मीडिया ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास केशम और बंदर अब्बास बंदरगाहों पर धमाकों की जानकारी दी हैं।

**ईरान की धमकी के बाद ब्रिटेन ने कहा जवाब देने सेना तैयार:** ईरान की चेतावनी के बाद ब्रिटेन ने कहा है कि उसकी सेना पूरी तरह तैयार है। आईआरजीसी ने कहा था कि ईरान पर अमेरिकी बमबारी के लिए इस्तेमाल किए गए ब्रिटिश सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। आईआरजीसी का दावा है कि अमेरिका ने इंग्लैंड स्थित एयरबेस से उड़ान भरने वाले बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल कर ईरान पर हमला किया। ब्रिटेन ने कहा कि अमेरिका को उसके सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की अनुमति केवल उन रक्षात्मक अभियानों के लिए दी गई थी, जिनका मकदस मिसाइल ठिकानों और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमले की क्षमता को निशाना बनाना था।

**ईरान का दावा- अमेरिकी हमलों में 55 लोगों की मौत, 645 घायल**

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि हालिया अमेरिकी सैन्य हमलों में 55 लोगों की मौत हुई है, जबकि 645 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा हताहत खुजेस्तान प्रांत में हुए हैं। इसके बाद होर्मोजगान और सिस्तान-बलूचिस्तान का नंबर है।



### लाल सागर: जहाज पर हमला, भारतीय नाविक की मौत

**लाल सागर** में जहाज पर हमले में भारतीय नाविक की मौत हुई है। भारत सरकार ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जहाज पर 10 क्रू मेंबर सवार थे। जहाज पर हमले में कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। भारतीय नाविक की पहचान भी सामने नहीं आई है। सरकार की तरफ से विस्तृत जानकारी दिए जाने का इंतजार है।

**काला सागर में भारतीय नागरिक की मौत, विदेश मंत्रालय ने जताई आपत्ति :** काला सागर में 18 जुलाई को एक मालवाहक पोत पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। यह पोत कथित तौर पर रूस के समुद्री सीमा क्षेत्र से गुजर रहा था। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। जब मालवाहक पोत 'एमवी ओमोर्फी' पर हमला उस वक्त हुआ जब उस पर तीन भारतीयों समेत चालक दल के 10 सदस्य मौजूद थे। इस घटना में एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि दो अन्य सुरक्षित हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहाकि रूस स्थित भारतीय मिशन संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। मंत्रालय ने कहाकि भारत मालवाहक जहाजों को निशाना बनाए जाने और निर्दोष नागरिकों की जान जोखिम में डाले जाने वाले ऐसे हमलों की कड़ी निंदा करता है।

# नीट पेपर लीक: देशभर में प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। बिहार में छात्रों का प्रदर्शन जारी है। पटना में छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बक्सर में छात्र पोस्टर-बैनर लेकर सड़कों पर उतरे हैं। राजस्थान के जयपुर में में वकील धरने पर बैठे हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों की भूख हड़ताल जारी है। यूपी के प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला। हरियाणा के चार जिलों में वकील धरने पर पहुंचे।

**बिहार:** नीट पेपर लीक और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बिहार में शुक्रवार को भी छात्रों का प्रदर्शन जारी है। बक्सर में छात्र पोस्टर-बैनर लेकर सड़कों पर उतरे हैं। वैशाली में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरकर नारेबाजी कर रहे हैं। समस्तीपुर-मधुबनी में भी प्रदर्शन हो रहे है।

**राजस्थान:** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स पर हुई पुलिस की कार्रवाई का विरोध जयपुर में भी हो रहा है। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर बेंच में वकील केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। छात्रों के समर्थन में विधि विभाग कांग्रेस, राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर) से जुड़े वकीलों ने पैदल मार्च निकाला।

**उत्तर प्रदेश:** यूपी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में शुक्रवार को छात्र और वकील सड़क पर उतर आए हैं। प्रयागराज में वकीलों ने जुलूस निकाला। उन्होंने कहा, 'जिन पर लाठियां बरसाई गईं, वे हमारे बच्चे हैं। अब लड़ाई सड़कों पर होगी।' मेरठ में सपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली। लखीमपुर में छात्र हाथों में तिरंगा और पोस्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।



### राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान अपराधी शिक्षा मंत्री

राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने आवास 10 जनपथ पर छात्रों के प्रदर्शन में घायल एक स्टूडेंट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल ने कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग सड़कों पर हैं।' उन्होंने छात्र के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव को दिखाया।

**जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में 2500 क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले:** दिल्ली पुलिस फेस रिकॉग्निशन सिस्टम के जरिए जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट करने वालों की पहचान कर रही है। 2500 लोग ऐसे मिले हैं जिनका पिछला क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है। इनमें वेस्ट दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, और बाकी अन्य जिलों के हैं। सूत्रों के मुताबिक, वायरल सोशल मीडिया पोस्ट, सीसीटीवी फुटेज से जांच करने पर इन क्रिमिनल्स की पहचान हुई।

## खुलासा, लंदन में ड्रग्स का कॉकटेल लेने से हुई थी सऊदी राजकुमार की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले साल लंदन के एक होटल में मृत पाए गए सऊदी राजकुमार के शरीर में शराब, नशीली दवा गामा-हाइड्रॉक्सीब्यूटाइरेट, ज़ैनैक्स के अंश पाए गए थे। 'द टेलीग्राफ यूके' की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट में पेश की गई टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट से पता चला कि मौत के समय अब्दुल्ला बिन फहद बिन अब्दुल्ला बिन अब्दुलअज़ीज़ बिन जलावी अल सऊद के शरीर में शराब की मात्रा गाड़ी चलाने की कानूनी सीमा से लगभग तीन गुना ज़्यादा थी। इनर वेस्ट लंदन कोरोनर कोर्ट में हुई सुनवाई में बताया गया कि सऊदी अरब के शाही परिवार के राजकुमार अब्दुल्ला को शराब और ड्रग्स लेने के बाद कार्डियक अरेस्ट पड़ा था।



## हैरी पॉटर किताबों का डेटा इस्तेमाल पर एंथ्रोपिक पब्लिशर के देगी मुआवजा

**वाशिंगटन, जेएनएन।** एआई कंपनी ने अपने चैटबॉट को ट्रेन करने के लिए बिना इजाजत हैरी पॉटर और कई अन्य किताबों का डेटा इस्तेमाल कर लिया था। अब 'हैरी पॉटर' किताबें छापने वाली कंपनी 'ब्लूम्सबरी' को एआई बनाने वाली कंपनी एंथ्रोपिक से करीब 19 मिलियन डॉलर मिलने की संभावना है। दरअसल, एंथ्रोपिक पर आरोप था कि उसने अपने 'क्लाउड' एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए बिना अनुमति और खरीदारी के हजारों कॉपीराइट वाली किताबों का इस्तेमाल किया।



# विधेयक: वंदे मातरम् गाने में बाधा डाली तो होगी जेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के मॉनसून सत्र का पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ गया है। शुक्रवार को भी दोनों सदनों में चर्चा की शुरुआत नहीं हो सकी और कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने का ऐलान चेयर से कर दिया गया। राज्यसभा में शुक्रवार को कार्यवाही स्थगित होने से पहले गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। हंगामे के कारण उपसभापति हरिवंश ने सदन की कार्यवाही 27 जुलाई, सोमवार को दिन में 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस बिल के जरिये राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान जन गण मन की ही तरह राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को भी कानूनी सुरक्षा देने का प्रावधान जोड़ा जाना है। इस बिल के संसद से पारित हो जाने, कानून बन जाने के बाद वंदे मातरम् गाने में बाधा डालने पर भी वही कार्रवाई होगी, जो अब तक राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर होती है। वंदे मातरम् के अपमान का दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को तीन साल तक जेल, जुर्माना या फिर जेल और जुर्माना, दोनों सजा हो सकती है।

# बीएसएफ जवान ने साथियों पर की फायरिंग, 2 की मौत

**मालदा, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में मालदा के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कैंप में एक जवान ने अपने साथियों पर अचानक गोलियां चलाईं। कैंप में ताबड़तोड़ फायरिंग से दो जवानों की मौत हो गई। घटना के बाद कैंप में अफरा-तफरी मच गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत हालात पर नियंत्रित करते हुए आरोपी की जवान को हिरासत में ले लिया। मृतक जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबसल अजय कुमार सिंह और कॉन्स्टेबसल अंबादर सुरेश डारगु के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल हेड कॉन्स्टेबल विकास ब्रम्हा को इलाज के लिए एडमिट कराया गया है। आरोपी जवान की पहचान शिवम कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक, यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3:50 बजे बैष्णबनगर में 17 माइल के पास 119 बटालियन मुख्यालय में हुई। शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी शिवम कुमार मिश्रा गंभीर मानसिक तनाव से गुजर रहा था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। विस्तृत जांच के बाद ही पूरे मामले का पता चलेगा।



### सर्विस राइफल से बैरकों की ओर की फायरिंग

बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि आरोपी शिवम मिश्रा पर कोर्ट-मार्शल की कार्यवाही चल रही थी। वह बीएसएफ की हिरासत में था, हालांकि अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि किस मामले में यह कार्यवाही शुरू की गई थी। उसने संतरी ड्यूटी पर तैनात जवान पर काबू पाकर उसकी सर्विस राइफ़ल छीन ली। आरोपी ने फिर कथित तौर पर पास की बैरकों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION · AFFORDABLE FEES · A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

ADMISSION OPEN 2026-27
APPROVED BY AICTE
ANAND INSTITUTE OF MANAGEMENT
AIM
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
BBA | MBA (सभी ब्रांच उपलब्ध)
छात्र/छात्राओं को छात्रवृति की सुविधा
AFFORDABLE FEES · PLACEMENT ASSISTANCE · EXPERIENCED FACULTY · WELL EQUIPPED COMPUTER LAB · SMART CLASSROOMS
FOR MORE DETAILS :
9111888339, 9301132999, 9827635668
VISIT CAMPUS :
Neelbad, Barkheda Nathu Road, Bhopal
VISIT CITY OFFICE:
30 New MLA Colony, Jawahar Chowk Bhopal

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 660/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

UNIQUE COLLEGE BHOPAL
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश का अंतिम अवसर
COURSES OFFERED
BBA* / B.Com. / B.A. / B.Sc. / M.Com. / M.Sc.
Limited Seats
मेघावी छात्र/छात्राओं को छात्रवृति योजना।
Visit Campus:
Jawahar Chowk, Bhopal
0755-2776277
9171639697, 8120516807

## मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com

क्रमांक : 050/उपमहाप्रबं./सि./1822-23 — भोपाल, दिनांक : 24.07.2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. एवं बेस रेंट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़ कर, भावपत्र संक्षिप्त e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं :-

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./30/01 (ई-निविदा क्र. 2026_ MKVVC_524072_1) | गोविन्दपुरा भोपाल स्थित एरिया स्टोर में अग्निशमन व्यवस्था का विस्तार कार्य के संबंध में। | 10.00 लाख | 20,000/- |

**निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय :** 25.07.2026 from 10.30 Hrs.
**ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 17.08.2026 up to 12.00 Hrs.
**निविदा खुलने की दिनांक/समय :** 18.08.2026 at 12.00 Hrs.

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर देखें एवं mptenders.gov.in पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/127182/2026 — उप महाप्रबंधक (सिविल)

## BHOPAL DEVELOPMENT AUTHORITY, BHOPAL

Ref. 552/EO/Rev./BDA/2026 — Bhopal, Date : 24.07.2026

### E-AUCTION NOTICE

Bhopal Development Authority, Bhopal Call of e-Auction for Commercial and Residential Plots under the Yojna of Aero city Phase-2 and Raksha Vihar Charan-3, Authority invites e-Auction of Plots as mentioned under the following tables.

| E-Auction Portal No. | Description of Plots and Sector | Use of Plots/ Units | Area in sq. Mtr. | Category of Reservation, if Reserved | Reserve Price of Plot/Unit | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| Aerocity Phase-2 Scheme No.-206/2020 | | | | | | |
| | D-2, Corner | Commercial | 1111.80 | SC | 79283570 | 7928357 |
| | B-27, Corner | Commercial | 262.00 | ST | 9341610 | 934161 |
| | B-26, Corner | Commercial | 947.80 | Gen | 50691187 | 5069118 |
| | C-41, Corner | Residential | 1090.56 | Gen | 41662664 | 4166266 |
| | C-44, Corner | Residential | 7500.00 | Gen | 143265000 | 14326500 |
| | D-13 | Residential | 3039.41 | Gen | 105558709 | 10555870 |
| Raksha Vihar Charan No.-3 Scheme no-205/2020 | | | | | | |
| | Plot No-16 | Commercial | 3773.87 | Gen | 201837890 | 20183789 |
| | Plot No-20 | Commercial | 5291.75 | Gen | 163356323 | 16335632 |

**Auction Schedule**

**Published Date : 26.07.2026**
**Documents and Payment Submission Start Date : 27.07.2026, 5.00 PM**
**Documents and Payment Submission End Date : 09.08.2026, 03.00 PM**
**Last Date and time for Bid Submission : 09.08.2026, 03.00 PM**
**Bid Opening date and Time (Technical Bid) : 10.08.2026, 03,00 PM**
**Auction Start Date : 11.08.2026, 12.00 PM**
**Auction End Date : 11.08.2026, 03.00 PM**
**Bid Opening Date and Time (Financial Bid) : 12.08.2026, 03.00 PM**
**Auction Website : https://www.mptenders.gov.in**
**INSTRUCTIONS :** These documents and EMD are required to be duly filled in and signed by the bidder and thereafter uploaded in the website **https://www.mptenders.gov.in** and submit in Bhopal Development Authority, Bhopal during the time of submission of the bid.

**Annexure**

**Terms & Conditions of e-Auction**

**1. Details of Bidder (Annexure-I)**
**INSTRUCTIONS :** This document is required to be duly filled in and signed by the bidder and thereafter uploaded in the website **https://www.eauction.gov.in** during the time of submission of the bid.

**2. Affidavit by Bidder (Annexure-II)**
**INSTRUCTIONS :** This document is required to be duly filled and Notaries in and signed by the bidder and thereafter uploaded in the website **https://www.eauction.gov.in** during the time of submission of the bid.

**3. Terms & Conditions for Allotment of Property (Annexure-III).**

**4. Price Confirmation Letter by H1 Bidder (Annexure-IV).**
**INSTRUCTIONS :** This document is required to be duly filled in and signed by the H1 bidder and thereafter e-mail and hard copy of letter to be submitted office "The Bhopal Development Authority, Bhopal," mentioned in the Sale Notice & copy to **https://www.eauction.gov.in.** Immediately on completion of the bidding.

Bidding in the last minutes and seconds should be avoided in the bidders own interest. Neither the Service Provider nor Bhopal Development Authority, Bhopal will be responsible for any lapses/failure on the part of the Bidder, in such cases.

**ANNEXURE-III**

**भुगतान हेतु नियम एवं शर्तें निम्नानुसार होंगी :-**

1. भूखण्ड पर भारित सम्पत्ति कर एवं पुर्ननिर्धारण शुल्क (भू-राजस्व प्रीमियम राशि) पृथक से देय होगा।
2. भूखण्ड पर भारित समिति शुल्क तय अनुसार रजिस्ट्री पूर्व पृथक से देय होगा।
3. जल प्रदाय स्ट्रीट लाइट एवं साफ-सफाई संचालन के मद में 24 माह की राशि अग्रिम आधिपत्य के पूर्व एवं अन्य टैक्स शासन नियमानुसार देय होगी।
4. आयकर अधिनियम 194/1ए अनुसार 50 लाख से अधिक की सम्पत्ति पर 1 प्रतिशत आयकर (टीडीएस) की राशि ऑफर मूल्य पर कटौत्रा कर आयकर कार्यालय में जमा कर फार्म 16-ए की एक प्रति प्राधिकरण में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
5. ऑफर स्वीकृति राशि मूल्य का 90 प्रतिशत राशि 60-60 दिवस की समयावधि में चार समान किस्तों पर जमा करना अनिवार्य होगा तथा शेष 10 प्रतिशत राशि एवं अन्य कोई राशि है तो प्राधिकरण द्वारा पृथक से सूचित किया जायेगा।
6. यदि कोई आवंटी इसके पूर्व भी सम्पूर्ण राशि जमा करना चाहे तो राशि जमा कराया जाकर विक्रय विलेख निष्पादन कर पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करने पर आधिपत्य प्रदान किया जावेगा।
7. ऑफर स्वीकृति अनुसार मांग पत्र जारी होने पर निर्धारित अवधि में राशि जमा न किये जाने पर नियमानुसार दण्ड ब्याज देय होगा।
8. निर्धारित अवधि में किस्त की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अथवा आवंटी के निवेदन पर जमा राशि वापिस चाहने पर आवंटन निरस्त कर सम्पूर्ण पंजीयन राशि राजसात कर ली जावेगी।
9. प्रचलित व्ययन नियम 2018 में वर्णित नियम एवं प्रावधान आवंटी को मान्य होंगे।
10. भूखण्डों का विक्रय यथास्थिति में प्रस्तावित है। भूखण्डों का स्थल निरीक्षण कर ही प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
11. शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियम एवं शर्तें पंजीयनकर्ताओं/आवंटियों को मान्य करना अनिवार्य होगा।
12. अंतिम किश्त की राशि विकास कार्य पूर्ण होने पर आवंटियों द्वारा मांग अनुसार जमा किया जावेगा।
13. विक्रय विलेख डीड (रजिस्ट्री) की शर्तें आवंटी पर बंधनकारी रहेगी।
14. वेबसाइट पर घोषित विज्ञप्ति की शर्तें आवेदनकर्ता को मान्य होगी।
15. ऑफर स्वीकृति/खोले जाने के उपरान्त यदि कोई हितग्राही अपना ऑफर वापिस लेना चाहता/चाहती है तो जमा पंजीयन राशि राजसात कर ली जावेगी।
16. ऐसा कोई व्यक्ति जिसे, किसी विकास प्राधिकरण द्वारा किसी विशिष्ट श्रेणी के लिए आरक्षित सम्पत्ति का आवंटन किया जा चुका हो, इन नियमों के अधीन उसी विकास प्राधिकरण में किसी अन्य आरक्षित सम्पत्ति या किसी अन्य श्रेणी के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का पात्र नहीं होगा।
17. आरक्षित श्रेणी के भूखण्ड हेतु सक्षम प्राधिकारी का जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तद्उपरान्त ही प्रस्ताव खोला जावेगा।
18. विवाद की स्थिति में संचालक मण्डल/अध्यक्ष महोदय भो.वि.प्रा. का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

म.प्र. माध्यम/127179/2026 — सम्पदा अधिकारी

### भूमि अधिकार-रोजगार की मांग को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट

**जागरण, कटनी।** जिले के बहोरीबंद और रीठी तहसील के दर्जनों गांवों से पहुंचे सैकड़ों भूमिहीन आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। आदिवासियों ने भूमि अधिकार और रोजगार की मांग को लेकर उग्र नारेबाजी की। इसके बाद संयुक्त कलेक्टर के जरिए कलेक्टर आशीष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। आदिवासियों का कहना है कि वनाधिकार कानून और सीलिंग एक्ट के तहत लंबे समय से उन्हें जमीन के पट्टे नहीं मिले हैं।

### दो माह से राशन नहीं मिला तो किया हंगामा

**जागरण, मैहर।** जिले की ग्राम पंचायत डांडी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। उन्होंने सेल्समैन पर खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मई माह से अब तक उन्हें राशन नहीं दिया है। शुक्रवार को जब जुलाई का राशन बटना शुरू हुआ, तो ग्रामीणों ने पहले मई और जून का बकाया राशन देने की मांग रखी।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री

विद्युत अधिनियम, 2003 ने विद्युत उत्पादन, पारेषण और व्यापार में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा की शुरुआत की है, जबकि वितरण अब भी एकमात्र प्रमुख क्षेत्र है जहां प्रतिस्पर्धा सीमित बनी हुई है। जैसे-जैसे भारत, विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण के तहत एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, वैसे ही उपभोक्ता वैश्विक मानकों के अनुरूप विश्वसनीय, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली आपूर्ति की अपेक्षा करेंगे।

# तत्काल कोटा की बदली व्यवस्था, 30 मिनट में सिर्फ 10 टोकन

## दलालों पर नियंत्रण: भोपाल रेल मंडल में एक अगस्त से लागू होगी नई व्यवस्था

**नगर संवाददाता, भोपाल।** यात्रियों की सुविधा, पारदर्शिता एवं दलालों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा तत्काल आरक्षण के लिए टोकन वितरण की नई व्यवस्था लागू की जा रही है। यह नई व्यवस्था भोपाल मंडल के समस्त आरक्षण केंद्रों पर 1 अगस्त से प्रभावी होगी। नई व्यवस्था के अंतर्गत यात्रियों को तत्काल टिकट प्राप्त करने के लिए टोकन निर्धारित समयावधि में वितरित किए जाएंगे। एसी तत्काल आरक्षण के लिए सुबह 8:30 बजे से 9 बजे तक तथा नॉन-एसी तत्काल आरक्षण के लिए सुबह 9 बजे से 9:30 बजे तक टोकन जारी किए जाएंगे। प्रत्येक



काउंटर पर एसी श्रेणी के लिए अधिकतम 10 तथा नॉन-एसी श्रेणी के लिए 15 टोकन वितरित किए जाएंगे। भीड़ एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सक्षम अधिकारी इनकी संख्या में आवश्यक परिवर्तन कर सकेंगे।

### इस तरह होगा टोकन का वितरण

टोकनों का आवंटन प्राथमिकता के अनुसार क्रमबद्ध तरीके से किया जाएगा। पहले सभी ए श्रेणी (स्वयं एवं परिवार) के टोकन धारकों का कार्य पूर्ण होने के बाद ही बी श्रेणी के यात्रियों को आरक्षण काउंटर पर अवसर मिलेगा। प्रत्येक टोकन पर काउंटर संख्या अंकित होगी तथा उसका विवरण निर्धारित रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, जिससे एक ही व्यक्ति द्वारा बार-बार टोकन लेने अथवा टाउट गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। टोकन किसी भी परिस्थिति में हस्तांतरणीय नहीं होगा तथा टोकन प्राप्त करने वाला व्यक्ति ही संबंधित आरक्षण काउंटर से टिकट प्राप्त करने का पात्र होगा। टोकनधारकों के कार्य पूर्ण होने के उपरांत, उपलब्धता के आधार पर तत्काल टिकटों की बुकिंग पूर्ववत पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

"यह नई व्यवस्था यात्रियों को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्री तत्काल आरक्षण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें तथा किसी भी प्रकार के अनाधिकृत दलालों अथवा बिचौलियों से दूर रहें।

■ **सौरभ कटारिया**, सीनियर डीसीएम

### अब दो तरह की प्राथमिकता होगी

**ए कैटेगरी वाली प्राथमिकता:** स्वयं अथवा अपने पारिवारिक सदस्यों के लिए तत्काल टिकट लेने वाले यात्रियों को प्रथम प्राथमिकता श्रेणी मे रखा जायेगा। इस प्राथमिकता वाले यात्रियों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सबसे पहले स्वयं के लिये स्वप्रमाणित आधार कार्ड अथवा रेलवे द्वारा मान्य अन्य फोटो पहचान पत्र। इसके बाद पारिवारिक सदस्य के लिए आवेदन प्रपत्र के साथ प्रतिनिधि परिवार सदस्य के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति तथा यात्रा करने वाले किसी भी पारिवारिक सदस्य के आधार कार्ड अथवा रेलवे द्वारा स्वीकार्य किसी अन्य फोटो पहचान पत्र की स्वप्रमाणित प्रति, तथा/अथवा यदि उपर्युक्त दोनों दस्तावेज़ों से पारिवारिक संबंध स्थापित नहीं होता है, तो पारिवारिक संबंध के दस्तावेजी प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रति जैसे राशन कार्ड, फैमिली मेडिकल कार्ड अथवा परिवार का विवरण दर्शाने वाला कोई अन्य सरकारी दस्तावेज देना होगा।

**बी कैटेगरी:** इस प्राथमिकता वाले यात्रियों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रपत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति/प्रतिनिधि के आधार कार्ड अथवा रेलवे द्वारा मान्य किसी अन्य फोटो पहचान-पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति तथा जिस यात्री के लिए आरक्षण कराया जा रहा है, उसके आधार कार्ड अथवा रेलवे द्वारा मान्य किसी अन्य फोटो पहचान-पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति, जिस पर आरक्षण चाहने वाले यात्री के हस्ताक्षर हों।

## संक्षिप्त खबरें

### इंदौर-मुंबई दुरंतो और अवंतिका समेत कई ट्रेनें रद्द

**जागरण, इंदौर।** मुंबई मंडल के घोलवड-उमरगाम रोड रेलखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई है। इसके चलते इस रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। इसका असर रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों पर भी पड़ा है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट और मार्ग परिवर्तित किया है। रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, रतलाम मंडल से गुजरने वाली करीब 20 से 25 यात्री ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया है। वहीं इंदौर से चलने वाली इंदौर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस, इंदौर-मुंबई सेंट्रल अवंतिका एक्सप्रेस और इंदौर-मुंबई स्पेशल ट्रेन को निरस्त कर दिया है। बारिश और जलभराव के कारण कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर कई घंटों तक रोकना पड़ा। ऐसे में यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए रेलवे ने विशेष इंतजाम किए।

### नकली सोने के बिस्किट देकर 16 लाख की ठगी

**जागरण, भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र में नकली सोने के बिस्किट देकर 16 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने उसके व्यापारिक साझेदार समेत दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय नरेन्द्र सिंह (45) राजोरा फार्म हाउस, खजूरी कला में रहती है। उनका आरोपी नवीन श्रीवास्तव से पुराना व्यावसायिक परिचय था। दोनों पहले तेल और शक्कर के कारोबार में साझेदार रह चुके थे। इसी फायदा उठाते हुए नवीन ने अपने साथी अनिल सिंह के साथ मिलकर नरेन्द्र को बाजार भाव से कम कीमत पर सोना दिलाने का झांसा दिया। मंगलवार को आरोपियों ने 70 हजार रुपए प्रति तोला के हिसाब से सोना देने की बात कही। उनके झांसे में आकर नरेन्द्र ने उन्हें 16 लाख रुपए नकद दे दिए। जिसके बदले में आरोपियों ने करीब 200 ग्राम सोने के बिस्किट दिए। बाद में जब बिस्किटों की जांच कराई गई तो पता चला कि वह नकली है। इसके बाद पीड़ित ने अवधपुरी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### एजेंसी से 31 सिलेंडर चुरा ले गए बदमाश

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के बुड़ेरा थाना क्षेत्र स्थित नयागांव की भारत गैस एजेंसी से 31 गैस सिलेंडर चोरी हो गए। चोर परिसर में खड़ी गाड़ी से भरे और खाली सिलेंडर और एक जोड़ी टायर चुरा ले गए। शुक्रवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश चोर चोरी करते दिख रहे हैं। चोरी गए सामान की कीमत करीब 80 हजार रुपए है। गैस एजेंसी संचालक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा बांध रखा था, जिससे उनकी शिनाख्त में दिक्कत आ रही है। बुड़ेरा थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह घोषी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्धों का सुराग लगाया जा रहा है।

# आभा आईडी बनाने में मेडिकल कॉलेज पीछे, मरीजों का डाटा नहीं कर रहे साझा

## एनएमसी हुआ सख्त, बीएमएचआरसी सहित सभी को थमाया नोटिस

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज भारत सरकार के अहम प्रोजेक्ट में साथ नहीं दे रहे हैं। इसलिए अब नेशनल मेडिकल कमीशन सख्त रुख अपनाते हुए सभी मेडिकल कॉलेजों को नोटिस थमाया है। जानकारी अनुसार मरीजों के इलाज की कागजी जटिलताओं को खत्म करने के लिए पांच साल पहले केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) यानि आभा आईडी बनाने का काम शुरू किया था। इसके जरिए सभी अस्पतालों को संबंधित डाटा ऑनलाइन करना था, ताकि मरीज के इलाज से जुड़ी सभी सूचनाएं नेटवर्क पर उपलब्ध हों। लेकिन प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज यह डाटा साझा करने से बच रहे हैं। इस कमी को देखते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने ऐसे 18 मेडिकल कालेजों को नोटिस जारी कर 15 दिन में सुधार करने को कहा है। ऐसा नहीं हुआ तो उनकी मान्यता पर भी असर पड़




सकता है।

एनएमसी की समीक्षा में पता चला है कि भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं शोध केंद्र, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज इंदौर भी इस श्रेणी में शामिल हैं। इसके साथ ही शासकीय मेडिकल कॉलेज श्योपुर, शासकीय मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा, शासकीय मेडिकल कॉलेज खंडवा, मानसरोवर मेडिकल कॉलेज भोपाल, श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा, श्री अरबिंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, सुख सागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर तथा वीरेंद्र कुमार सखलेचा शासकीय मेडिकल कॉलेज नीमच डाटा ही साझा नहीं कर रहे हैं।

### एचएमआईएस के बाद भी लिंक नहीं किया

यह तब है जब इन कॉलेजों ने एचएमआईएस सॉफ्टवेयर लगा रखा है। इसके बावजूद उनके यहां स्कैन एंड शेयर, हेल्थ रिकॉर्ड लिंक या अन्य जरूरी डिजिटल सेवाएं सही तरीके से काम नहीं कर रहीं। शासकीय मेडिकल कॉलेज सिवनी, शासकीय मेडिकल कॉलेज शहडोल, एलएन मेडिकल कॉलेज भोपाल, रामकृष्ण कॉलेज अस्पताल एवं शोध केंद्र भोपाल, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज भोपाल तथा आरडी गार्दी मेडिकल कॉलेज उज्जैन ने यह साफ्टवेयर लगाना ही जरूरी नहीं समझा। वहीं, महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च, भोपाल तथा ग्वालियर मानसिक आरोग्यशाला ने तो हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री आईडी में ही गड़बड़ी कर दी है, जिससे डाटा सही पते पर नहीं जा रहा।

### एबीडीएम की खासियत

केंद्र सरकार ने देशभर के अस्पतालों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने के लिए एबीडीएम की शुरुआत की है। इसके तहत हर अस्पताल में हास्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम (एचएमआइएस) साफ्टवेयर लगाना अनिवार्य है। इसमें मरीज का 14 अंकों का डिजिटल हेल्थ आइडी आभा कार्ड बनता है। मरीज की ओपीडी पर्ची, लैब टेस्ट रिपोर्ट और डिस्चार्ज समरी सीधे सरकारी पोर्टल पर आनलाइन सुरक्षित हो जाती है। देश के किसी भी अस्पताल में जाने पर मरीज को पुरानी रिपोर्ट की फाइलें साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

# वांगचुक को तन्खा ने दी थी अनशन तोड़ने की सलाह

## सोनम के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई तन्खा ने लड़ी

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** नीट पेपर लीक से परेशान छात्र-छात्राओं की चिंता करते सोनम वांगचुक ने 26वें दिन अनशन तोड़ दिया। अनशन तुड़वाने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका सामने आई। मध्यप्रदेश से ही उनके ऊपर दबाव था कि अनशन मत करो, स्वास्थ्य बिगड़ चुका है। पर्यावरण और युवाओं के लिए अभी आपको बहुत काम करना है। इन्हीं सुझाव, दबाव और तर्कों से सोनम मान गए और उनके ऊपर दबाव बनाने वाले थे उनके सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रदेश कांग्रेस के नेता विवेक तन्खा। कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य एडवोकेट तन्खा बीते दशकों से सोनम और उनकी धर्मपत्नी गीतांजलि के सलाहकार व पारिवारिक मित्र भी हैं। वे लगातार सोनम को समझा रहे थे कि अनशन तोड़ दो। स्वास्थ्य बिगड़ जाएगा। सोनम के लिए हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई भी तन्खा ही लड़ रहे थे। सफदरजंग और मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान भी तन्खा ही उनसे मिलने जा रहे थे। चिकित्सकों से भी उनके लिए लड़-भिड़ रहे थे। यही वजह है कि जब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्ढा और जीतेंद्र सिंह सोनम को मनाने पहुंचे तो उन्होंने भी तन्खा का ही नाम लिया था, वे भी अनशन तोड़ने के लिए मुझे लगातार बोल रहे थे। इस संबंध में राच्यसभा सांसद तन्खा ने दैनिक जागरण से चर्चा में बताया कि दिल्ली के एक अंग्रेजी अखबार ने लिखा है कि मैं सोनम और सरकार के बीच ब्रिज की भूमिका में था, लेकिन सरकार से मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं केवल सोनम और गीतांजलि का सलाहकार हूं। मुझे लगता है कि अभी उन्हें देश के युवाओं के लिए बंहुत काम करना है। इसके लिए उनका बेहतर स्वास्थ्य जरूरी है। यही बात में तार्किक ढंग से समझाता था। केंद्रीय मंत्री लगातार उनसे मिलने आ रहे थे, उन्हीं की बीच बातें हुईं। मैंने यह बात अपनी चिंता कुछ सांसद मित्रों को जरूर बताई थी। मेरी बात पर मानकर सोनम ने जिद छोड़ दी। हर बार सोनम की चिंता थी कि छात्रों का कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। सरकार जब तक छात्रों के हित को लेकर आश्वस्त नहीं करेगी, मैं अनशन नहीं तोडूंगा। अपनी शर्त पूरी होने पर ही सोनम अनशन तोड़ने के लिए राजी हुए होंगे।

# ९० प्रतिशत ई-अटेंडेंस इस बार नहीं रोकेगी रीज्वाइनिंग

## अतिथि शिक्षकों को राहत, देना होगा वचन पत्र

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** साल भर में 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस न होने से इस बार नौकरी से बाहर होने की कगार पर खड़े हजारों अतिथि शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। इस बार ई-अटेंडेंस के कारण किसी को भी नौकरी से बाहर नहीं किया जाएगा। सभी को दोबारा च्वाइन कराया जाएगा। मगर अगले साल किसी भी तरह का कोई बहाना काम नहीं आएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने केवल इस बार के लिए 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस में शिथिलता देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह द्वारा आदेश भी जारी किया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि जून 2026 में जारी आदेश में अतिथि शिक्षकों की री-जॉइनिंग के लिए 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस के आधार पर पोर्टल पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इससे प्रदेश के स्कूलों में सालों से पढ़ा रहे 50 हजार से च्यादा अतिथि शिक्षकों की री-च्वाइनिंग संकट में आ गई थी। इसके खिलाफ अतिथि शिक्षक आंदोलन पर उतर आए थे। इस समस्या का समाधान करते हुए डीपीआई ने सभी अतिथि शिक्षकों से ई-अटेंडेंस पूरी न होने के कारण पूछे थे। प्रदेश भर से आए आवेदनों में बताई गईं व्यावहारिक समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर लोक शिक्षण आयुक्त ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विशेष राहत देने का निर्णय लिया है। नए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन अतिथि शिक्षकों को इस शिथिलता का लाभ दिया जाएगा, उनसे री-जॉइनिंग के समय एक वचन-पत्र लिया जाएगा। इसमें सभी को सहमति देना होगी वे भविष्य में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता का पूर्ण रूप से पालन करेंगे। शिथिलता केवल शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए होगी। इसे भविष्य के लिए उदाहरण नहीं माना जा सकेगा। अगले शैक्षणिक सत्रों में 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस होने पर ही अतिथि शिक्षकों को री-जॉइनिंग दी जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों को ई अटेंडेंस कम रहने वाले अतिथि शिक्षकों को भी तत्काल च्वाइनिंग कराने का आदेश दिया है।


### स्कूलों में दिखने लगा था असर

प्रदेश भर में करीब 70 हजार अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। कई स्कूलों में तो अतिथि शिक्षक के अलावा इक्का-दुक्का नियमित शिक्षक ही हैं। ऐसे में पहली जुलाई से सत्र शुरू होने के बाद भी कई स्कूलों में पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। शासन की योजनाओं का लाभ भी छात्रों को नहीं मिल पा रहा है। अचानक बनी इस विकट स्थिति को देखते हुए विभाग को ई-अटेंडेंस का बंधन इस बार हटाना पड़ा है।

# पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित

## आज आएगा आदेश: बचाव पक्ष ने उम्र और महिला होने का दिया हवाला, सीबीआई ने किया विरोध

**जागरण, भोपाल।** भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर शुक्रवार को विशेष अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अब शनिवार को अदालत जमानत आवेदन पर फैसला सुनाएगी। जमानत आवेदन शुक्रवार को सबसे पहले विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला की अदालत में प्रस्तुत किया गया था। हालांकि, न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया। इसके बाद प्रकरण को दोपहर करीब तीन बजे विशेष न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र की अदालत में स्थानांतरित किया गया। यहां दोनों पक्षों की ओर से जमानत को लेकर विस्तृत बहस हुई। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह की ओर से अधिवक्ता ने जमानत के पक्ष में दलील देते हुए कहा कि आरोपी महिला हैं और उनकी उम्र अधिक है। उनकी स्वास्थ्य संबंधी स्थिति को देखते हुए उन्हें मानवीय आधार पर जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। बचाव पक्ष ने अदालत से उम्र और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राहत देने का आग्रह किया। वहीं सीबीआई की ओर से जमानत आवेदन का विरोध किया गया। जांच एजेंसी ने अदालत में तर्क दिया कि केवल महिला होने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। सीबीआई की ओर से कहा गया कि जिस मामले की जांच की जा रही है, उसमें मृतका भी एक महिला थी। इसलिए सिर्फ महिला होने के आधार पर आरोपित को जमानत देने का कोई औचित्य नहीं है। जांच एजेंसी ने मामले की गंभीरता और जांच से जुड़े विभिन्न तथ्यों का हवाला देते हुए जमानत आवेदन निरस्त करने की मांग की।



### गिरिबाला सिंह की मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश की गई

सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन की ओर से गिरिबाला सिंह की मेडिकल रिपोर्ट भी अदालत में पेश की गई। रिपोर्ट में उन्हें स्वस्थ बताया गया है। इसके बाद बचाव पक्ष की ओर से स्वास्थ्य संबंधी आधार पर जमानत दिए जाने की दलील भी रखी गई। विशेष अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत आवेदन पर आदेश सुरक्षित रख लिया। अब शनिवार को अदालत अपना फैसला सुनाएगी। गिरिबाला सिंह को जमानत मिलती है या उन्हें न्यायिक हिरासत में रहना होगा, यह अदालत के आदेश के बाद स्पष्ट होगा।

### शक में की तांत्रिक की हत्या, दंपत्ति गिरफ्तार

**जागरण, शहडोल।** जिले के चंदौरा गांव में अंधविश्वास और झाड़-फूंक के शक में राजबहोर सिंह की हत्या कर दी। पुलिस ने 12 घंटे में आरोपी पति-पत्नी भीमसेन सिंह और चंद्रकिरण को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल टांगी (कुल्हाड़ी) भी जब्त कर ली गई है। जांच में सामने आया कि बुद्धसेन सिंह को अपने छोटे भाई भीमसेन पर जादू-टोना करने का शक था, उसने तांत्रिक राजबहोर सिंह को घर बुलाया था। दोनों भीमसेन के घर के सामने नारियल गाड़ रहे थे, तभी भीमसेन और उसकी पत्नी बाहर आ गए।

# विजय शाह मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अब तक पेश नहीं की अनुपालन रिपोर्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्य सरकार ने मंत्री विजय शाह मामले में अब तक अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल नहीं की हैं, जबकि कोर्ट ने 8 मई को सरकार से कहा था कि 19 जनवरी के आदेश का पालन कर चार सप्ताह के भीतर अनुपालन (कम्प्लाइंस) रिपोर्ट पेश करे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार 24 जुलाई को इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। बताया गया है कि 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट की ऑफिस रिपोर्ट में लिखा था कि 8 मई के आदेश के अनुपालन में अब तक कोई दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया हैं। गौरतलब है कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की देरी पर बेहद सख्त रुख अपनाया था और सरकार को पुराने आदेश का पालन करने को कहा था।



उल्लेखनीय है कि इस मामले की एसआईटी मंत्री विजय शाह के खिलाफ जांच पूरी कर चुकी है और आगे अभियोजन के लिए सरकार की मंजूरी का मुद्दा लंबित है।

### ये कहा था कोर्ट ने

पिछली सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने राज्य सरकार द्वारा अभियोजन स्वीकृति पर फैसला नहीं लेने पर नाराजगी जताई थी। तब कोर्ट ने कहा था अब बहुत हो गया। कोर्ट ने सरकार से कहा कि 19 जनवरी के आदेश के पैरा 5 और 6 का पालन किया जाए। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया। कोर्ट का यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा ऑफिस रिकार्ड में दर्ज है,जिसके तहत 8 मई को कोर्ट ने आदेश दिया था कि राज्य सरकार चार सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट पेश करे और मामले को 24 जुलाई को फिर सूचीबद्ध किया जाए।

## वैज्ञानिक रिपोर्ट में खुलासा | घट रही निर्णय लेने और सोचने की क्षमता

# क्लाउड, चैट जीपीटी, जेमिनाई से कमजोर हो रहा दिमाग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिजिटल युग में चैट जीपीटी, क्लाउड और अन्य जेनरेटिव एआई प्लेटफार्म समय बचाने और जटिल कामों को आसानी से करने के शक्तिशाली साधन बन गए हैं। पर विशेषज्ञों और हालिया अध्ययनों के अनुसार, एआई जितनी आसानी से मदद करता है, उतनी ही तेजी से हमारे दिमाग को धीमा कर रहा है। 1,222 लोगों पर किए गए एक अमेरिकी-ब्रिटिश अध्ययन में चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं।

रिसर्च में पाया गया कि एआई टूल के इस्तेमाल से अंकगणित के सवाल हल करने या रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन जैसे टास्क में शुरुआती दौर में प्रदर्शन बेहतर



होता है। लेकिन लंबे समय में नतीजे गिरने लगते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि एआई टूल उपलब्ध न होने पर खुद से कोशिश करने की इच्छा और क्षमता भी कम हो जाती है। रिसर्चरों का कहना है कि किसी कौशल को सीखने के लिए जिद और दृढ़ता बेहद जरूरी है। यह लंबे समय तक सीखने का सबसे मजबूत संकेतक है। अफ्रीका की कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी के डॉक्टरेट के छात्र ग्रेस लियु के मुताबिक, एआई का हर सवाल का तेज जवाब देना यूजर्स के 'सीखने के अवसरों' को कम कर देता है। लियु ने आगे बताया कि एआई किसी खास गतिविधि के लिए नहीं बना है। उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक कैलकुलेटर समीकरण हल करने में मदद करता है, लेकिन तार्किक प्रक्रिया इंसानी दिमाग में ही चलती रहती है। जेनरेटिव एआई पूरी प्रक्रिया खुद संभाल लेता है। साल 2025 में एमआईटी की एक स्टडी में पाया गया कि जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल करके लेख लिखने वाले छात्रों की आलोचनात्मक सोच की क्षमता घट रही है। इसी तरह की अन्य रिसर्च में इस स्थिति को 'संज्ञानात्मक बोझ हटाना' या 'संज्ञानात्मक समर्पण' कहा गया है। यानी दिमाग काम करना कम या बंद कर देता है। फ्रांस की सरकारी रिसर्च संस्थान सीएनआरएस के योआन श्वालेर का कहना है कि इंसानों में ऊर्जा बचाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है।

रिसर्चर कहते हैं कि हम अक्सर आसान रास्ता चुनते हैं, जो काम जल्दी पूरा कर दे। जेनरेटिव एआई इस प्रवृत्ति को और मजबूत कर रहा है। अगर हम कुछ गतिविधियां कभी खुद नहीं करेंगे तो दिमाग उन न्यूरल कनेक्शन्स को बनाए रखने का प्रयास भी नहीं करेगा जिनका इस्तेमाल नहीं हो रहा।

### चौक पर बुजुर्ग को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन।** शहर के व्यस्त टॉवर चौक क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति ने बुजुर्ग आशुतोष सोनी (अब्दालपुरा निवासी) पर गोली चला दी। गोली आशुतोष के पेट में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। घटना के तुरंत बाद हरकत में आई पुलिस ने शहरभर में नाकाबंदी की। देवास गेट थाना क्षेत्र के हरिओम टोल नाके के पास पुलिस ने आरोपी प्रभुलाल मालवीय (50) को घेराबंदी कर धर दबोचा।

CORPORATE
COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES
APPROVED BY MPPMC & AFFILIATED TO MPMSU JABALPUR
Application Invited For Paramedical Faculty
ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSOR, DEMONSTRATOR / TUTOR
• BMLT • B.P.T
• DMLT • O.T. TECH.
Mail your Resume to Principal.ccps@corporatebpl.com
Qualification and salary will be as per MPPMC norms.
Apply within 10 days of the advertisement
CORPORATE CAMPUS
Add:- Hataikheda, Near Patel Nagar, Raisen Road, Bhopal - 462022 (M.P.)
Website:- www.corporatebpl.com / Ph: 6232023729

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।

वर्ष 69 अंक 297 पृष्ठ 12+8=20
भोपाल, शनिवार 25 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


मनुष्य हार के लिए नहीं बना है। मनुष्य नष्ट तो हो सकता है, पर पराजित नहीं हो सकता।
- अर्नेस्ट हेमिंग्वे

## ऑफ बीट

### बच्चे जैसा चेहरा था, 10 लाख में लगवाई दाढ़ी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुरुष अक्सर अपने लुक्स को लेकर असमंजस में रहते हैं कि वे रुकें या क्लीन शेव रहें। एक दिलचस्प और अनोखा मामला सामने आया है, जहां वेंचर कैपिटलिज्म और प्राइवेट एरिया में 30 साल से ज्यादा उम्र के एक व्यक्ति ने खुद को बेहद गंभीर और निजी क्षेत्र में काम करने के लिए 10,000 डॉलर (करीब 9.64 लाख रुपये) खर्च कर 'बियर्ड ट्रांसप्लांट' (दाढ़ी ट्रांसप्लांट) खरीदा। 'द कट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस स्पेशलिस्ट का मानना था कि उनके 'बेबी फेस' (बच्चों जैसे चेहरे) के कारण उनकी संभावनाएं और प्रबंधन (मैनेजमेंट) उन्हें पेशेवर रूप से नौकरी से नहीं लिया गया था। 30 से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने जब प्राइवेट प्राइवेट लिमिटेड और वेंचर कैपिटल में काम करना शुरू किया, तो उन्हें पता चला कि उनकी कम उम्र की शक्ल वाला चेहरा उनके करियर में बड़ा बाधा है।

## 20 आईएएस अधिकारियों के तबादले, 5 जिलों के बदले कलेक्टर

# मंडलोई को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की कमान, खांडे बने सीएम के सचिव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 अधिकारियों के तबादले कर दिए। जिसमें 5 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा को नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है।

सीएम के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के साथ उद्योग और एमएसएमई की कमान भी सौंपी गई है। कमिश्नर सुदाम खांडे की राजधानी में वापसी हुई है। उन्हें सीएम का सचिव बनाया गया है, जबकि भास्कर लक्ष्कार इंदौर संभाग के आयुक्त नियुक्त किए गए। सामान्य प्रशासन विभाग में बतौर उपसचिव रहे अजय कटेसरिया को रतलाम का कलेक्टर बनाया गया है। कुमार पुरुषोत्तम को मंडी बोर्ड के साथ-साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में उपसचिव बनाया गया है। इसी तरह उद्योग विभाग का जिम्मा संभाल रहे राघवेंद्र सिंह को वन विभाग का दायित्व दिया गया है तो वहीं मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अधिकारियों में शामिल संदीप यादव अब जल संसाधन विभाग का जिम्मा संभालेंगे। अभी तक यह विभाग अपर मुख्य सचिव राजौरा देख रहे थे।


नीरज मंडलोई


सुदाम खांडे


राघवेंद्र सिंह


कुमार पुरुषोत्तम


राजेश राजौरा

| | अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नई पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | के. सी. गुप्ता | अपर मुख्य सचिव, कुटीर | अपर मुख्य सचिव, उद्यानिकी* |
| 2 | सचिन सिन्हा | महानिदेशक, प्रशासन अकादमी | अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी |
| 3 | राघबेंद्र सिंह | प्रमुख सचिव, उद्योग | प्रमुख सचिव, वन |
| 4 | संदीप यादव | प्रमुख सचिव, वन | प्रमुख सचिव जल संसाधन |
| 5 | जॉन किंग्सली | सचिव, उद्यानिकी | सचिव, उद्योग |
| 6 | डॉ. सुदाम खाडे | आयुक्त, इंदौर संभाग | सचिव, मुख्यमंत्री |
| 7 | भास्कर लक्षकार | आयुक्त, खाद्य | आयुक्त, इंदौर संभाग |
| 8 | अजय कटेसरिया | अपर सचिव, सामान्य प्रशासन | कलेक्टर, रतलाम |
| 9 | कुमार पुरुषोत्तम | प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड | अपर सचिव, मुख्यमंत्री |
| 10 | रत्नाकर झा | अपर आयुक्त, उज्जैन संभाग | कलेक्टर, अनूपपुर |
| 11 | केदार सिंह | कलेक्टर, शहडोल | अपर सचिव, लोक निर्माण |
| 12 | हर्षल पंचोली | कलेक्टर, अनूपपुर | कार्यपालन संचालक एप्को |
| 13 | अदिति गर्ग | कलेक्टर, मंदसौर | ओएसडी खाद्य विभाग |
| 14 | प्रीति यादव | कलेक्टर, आगरा मालवा | कार्यकारी संचालक, औद्योगिक विकास निगम |
| 15 | मिशा सिंह | कलेक्टर, रतलाम | कलेक्टर, शहडोल |
| 16 | गुरु प्रसाद | उप सचिव, मुख्यमंत्री | कलेक्टर, खरगोन |
| 17 | दिव्यांक सिंह | अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन | कलेक्टर, मंदसौर |
| 18 | डॉ. शेर सिंह मीना | आयुक्त, नगर निगम सतना | कलेक्टर, आगरा मालवा |
| 19 | सिद्धार्थ जैन | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर | उप सचिव, मुख्यमंत्री |
| 20 | हिमांशु प्रजापति | कार्यकारी संचालक, औद्योगिक विकास निगम | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर |

**ये कलेक्टर बदले**
शहडोल कलेक्टर केदार सिंह के स्थान पर मिशा सिंह को पदस्थ किया गया है। उन्हें रतलाम से शहडोल भेजा गया है। इसी तरह हर्षल पंचोली कलेक्टर अनूपपुर को कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर अपर आयुक्त उज्जैन रत्नाकर झा को अनूपपुर का कलेक्टर बनाया।

# नीट पेपर लीक पर एमपी में चार फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित

## सीएम ने किया था ऐलान, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**विशेष संवाददाता, भोपाल/जबलपुर।** परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, प्रतिरूपण, अनुचित साधनों के उपयोग और अन्य परीक्षा संबंधी अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए मध्यप्रदेश में चार विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर दिया गया है। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने चारों विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय के गठन का आदेश शुक्रवार रात जारी कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोपहर को ही पन्ना में परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए सख्त व्यवस्था का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की थी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की पहल पर भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशों को विशेष न्यायालय का दायित्व सौंपा गया है। ये न्यायालय अधिनियम, 2024 के साथ भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दर्ज संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था लोक परीक्षाएं (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत लागू की है। इसके तहत चार्जशीट दाखिल होने की तिथि से तीन माह के भीतर विचारण पूरा कर निर्णय सुनाने का हरसंभव प्रयास किया जाए। इससे परीक्षाओं में गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई हो सकेगी।


पन्ना में मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।

### युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार दोपहर पन्ना के होमगार्ड मैदान आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हम चाहते हैं कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिलें। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या अगले दो सालों में 52 हो जाएंगी। इसी तरह वर्तमान में प्रदेश में 5.500 स्नातक(यूजी) मेडिकल सीटों को बढ़ाकर 10,000 करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दिशा में हम निरंतर आगे बढ़ रहे है। पन्ना में भी अगले साल मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 35 लाख से अधिक हितग्राहियों को लगभग 210 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने पन्ना के बृहस्पति कुंड पर 8 करोड़ लागत से सौंदर्यीकरण के अंतर्गत निर्मित ग्लास फ्लोर और व्यू प्वाइंट सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। यह कांच के फ्लोर वाला व्यू प्वाइंट पर्यटन को बढ़ाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्पीकर हाफिज उद्दीन अहमद ने स्वीकार कर लिया है। चूंकि राष्ट्रपति का पद खाली है, इसलिए संविधान के अनुसार, नए राष्ट्रपति के पद संभालने तक स्पीकर राष्ट्रपति का काम करेंगे। स्पीकर ने कहा कि वह बहुत बीमार हैं। उन्होंने इसलिए इस्तीफा दिया, क्योंकि कई बीमारियों के फैलने की वजह से वह शारीरिक और मानसिक रूप से राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद का काम करने में असमर्थ हैं। बांग्लादेश के आउटलेट प्रथम आलो के अनुसारसंविधान के आर्टिकल 50 (3) के अनुसार, राष्ट्रपति स्पीकर को भेजे गए अपने साइन किए पत्र के ज़रिए इस्तीफा दे सकते हैं और आर्टिकल 54 में कहा गया है कि अगर राष्ट्रपति का पद खाली है या अगर वह गैरहाजिरी, बीमारी या किसी और वजह से अपना काम नहीं कर पा रहे हैं, तो स्पीकर तब तक राष्ट्रपति का काम करेंगे जब तक नया राष्ट्रपति नहीं चुना जाता।



## हिमाचल के लाहौल स्पीति में भूस्खलन के कारण भीषण हादसा

# पहाड़ से सीधे टाटा सूमो पर गिरी बड़ी चट्टान, 13 लोगों की मौत, दो घायल

**कुल्लू, जेएनएन।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति में शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की जान चली गई। यह हादसा उदयपुर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब एक टाटा सूमो वाहन बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की मुख्य सड़क पर कूनाला-राहौली के पास पहाड़ी से अचानक गिरी भारी चट्टान की चपेट में आ गया। जिसके चलते वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि पहाड़ी धंसने की वजह से चट्टान का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। जो टाटा सूमो वाहन (एचपी-01एम-2210) इस हादसे की चपेट में आया वह कुल्लू से पांगी जा रहा था और उसका इस्तेमाल एक टैक्सी के रूप में हो रहा था।



### चंबा जिले के रहने वाले थे सभी मृतक

उधर लाहौल स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हैं और उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हादसा चंबा जिले के पांगी और लाहौल स्पीति जिले के सीमावर्ती इलाके में हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल की पुलिस चौकी तिंदी और उदयपुर थाना पुलिस मौके पर मौजूद है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# कोर्ट की कार्यवाही पोस्ट व शेयर करने पर लगी रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व अनुमति कोर्ट की कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने साफ किया है कि इस आदेश का न्यूज रिपोर्टिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने पीआईएल पर अंतरिम आदेश पारित किया। कोर्ट ने पत्रकार हर्षिता ग्रोवर की तरफ से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते यह अंतरिम आदेश पारित किया है। सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल या संबंधित हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना न्यायिक कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को निकालना, संशोधित करना, प्रसारित करना, उससे कमाई करना, पोस्ट, रीपोस्ट या अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा।



**कहा- 24×7 एंटरटेनमेंट चैनल नहीं कोर्ट**

# उप्रः पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हादसे में इंदौर के दो युवकों की मौत

**सहारनपुर, जेएनएन।** यूपी के सहारनपुर स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक से विस्फोट हो गया। पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट से काम करने वाले मजदूरों के चीथड़े उड़ गए। धमाका इतना जबरदस्त था कि उसकी आवाज करीब तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी और गुजर रहे वाहन तक हिल गए। हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि ठेकेदार समेत दो मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। आशंका है कि वे मलबे में दबे हो सकते हैं। गंगोह-बिड़ौली मार्ग पर गांव कुंडाबसी के पास स्थित पटाखा निर्माण इकाई में शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। 20 मजदूर काम में लगे थे। हादसे में 23 वर्षीय दीपराज और 25 वर्षीय संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों इंदौर जिले के रहने वाले थे।



### धमाके से उड़ीं दीवारें और टीनशेड

साथ काम कर रहे मजदूरों के मुताबिक आकाश और राहुल भी विस्फोट वाले हिस्से में मौजूद थे। देर शाम तक उनका पता नहीं चल सका। उनके मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। विस्फोट इस कदर तेज था कि फैक्ट्री की दीवारें और टीनशेड पूरी तरह उड़ गए। मलबा और शवों के अवशेष दूर तक बिखर गए। पुलिस और राहत दल ने घंटों तक मौके पर खोजबीन कर शवों के अवशेष एकत्र किए।

## 'शिक्षकों की एसआईआर में ड्यूटी क्यों लगाई'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के लिए स्कूल शिक्षकों की तैनाती पर चुनाव आयोग (ईसीआई) से कड़े सवाल किए। अदालत ने कहा, 'क्या आर्टिकल 324 की आड़ में आप अपनी मर्जी से कुछ भी करते हैं?' बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि आखिर किस कानूनी अधिकार के तहत स्कूल शिक्षकों को एसआईआर ड्यूटी के लिए लगाया जा रहा है। भले ही आयोग इन कर्मचारियों को 'वॉलंटियर' कहता हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि उनके पास यह ड्यूटी स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। कोर्ट ने सुझाव दिया कि यदि यह वास्तव में स्वैच्छिक है तो आयोग हलफनामे में इसका जिक्र करे।

**शोध** हार्ट अटैक के मरीजों में ज्यादा मिले माइक्रोप्लास्टिक के कण

# दिल के लिए खतरा बन रहा माइक्रोप्लास्टिक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** माइक्रोप्लास्टिक अब हार्ट को भी नुकसान कर रहा है। इटली में हुई एक नई रिसर्च में यह दावा किया गया है। रिसर्च में पाया गया कि हार्ट अटैक से जूझ रहे मरीजों के खून में माइक्रोप्लास्टिक और नैनो प्लास्टिक के कण मिले हैं। सामान्य लोगों की तुलना में हार्ट अटैक के मरीजों में माइक्रोप्लास्टिक के कण ज्यादा मिले हैं। यह हार्ट अटैक आने का भी एक कारण हो सकते हैं। इस रिसर्च को जर्नल यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ कैंपेनिया लुइगी वानविटेली के शोधकर्ताओं ने 61 मरीजों के ब्लड सैंपल लिए थे। इन 61 मरीजों के ब्लड सैंपलों से पता चला कि गंभीर हार्ट अटैक वाले 84 प्रतिशत मरीजों के खून में माइक्रोप्लास्टिक या नैनोप्लास्टिक थे। जिन लोगों को पहले से ही कोई हार्ट की बीमारी थी उनमें 40 फीसदी मरीजों में ये कण मिले थे। रिसर्च में यह भी पता चला कि जिन मरीजों के खून में प्लास्टिक मिला, उनमें 97 प्रतिशत मामलों में पॉलीएथिलीन पाया गया था।



### सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का बनता है कारण

यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित इस रिसर्च में बताया गया है कि माइक्रोप्लास्टिक शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का कारण बनता है। यह दोनों चीजें हार्ट अटैक के खतरे को और बढ़ा देती हैं। हालांकि, इस अध्ययन से यह साबित नहीं होता कि माइक्रोप्लास्टिक सीधे हार्ट अटैक का कारण बनते हैं। लेकिन यह जरूर पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक से हार्ट अटैक आने का रिस्क बढ़ रहा है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

अमेरिका की प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डाइटिशियन मिशेल राउथेनस्टीन ने कहा कि यह रिसर्च माइक्रोप्लास्टिक और हार्ट डिजीज के बीच के संबंध का पता लगाने के लिए की गई थी। इसमें पता चला कि दिन के मरीजों के ब्लड सैंपल में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद है। इससे यह पता चलता है कि ये हार्ट तक को नुकसान कर रहे हैं। हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि केवल माइक्रोप्लास्टिक ही हार्ट अटैक की वजह हैं, लेकिन इसको अब अलर्ट रहने की जरूरत है।

### माइक्रोप्लास्टिक क्या होते हैं

पैकेज्ड फूड, हवा में मौजूद धूल, सिंथेटिक कपड़ों से निकलने वाले रेशों में पाए जाते हैं। सांस के जरिए ये शरीर में पहुंच जाते हैं। बीते कुछ सालों में कई स्टडी हुई भी हैं जिनमें यह पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक इंसानों के खून और लंग्स में भी मिले हैं। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि इनसे पूरी तरह बचाव संभव नहीं मानते, लेकिन एक्सपोजर कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि किसी भी रूप में प्लास्टिक का कम से कम यूज करें।


www.pmfby.gov.in

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

UIN:IRDAN126RP0001V01201617

खरीफ-2026

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

CROP INSURANCE MONTH 1st-31st July, 2026 PMFBY

भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित

खरीफ मौसम हेतु अधिसूचित फसलें : धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, मक्का, बाजरा, अरहर/ तुअर, ज्वार, कोदो-कुटकी, मूगंफली, तिल, कपास, मूंग एवं उडद



वित्तीय संस्थाओं व कृषकों के लिए मुख्य बिन्दु :
- सभी कृषकों का बीमा कवरेज भारत सरकार के पोर्टल **pmfby.gov.in** द्वारा ही स्वीकृत होगी।
- प्रीमियम राशि केवल **NCIP-Portal** के भुगतान गेटवे **Pay-Gov.** द्वारा ही भेजी जाए।
- सभी कृषकों का आधार नंबर होना अनिवार्य है।

व्हॉटस्अप पर हमसे जुड़े
पीएमएफ़बीवाई चैट बॉट 7065514447

किसान द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का मात्र 2%

बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31/07/2026

शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए एआईसी. के वेबसाइट: https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।

HO/26-27/1A/11



आवश्यक प्रपत्र :
- आधार कार्ड
- बैंक पासबुक की छायाप्रति
- भूमि संबंधित दस्तावेज (खतौनी)
- फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का स्वघोषणा पत्र

बीमा करवाने हेतु संपर्क करें :
- बैंक की किसी निकटस्थ शाखा/सहकारी समिति (जहां उनका बचत खाता है)
- ग्राहक सेवा केन्द्र/ कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)
- फसल बीमा पोर्टल (www.pmfby.gov.in) पर ऑनलाइन
- क्रॉप इंश्योरेंस एप (Crop Insurance App)
- ए.आई.सी. के प्रतिनिधि/कार्यालय अथवा अधिकृत इन्टरमीडियरीज

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड
क्षेत्रीय कार्यालय : जीवन शिखा, केंद्रीय आंचलिक कार्यालय, 60-बी, प्रथम तल, उत्तर विंग, होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462011, फोन : 0755 - 2676695, ई-मेल : ro.bhopal@aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालयः प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएनः U74999DL2002PLC118123 आई.आर.डी.ए. पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।

Website : www.aicofindia.com
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)